वर्ष-31, अंक- 274, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
21 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### संसद का मानसून सत्र आज से

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान केंद्र सरकार 8 नए विधेयक पेश करेगी और अन्य लंबित विधेयकों पर भी चर्चा होगी। सरकार का मुख्य ध्यान आयकर विधेयक 2025 पर है, जिसे बजट सत्र में 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था। आयकर विधेयक को भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा की अध्यक्षता वाली संसद की चयन समिति ने संशोधनों के साथ स्वीकार कर लिया है। अब इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद संसद में पारित करने के लिए लाया जाएगा। अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 शामिल है। इसके अलावा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को हर छह महीने में संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, इसलिए इसके विस्तार के लिए भी एक विधेयक लाया जाएगा। जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2025 भी इस सत्र में पेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य कारोबारी सुगमता और नियामक अनुपालन में सुधार करना है। इसके अलावा, अन्य सात विधेयकों पर भी चर्चा होगी, जो पहले पेश किए जा चुके हैं। यह सत्र सरकार और विपक्ष के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा का केंद्र होगा। विपक्ष ने भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की है।

### भाकपा माओवादी का स्मृति सभा, तीन को बंद का ऐलान

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के पूर्वी रीजनल ब्यूरो ने 20 जुलाई से 3 अगस्त तक झारखंड में स्मृति सभा आयोजित करने का ऐलान किया है। साथ ही तीन अगस्त को झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, बंगाल और असम में बंद का आह्वान किया है। पूर्वी रीजनल ब्यूरो प्रवक्ता संकेत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बंद का आह्वान किया है। माओवादियों ने इस दौरान अपने प्रभाव क्षेत्र में सभाएं और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। राज्य पुलिस प्रवक्ता और आईजी अभियान डॉ. माइकल एस. राज ने बताया कि माओवादियों की योजना की जानकारी मिली है।

# सलैया के बच्चों की जिंदगी हर रोज़ जोखिम में

- दुमुहान नदी पर पुल नहीं बारिश में गांव बन जाता है टापू
- बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांव, जर्जर खंभों के सहारे स्कूली बच्चे पार करते हैं नदी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** एक ओर जहां देश चंद्रयान की सफलता पर गर्व कर रहा है, वहीं दूसरी ओर चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत सलैया गांव के ग्रामीण अब भी जुगाड़ टेक्नोलॉजी के भरोसे जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

गांव के पास बहने वाली दुमुहान नदी पर पुल नहीं है, और यह कोई नई समस्या नहीं है। ग्रामीण वर्षों से पुल निर्माण की गुहार लगाते आ रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक तंत्र और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता ने इस मांग को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

जान जोखिम में डालकर नदी पार करते स्कूली बच्चे



बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। बिजली के जर्जर खंभों को जोड़कर ग्रामीण जैसे-तैसे नदी पार करते हैं। सबसे ज्यादा खतरा स्कूली बच्चों को झेलना पड़ता है, जिन्हें हर दिन अपनी जान हथेली पर रखकर स्कूल जाना पड़ता है। विडंबना यह है कि जब देश डिजिटल इंडिया के नारे बुलंद कर रहा है, तब सलैया गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। बारिश आते ही गांव पूरे जिले से कट जाता है और टापू में तब्दील हो जाता है। न वाहन चल पाते हैं, न किसी प्रकार की आपात सेवा गांव तक पहुंच पाती है।

बीमार पड़ने पर ग्रामीणों को खाट पर लाद कर, उसी खतरनाक रास्ते से नदी पार कराना पड़ता है। दूसरी ओर नदी के पार स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, दुमुहान में आसपास के कई गांवों के बच्चे पढ़ाई करते हैं, जो हर रोज़ तेज धार वाली नदी में बिजली के खंभों के सहारे स्कूल पहुंचते हैं। तेज बारिश होने पर नदी में बाढ़ आ जाती है, और फिर यह रास्ता सिर्फ जानलेवा नहीं, बल्कि पूर्णतः असंभव बन जाता है। यह न सिर्फ प्रशासन की लापरवाही का प्रमाण है, बल्कि सरकार के विकास दावों की भी खुली पोल खोलता है। सलैया जैसे गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं, और सिर्फ वादों पर जिन्दा हैं।

## देश में पहली बार झारखंड सरकार लांच करेगी कोयला खदान पर्यटन

# माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट के लिए एमओयू आज

- जेटीडीसी और सीसीएल के बीच होगा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार राज्य में पर्यटन के विकास के लिए नई पहल कर रही है। झारखंड अपनी खनिज संपदा और खनन क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को पर्यटन के रूप में विकसित करने जा रहा है। झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सहयोग से देश में पहली बार माइनिंग टूरिज्म की शुरुआत होगी। इस परियोजना को धरातल पर शेष पेज 11 पर...



### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेमंत सोरेन सरकार कर रही नई पहल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रत्यनशील हैं। हेमंत सोरेन सरकार पर्यटन के विकास के लिए इस क्षेत्र में नई पहल भी कर रही है। राज्य में ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट भी महत्वपूर्ण है। झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन उद्योग की नई संभावनाओं को समझने के लिए राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार अपनी टीम के साथ विदेश यात्रा पर भी गए थे।



### माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट में तीन सर्किट बनाए जाएंगे

माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट के तहत तीन सर्किट बनाए जा रहे हैं, जिनमें पर्यटकों को रांची से ले जाकर खनन क्षेत्रों और आसपास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराकर वापस रांची लाया जाएगा। इन सर्किट में पिपरवार का कायाकल्प वाटिका, रे अंडरग्राउंड माइंस, तिरु फॉल, नॉर्थ उरीमारी माइंस, पलानी फॉल्स, पतरातू वाटर पार्क, सिकिदिरी घाटी, रजरप्पा मंदिर, भुरकुंडा माइंस, पतरातू डैम और पतरातू घाटी जैसे स्थल शामिल होंगे। पर्यटकों को दिए जाने वाले पैकेज में नाश्ते से लेकर लंच तक की व्यवस्था की जाएगी।

## बालूमाथ की नक्सली घटना पर डीआईजी का कड़ा रुख, कहा–

# मूकदर्शक बने जवानों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- फायरिंग व हाइवा में आगजनी को बताया सुरक्षा तंत्र की गंभीर विफलता, टीम लीडर निलंबित

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मगध परियोजना अंतर्गत चढ़तापहाड़ इलाके में बीती रात कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गिरोह ने एक हाईवा वाहन में आग लगा दी और अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है। घटना के वक्त करीब 40 एसआईएसएफ जवानों की तैनाती थी, जो हथियारों से लैस थे, लेकिन इसके बावजूद किसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई नहीं की गई। इस पर पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसे सुरक्षा प्रबंधन की गंभीर चूक बताया। डीआईजी नौशाद आलम ने साफ कहा कि इस स्तर की निष्क्रियता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पहथियारबंद बलों की मौजूदगी ओमें यदि अपराधी निडर होकर वारदात को अंजाम दे जाते हैं, तो यह नेतृत्व की पूरी विफलता है। इसी आधार पर संबंधित टीम लीडर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि बालूमाथ थाना से एक सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजा गया है, जो स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा। डीआईजी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अब ऐसी घटनाओं पर चुप्पी नहीं, कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। नक्सल गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी, और लापरवाही बरतने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर नहीं है, और यदि किसी ने भी अपनी जिम्मेदारी से चूक की, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद डीआईजी ने एसआईएसएफ कमांडेंट से दूरभाष पर बातचीत कर जवानों को मानसिक रूप से तैयार रखने और उन्हें प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे ऑपरेशन में केवल प्रशिक्षित और दृढ़ मनोबल वाले जवानों को ही लगाया जाए, और कमांडेंट स्वयं इनकी समीक्षा करें।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# सर्च अभियान में 14 आईईडी व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**पश्चिम सिंहभूम।** झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा और सरायकेला-खरसावां जिले के सीमावर्ती जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में रविवार को चलाए गए विशेष सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के जरिये छिपाकर रखे गए 14 आईईडी, देशी हैंड ग्रेनेड, अमोनियम नाइट्रेट पाउडर, पटाखा पाउडर और स्टील कंटेनर बरामद किए हैं। बरामद आईईडी का वजन लगभग 2-2 किलोग्राम बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा एवं अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसके लिए उन्होंने टोकलो थाना क्षेत्र (पश्चिमी सिंहभूम) और कुचाई थाना क्षेत्र (सरायकेला-खरसावां) की सीमावर्ती पहाड़ियों में विस्फोटक छिपा रखे थे ताकि सुरक्षा बलों के अभियान को बाधित किया जा सके और उन्हें निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाया जा सके। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने गुप्त सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, सरायकेला-खरसावां पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बटालियन की संयुक्त टीम ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। सुरक्षा की दृष्टि से सभी आईईडी और अन्य विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## मां उग्रतारा मंदिर हुई चोरी की घटना से लोगों में भारी आक्रोश

# मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें प्रशासन : प्रकाश राम

- नाईट गार्ड और पेट्रोलिंग की आवश्यकता
- प्रतुल नाथ शाहदेव ने मंदिर परिसर पहुंचकर ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** सनातन धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र मां नगर भगवती के मंदिर में चोरी की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए लातेहार विधायक प्रकाश राम ने इसे अति निंदनीय बताया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पुलिस प्रशासन इस घटना में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। प्रशासन गंभीरता के साथ इस मामले का उदभेदन करें। दोषी किसी सूरत में बचना नहीं चाहिए। इसके अलावा उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की घटना को रोकने के लिए मंदिर परिसर में नाइट गार्ड और पुलिस पेट्रोलिंग की भी बात कही। प्रकाश राम ने कहा कि मंदिर के सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन से बात करूंगा, जो भी संभावित कार्य और योजना मंदिर हित के लिए होगा उसे किया जायेगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव माँ उग्रतारा मंदिर परिसर पहुंचे जहां उन्होंने दान पेटी से हुए चोरी की जानकारी प्राप्त की। शेष पेज 11 पर...

### गिरफ्तार को लेकर निकाला कैंडल मार्च

सनातन धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र मां नगर भगवती मंदिर में हुए चोरी की घटना के विरोध में सांकेतिक आंदोलन के तहत शहर के सैकड़ों युवाओं ने प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज के नेतृत्व में इंदिरा गांधी चौक से चंदवा थाना तक कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या युवा शामिल हुए। थाना के समीप पहुंचने के बाद कैंडल मार्च सभा में तब्दील हो गई।

इंडिया

# जलेबी समोसे ही नहीं फास्टफूड से खतरे में है जिंदगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने हाल ही में सभी मंत्रालयों और सरकारी विभागों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे अपने कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों में चीनी और वसा की मात्रा की जानकारी प्रदर्शित करें जिसे लेकर सोशल मीडिया में भ्रामक ख़बरें चल रहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने स्कूलों और कार्यालयों में भी ऐसा करने का प्रस्ताव रखा था । भारत में शाम होते ही सड़क किनारे समोसे की दुकानों और जलेबी की कड़ाहियों के पास भीड़ लग जाती है जहां एक ही तेल में बार-बार समोसे या जलेबी छानी जाती है । चाय की प्याली के साथ गरमा-गरम समोसे और रस से भरी जलेबियां खाने का अपना ही मजा है भारत में अनेक राज्यों में ये सबसे लोकप्रिय और सस्ते खाद्य पदार्थ हैं जिसका स्वाद सभी को भाता है। दूसरी ओर आरामतलब जीवनचर्या के कारण शुगर और हृदय रोग की राजधानी बनते जा रहे इंडिया में यह शरीर के लिए खतरनाक भी साबित हो सकते हैं । खासतौर पर तब जब इसे हफ्ते में कई बार खाया जाए।हृदय रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि समोसे, जलेबी, कचौड़ी और फास्टफूड जैसी तली भुनी चीजों का स्वाद तो लुभावना होता है पर ये दिल और शरीर के लिए नुकसानदायक हैं। एक मीडियम साइज के समोसे में लगभग 150 से 200 कैलोरी होती है। इसमें ना तो कोई खास विटामिन होता है ना ही मिनरल्स। इसी तरह जलेबी भी सिर्फ मैदे और चीनी से बनती है जो शरीर को सिर्फ फैट और शुगर देती है।डॉक्टर का कहना है कि बीते कुछ सालों में भारत में मोटापा डायबिटीज हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आजकल 35 से 40 साल की उम्र के लोगों में हार्ट ब्लॉकेज जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं जो पहले 55 साल के बाद देखने को मिलती थीं। इसका मुख्य कारण है कि हमारा खानपान असंतुलित और अनहेल्दी होता जा रहा है। सरकार भी अब ई-ट्राईट इंडिया जैसे प्रोजेक्ट के जरिए लोगों को जागरूक कर रही है कि वे जो भी खाएं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। उदाहरण के तौर पर एक समोसे में 261 कैलोरी होती है। जिसमें



17 ग्राम फैट और 24 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है। वहीं 100 ग्राम जलेबी में 300 कैलोरी होती है और 38 ग्राम सिर्फ चीनी होती है। अगर आप इनसे मिली कैलोरी को बर्न करना चाहते हैं तो आपको या तो 80 मिनट वॉक करनी होगी। 25 मिनट रनिंग करनी होगी या 45 मिनट साइकिल चलानी पड़ेगी। इसलिए डॉक्टर सलाह देते हैं कि इस तरह की चीजें हफ्ते में सिर्फ एक बार खाएं और रोजाना के खाने में सलाद, दाल, चने और प्रोटीन से भरपूर चीजें शामिल करें। समोसे-जलेबी हों या पिज्जा-बर्गर जैसे फ़ास्ट फूड, स्वाद तो अच्छा है लेकिन गैस की बड़ी समस्या इन्हीं से होती है जो बाद में मोटापे का कारण बनती है। ऐसे में तो उचित है कि सार्वजनिक स्थानों जैसे कैफेटेरिया, लॉबी, मीटिंग रूम और अन्य पब्लिक प्लेस में ऑयल और शुगर बोर्ड (डिजिटल/पोस्टर) डिसप्ले किए जाएं, ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके। सभी आधिकारिक स्टेशनरी, जैसे लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फोल्डर आदि पर स्वास्थ्य संबंधी संदेश छापे जाएं ताकि मोटापे से लड़ने के लिए प्रतिदिन की याद दिलाई जा सके। ऑफिस में हेल्दी फूड का विकल्प हो, जैसे फल, सब्जियां, कम फैट वाले फूड को बढ़ावा दिया जाए और मीठे पेयों और अधिक फैट वाले स्नैक्स की उपलब्धता को सीमित किया जाए। एनऍफ़एचएस-5 (2019-21) की रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी इलाकों में हर पांचवां वयस्क मोटापे से ग्रस्त है। 2025 में प्रकाशित 'लैंसेट जीबीडी स्टडी' के अनुसार, भारत में ज्यादा वजन और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी जो 2050 तक 44.9 करोड़ हो जाएगी। मोटापा डायबिटीज, हाई बीपी, हृदय रोग और कुछ कैंसर के जोखिम को काफी बढ़ा देता है।समोसे, पकौड़े, कचौड़ी, चिप्स, पिज्जा में कार्बोहाइड्रेट, सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट ज्यादा होने की वजह से यह हार्ट को नुकसान कर सकते हैं। यह सिर्फ समोसे या जलेबी की बात नहीं है, हर ऐसे फूड प्रोडक्टस की बात है जिसे तला जाता है, जिसमें तेल ज्यादा इस्तेमाल होता है शुगर ज्यादा होता है, चाहे जलेबी हो या रसगुल्ला, इन सबसे सेहत को नुकसान है। कोई समोसा और जलेबी खा रहा है तो इसका मतलब है कि यह डायरेक्ट कोलेस्ट्रॉल खाने की तरह है। समझ सकते है कि कितना नुकसान हो सकता है।शिवेसना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा ने कहा कि देश में मल्टीनेशन कंपनियों द्वारा बेचे जा रहे पैकेज्ड फ्रूट जूस,शुगर ड्रिंक कोल्ड ड्रिंक, आयातित जंक फूड पर भी समान चेतावनी होनी चाहिए। देवड़ा, संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। आज सबसे बड़ी विज्ञापनदाता यही कंपनियां हैं इसलिए आत्मसंयम और जागरूकता से ही बचाव संभव है।

# ग्रामीणों ने तीन संदिग्ध युवकों की पिटाई कर किया पुलिस के हवाले



नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला में बीती देर रात एक बजे के लगभग राजनगर प्रखंड के ईचा गांव में डकैती की मंशा से घूम रहे तीन संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पहले उनकी जमकर पिटाई की फिर उन्हें बिजली के पोल से बांध दिया। एक युवक के हाथ गुच्छा से बांध दिए गए थे। इसके बाद तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, तीनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव के आसपास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। उनकी हरकतों पर शक होने पर सतर्क ग्रामीणों ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर एक युवक के पास से अवैध देशी पिस्तौल और नाइन एमएम की जिंदा गोली बरामद हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने बांधकर उनकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान वीरेंद्र सिंह, पिंटू कुमार और आकाश हेंब्रम के रूप में हुई है।

### हैदरनगर शहर का मुख्य मार्ग में जलजमाव

# सड़क में बने गढ्ढे से लोगों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पंचायती राज प्रणाली के क्रियान्वयन के बाद ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकास कार्य की बड़ी सपना जगी थी। किंतु 12 साल में भी शहरी क्षेत्र की समस्या यथावत रह जाए, इससे बड़ी हास्यास्पद बात और कुछ नहीं हो सकती। पलामू जिले के एक लाख से उपर आबादी वाला हैदरनगर प्रखंड का इलाका आज भी सुदृढ़ नाली गली से वंचित है। ऐसी बात भी नहीं कि इस प्रखंड को केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न मद से विकास के पैसा नहीं मिलते। किंतु प्रतिनिधि की उदासनिता से इस शहर के सभी गली मु को नारकीय जीवन से उबारा नहीं जा सका। रविवार को दूसरे पहर वर्षा के एक झोंका ने ही महत 100 फीट पीसीसी को ही जानलेवा बना दिया। मामूली इतनी लंबी पीसीसी में दर्जन से अधिक गड्ढा और उसमें जलजमाव ने पैदल राहगीरों और दोपहिया चालकों को चलना मुश्किल करदिया। यह हालात इस शहर के कोईरियाडीह मुहल्ले में परमेश्वर सोनी से रविन्द्र मेहता के घर तक कायम है। इस पथ से जुड़े परमेश्वर सोनी, नागेंद्र सोनी, अनूप कुमार सिंह, कनिष्क कुमार, ज्ञानी कुमार, वरुण सोनी, प्रदीप मेहता, रविन्द्र मेहता, शंभू सोनी आदि ने बताया कि उनके मुहल्ले के जर्जर पीसीसी की मरम्मती के लिए हैदरनगर पूर्वी पंचायत के प्रतिनिधियों के पास विगत ढाई वर्ष से गुहार लगाते आ रहे है। किंतु उन्हें रोना इस बात का है कि वर्तमान की पंचायती राज प्रणाली इस कार्य को पूरा कराने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी बड़ी विकास करने और होने मात्र की बात ही सुनी जाती है। किंतु इस समस्या का निदान एक प्रतिशत भी किसी भी गली मुहल्ले में धरातल पर नहीं उतर सका है।



# विश्रामपुर पुलिस ने चलाया विशेष वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर पुलिस ने रविवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत हेलमेट, सीटबेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी के कागजात आदि की जांच की गई। इसके अलावा गाड़ी का डिक्की खुलवाकर भी गहन जांच किया गया। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे के निदेशानुर्सार जांच अभियान का नेतृत्व कर रहे एसआई बलाराम दास ने बताया कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सभी छोटी-बड़ी गाड़ियों की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान चालकों से हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने का अपील भी किया गया। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने कहा कि आलाधिकारियों के आदेश के आलोक में वाहन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकल चलाने के लिये नहीं दें। जांच अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।



# एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय भंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय को भंग कर तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया । इस संबंध में रजिस्टार ने विश्वविद्यालय लेटर जारी कर शासी निकाय के सचिव को सूचित किया है कि विश्वविद्यालय सिंडिकेट ने महाविद्यालय में दिन प्रतिदिन चल रहे विवाद को देखते हुये शासी निकाय को भंग कर तीन सदस्यीयक्षतदर्थ समिति का गठन किया है। जिसमें जीएलए कॉलेज के डॉ.राजेन्द्र सिंह, इतिहास विभाग को सचिव, डॉ. आरके झा भौतिकी विभाग को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि एवं डॉ. आनन्द कुमार मनोविज्ञान विभाग, एके सिंह कॉलेज, जपला को प्रोफेसर इंचार्ज बनाया है।

### पिपराबांध की जलसहिया ने तिरंगा बनाकर दिए स्वच्छता का संदेश

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत अंतर्गत पिपराबांध की जलसहिया किरण देवी ने तिरंगा बनाकर स्वच्छता का संदेश दिए है। उन्होंने स्केच पेन से सटिक रूप से तीनों रंगों को उकेरित करते हुए इसमें स्वच्छ भारत मिशन के एक कदम और स्वच्छता की ओर संदेश लिखे हैं। ग्रामीणों ने उनकी इस कला की प्रशंसा करते हुए स्वच्छता अभियान के प्रति उनके जज्बे की सराहना की है। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि जलसहिया का इस तरीके से रचनात्मक संदेश देशभक्ति के साथ ही स्वच्छता अभियान के प्रति लगाव की भावना की अभिव्यक्ति का परिचायक है। उन्होंने इसे औरों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया है। बता दें कि इससे पहले इसी पंचायत की जलसहिया शकुंतला देवी ने राष्ट्रीय ध्वज का रंगोली बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया था।

# मुख्य नहर का जलप्रवाह 1879 क्यूसेक किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नबीनगर को मिलने लगा पानी**

**मोहम्मदगंज।** दायीं मुख्य नहर का जलप्रवाह रविवार को बढाकर 1879 क्यूसेक कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि इससे औरंगाबाद जलसंसाधन प्रमंडल क्षेत्र को 100 और नबीनगर क्षेत्र को 967 क्यूसेक पानी मिलने लगा है। सोमवार से मदनपुर क्षेत्र को भी पानी मिलना संभव हो सकता है। इससे धनरोपनी का काम पूरा हो जाएगा। भीमबराज में जल भंडारण की वजह से खरीफ सीजन में सिंचाई को लेकर लक्षित क्षेत्र तक पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बाढ का खतरा टलने के बाद शुक्रवार की शाम 528, शनिवार की सुबह 4.45 बजे 960, 7.10 बजे 1230 जबकि 10.25 बजे इसे बढाकर 14 00 क्यूसेक कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोयल नदी का जलप्रवाह अप स्ट्रीम में 27679 और डाउन स्ट्रीम में 25800 क्यूसेक है। उपरी जल ग्रहण क्षेत्र में बारिश के अनुसार इसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है। उनकी निगरानी में सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार के साथ जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज पूरी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कंट्रोल रूम से भीमबराज के साथ ही मुख्य नहर की पेट्रोलिंग कर लघु वितरणियों पर नजर रखी जा रही है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि फिर बाढ नहीं आई तो मुख्य नहर को नियमित पानी मिलता रहेगा। बता दें कि बुधवार को आई बाढ की वजह से भीमबराज से मुख्य नहर को पानी देना बंद कर दिया गया था।



## न्यूज | बॉक्स

### खतियानी जमीन पर ही बना दिया गया आंगनबाड़ी केंद्र : रविन्द्र सिंह

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय अधीन सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कई अचंभित कारनामे सामने आते रहे हैं। हाल के दिनों में तालाब में नया आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण किया जाना सुर्खियों में है। इस प्रखंड के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा में केन्द्र की चार यूनिट में से एक भवन का निर्माण कार्य बंगला टोला में अंतिम चरण में है। लोगों में आश्चर्य इस बात को लेकर है कि कभी किसानों को पटवन करने वाली इस पोखरा (तालाब) में इस केंद्र के निर्माण की हरी झंडी किसने और किस आधार पर दी गई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इन भवनों के निर्माण पूर्व संबंधित अंचल कार्यालय से एनओसी दी गई होगी। इसके जवाबदेह इस कार्यालय के अधिकारी होंगे। तालाब में हो रहे भवन निर्माण वास्तविक में आज भी सरकारी खतियान में पोखरा है। जिसमें स्वीकृति भी आंख बंद कर दे दी गई। उन्होंने कहा कि कहावत तो सुना था कि प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण की जरुरत होती है। किंतु यहां तो लोगों ने प्रत्यक्ष और प्रमाण दोनों उजागर किया है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल संज्ञान में लेकर दोषी अधिकारी और संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे इससे पंचायत के लोगों के बीच कार्रवाई के प्रति संतोष और विश्वास की किरण ज्वलंत बनी रहे। उन्होंने कहा कि आहार, पिंड, तालाब, नदी की भूमि पर सरकारी भवन का निर्माण किया जाना सरकारी पैसों का शत प्रतिशत दुरुपयोग है।

### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रमादित्य दुबे की पुण्यतिथि मनायी गयी



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पथरही में रविवार को पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रमादित्य दुबे की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावुकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों, भाजपा कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने शिरकत कर स्व. दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय विक्रमादित्य दुबे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने स्व. दुबे के व्यक्तित्व और कार्यशैली को याद करते हुए कहा कि वे एक निष्ठावान कार्यकर्ता, कुशल संगठनकर्ता और जनसेवा के लिए समर्पित नेता थे। उन्होंने पार्टी संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका असमय निधन होना दुखद है। इस मौके पर पूर्व मुखिया मनोरंजन कुमार दुबे, संतोष मिश्रा,समेत अन्य कई समाजसेवियों और स्थानीय नेताओं ने अपने विचार रखे और स्व. दुबे के सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने उन्हें सच्चा जनप्रतिनिधि और समाजहित में सोचने वाला नेतृत्वकर्ता बताया। श्रद्धांजलि सभा में उनके परिजनों की ओर से सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर कृष्ण कांत दुबे, जितेंद्र तिवारी, राजीव रंजन शुक्ला, जयराम तिवारी, अनुज जायसवाल, अभिमन्यु तिवारी, वीरेंद्र कुमार, नरेंद्र मिश्रा, छोटेलाल सोनी, नीलकंठ गिरी, दिनेश तिवारी, शिवशंकर राम, श्यामबिहारी दुबे, पंचम गिरी, ब्रजेश दुबे, संतोष दुबे, विनय तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### लोहबंधा में सरकारी शिक्षक की पदस्थापना की मांग

# ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में सरकारी शिक्षक की पदस्थापना को लेकर जन समाधान शिविर में लोहबंधा गांव के ग्रामीणों ने ओमप्रकाश गुप्ता अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद व एस मोहम्मद याकूब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवेदन दिया। विद्यालय में कम से कम दो सरकारी शिक्षक की पदस्थापना कराने की मांग की हैं। आवेदन सौंपने के पश्चात एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोगों की मांग बिल्कुल जायज है। जल्द ही सम्बन्धित पदाधिकारियों से विद्यालय में सरकारी शिक्षकों की पदस्थापना कराने का प्रयास वह करेंगे। मालूम हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में एक भी सरकारी शिक्षक पदस्थापित नहीं हैं। दो सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) के भरोसे विद्यालय का संचालन होता है। जिसमें एक सहायक अध्यापक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विभागीय कार्यों से हमेशा व्यस्थ रहते हैं। जिस कारण अधिकांश विद्यालय दिवस एक ही शिक्षक के भरोसे संचालन होता है। शिक्षकों के अभाव में इस सुदूरवर्ती लोहबंधा गांव के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चे और बच्चियां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने से कोसों दूर व वंचित हो रहे हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में लगभग दो सौ से अधिक अध्यनरत विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में अविलंब कम से कम दो सरकारी शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। जन समाधान शिविर के दौरान आवेदन देने वालों में लोहबंधा गांव के ग्रामीणों में तौहीद अंसारी, सत्येन्द्र यादव, मसउद आलम, हफीज अंसारी, तैयब आलम, जहांगीर अंसारी, अनिल यादव, आलमगीर अंसारी, युसूफ अंसारी, मिट्ठू भुइयां, विफन भुइयां, अखिलेश यादव, विकास यादव, अयुब अंसारी,अनिल परहिया, रामधीर परहिया सहित पचास से अधिक लोग शामिल थे।

# मवेशियों का किया जा रहा है टीकाकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में मवेशियों को खुरहा, मुंहपका और लंपी जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पशुपालन विभाग के तत्वावधान में निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को पंसा में जिला परिषद सदस्य अंजू देवी और मोहम्मदगंज-कादलकुर्मी पंचायत में मुखिया कमला देवी व अनिता देवी की निगरानी में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण कार्य में भ्रमणशील पशु चिकित्सक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, अनुसेवक विपिन, एआई कर्मी अभिषेक कुमार यादव, संतोष मेहता, धर्मेंद्र राम उर्फ विशाल, धर्मेंद्र मेहता, राजेंद्र विश्वकर्मा ,अमन कुमार, मंगल साह 1962 एंबुलेंस के माध्यम से सराहनीय योगदान दे रहे हैं। चिकित्सक ने बताया कि प्रखंड के सभी 8 पंचायत में 2 अगस्त तक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान बड़ी संख्या में पशुपालक और किसान मवेशियों को लेकर पहुंच रहे हैं। सभी मुखिया का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ी तो टीकाकरण कार्यक्रम की तिथि बढाई भी जा सकती है।



### भूमि संबंधित कैंप 25-26 को

**हुसैनाबाद।** सीओ पंकज कुमार ने बताया कि भूमि संबंधित मामले को लेकर आगामी 25 जुलाई को हुसैनाबाद प्रखंड के महुदंड पंचायत अंतर्गत ग्राम लपसेरा स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय और दिनांक 26 जुलाई 2025 को बेनिकला पंचायत के पंचायत भवन में 11 बजे पूर्वाहन से कैंप आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रचार प्रसार व पत्र जारी कर दी गई हैं। साथ ही संबंधित पंचायत के लोगों को उक्त कैंप में आकर समस्याओं को लेकर पहुंचने की अपील की है। ताकि भूमि संबंधित सभी मामले का निष्पादन किया जायेगा।

# जन वितरण विक्रेताओं ने कमीशन भुगतान की मांग को लेकर वित्त मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत छतरपुर प्रखंड के जन वितरण विक्रेताओं ने वर्षों से लंबित कमीशन भुगतान को लेकर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को एक मांग पत्र सौंपा। विक्रेताओं ने बकाया कमीशन की राशि शीघ्र भुगतान की अपील करते हुए अपनी आर्थिक कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विक्रेताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अप्रैल 2020 से सितंबर 2020 तक छह माह के कमीशन की राशि अब तक नहीं मिली है, जबकि इसके लिए निर्धारित फॉर्म जिला आपूर्ति कार्यालय को पहले ही सौंपा जा चुका है। इसी तरह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के अंतर्गत दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 तक खाद्यान्न वितरण के बावजूद नौ माह का कमीशन भुगतान लंबित है। इसके अतिरिक्त ग्रीन कार्ड धारकों को झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जनवरी 2023 से जून 2025 तक मुफ्त अनाज वितरण किया गया, लेकिन उसका मेहनताना भी अब तक नहीं मिला है। विक्रेताओं का कहना है कि उन्होंने महामारी और अन्य विषम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से सरकारी योजनाओं को लाभुकों तक पहुँचाया, किंतु उन्हें उनके श्रम का समुचित मूल्य नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली ही उनका एकमात्र रोजगार का स्रोत है और वे किसी अन्य सरकारी या निजी सेवा से जुड़े नहीं हैं। विक्रेताओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए बकाया भुगतान शीघ्र कराया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर सकें। इस अवसर पर मांग पत्र सौंपने वालों में मोहम्मद इकबाल आलम, राम जतन राम, प्रदीप कुमार, गुलाम रवानी, चंद्रशेखर पासवान, महेंद्र प्रसाद सिंह, मिथलेश प्रसाद यादव, कृष्ण साव और बलदेव प्रसाद शामिल रहे। वित्त मंत्री ने विक्रेताओं को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।



# विश्रामपुर से 45 कांवरियों का जत्था बस से देवघर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर से 45 कांवरियों का जत्था रविवार को बस द्वारा देवघर बाबाधाम के लिये प्रस्थान किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे व समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा ने कांवरियों के बस को झंडा दिखाकर रवाना किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कांवरियों के मंगलमय यात्रा की कामना की। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि सभी शिव भक्त भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र के खुशहाली और हरियाली की दुआ जरूर मांगेंगे। जत्थे का नेतृत्व कर रहे कांवरिया चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डबलू मिश्रा ने बताया कि देवघर, बासुकिनाथ, राजगीर, रजरप्पा सहित कई धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना किया जायेगा। इससे पहले कांवरियों ने ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। मौके पर द्वारिका यादव,चंदन चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।



# 21 साल पहले बनी कोसीआरा स्टेशन रोड की स्थिति बदहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** 21 साल पहले बना कोसीआरा स्टेशन रोड खस्ताहाल हो गया है। इस बीच मरम्मती नहीं होने से इस रोड में जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जिससे होकर वाहन से अथवा पैदल चलना मुश्किल भरा हो गया है। थोड़ी-सी बारिश में भी जलजमाव हो जाता है। ऐसे में इस पर आवागमन जोखिम भरा होता है। यह सड़क पटखौलिया स्कूल के पास कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ से उक्त स्टेशन को जोड़ती है। जो बटौवा, बरवाडीह, बरडंडा, सबनवां, पटखौलिया, झरी, रमजीता पांती, इमलिया टिकर, सिंघना तेंदुआ, रसूलपुर और डाली सहित अन्य कई गांव के ग्रामीणों के लिए आवागमन का माध्यम है। इस रोड का निर्माण आरईओ ने कराया था। 20002-03 में तत्कालीन विधायक की पहल पर इसे बनाया गया था। पूर्व मुखिया पंचम खान, वर्तमान मुखिया सुदर्शन राम, उमेश राम, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह सहित अन्य कई ग्रामीणों ने इस रोड का पक्कीकरण कराकर इससे आवागमन को सुगम बनाने की मांग की है। उन्होंने विधायक संजय कुमार सिंह से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है।



**प्रतियोगिता**

### छतरपुर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने लिया ओलंपियाड परीक्षा

# ओलंपियाड की परीक्षा में उत्साहित दिखे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर(पलामू)।** रविवार को हॉली ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल छतरपुर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई के द्वारा ओलंपियाड परीक्षा की संपन्न हुई। प्रखंड के सभी निजी विद्यालयों से 200 विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। मौके पर एसोसिएशन इकाई ने कहा कि हमारी पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से यह परीक्षा बेहतर रूप से कदाचारमुक्त संपन्न हुई। आगामी महीना में हम सभी रिजल्ट प्रकाशित करेंगे और सभी बच्चे को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई की ओर से सम्मानित किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष मंटु कुमार यादव ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर कहीं से कोई शिकायत सामने नही आई.बच्चों और अभिभावकों का पूरा सहयोग मिला। आगामी महीना के अंदर हम सभी रिजल्ट प्रकाशित कर देंगे जो विभिन्न माध्यमों से विद्यार्थी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर परीक्षा नियंत्रक फिरोज आलम ने बताया कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों के अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और योग्यता विकसित होती है। अतः हर स्कूल और अभिभावक को बच्चों के हित के लिए बढ़- चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिक्षा ही हर समस्या का समाधान है। परीक्षा को सफल बनाने में टीम के महत्वपूर्ण सदस्य राजेश मिश्रा, रवि सिन्हा,पंकज मिश्रा, गौतम सागर ,उमेश यादव,बिरेंद्र प्रसाद यादव, मनोज भास्कर, विनेश कुमार यादव, अंजना मिश्रा, प्रकाश कुमार, चंदन विश्वकर्मा,अखिलेश सिंह,रंजन कुमार, उमेश विश्वकर्मा सहित अनेकों शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।



### शिवपुरी कॉलोनी में लाखों रुपए की चोरी

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी में चोरों ने धर्मेंद्र कुमार के घर को निशाना बनाकर नकदी जेवरात समेत लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ले गए। भुक्तभोगी ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने भुक्तभोगी के घर जाकर मुआयना करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शहरी क्षेत्र की है। यहां उसका पूरा परिवार रहता है। थाना में दिये गए आवेदन में कहा गया है कि बीती रात परिवार के सभी सदस्यों ने खाना खाने के बाद गहरी नींद में सोए हुए थे। रात में दीवार फांदकर घुसे चोर अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। धर्मेंद्र को घटना की जानकारी रात में ही हो गई थीं। जब शौच करने के लिए उठा तो देखा कि दो लोग दौड़ कर बाहर भागे,जब अंदर गये तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी से चोरी हुए सामान की जानकारी ली।

### 108 एंबुलेंस कर्मचारियों दस्तावेज सत्यापन का किया विरोध

# 22 को रांची में करेंगे प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीगनर।** पलामू के सिविल सर्जन कार्यालय में रविवार को 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की जॉइनिंग को लेकर दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान फाउंडेशन रांची को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन दस्तावेज सत्यापन को कर्मचारी विरोधी बताते हुए कर्मियों ने 22 जुलाई को रांची में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों ने कहा कि कंपनी अपनी मनमर्जी से वेरिफिकेशन कर रही है। कई दस्तावेज धमकी भरे हैं जिससे उनकी परेशानी बढ़ जाएगी। पर्व त्यौहार में छुट्टी नहीं लेने, हड़ताल आदि नहीं करने की चेतावनी दी गई है। ऐसे में सभी कर्मियों ने दस्तावेज वेरिफिकेशन कार्य का विरोध किया और आंदोलन करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि 26 जून 2025 को संस्था एवं कर्मचारी संघ के बीच एक बैठक हुई थी, जिसमें कुल नौ बिंदुओं पर आपसी समझौता हुआ था, परंतु उक्त समझौते के किसी भी बिंदु को संस्था की ओर से लागू नहीं किया गया है। संस्था की ओर से कर्मचारियों को पीएफ (प्राविडेंट फंड), ईएसआईसी तथा लेबर एक्ट के अंतर्गत औपचारिक रूप से नियुक्ति देने की बात कही गई थी। यह तय हुआ था कि सिविल सर्जन की अध्यक्षता में सभी दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। किंतु इसके विपरीत, संस्था की ओर से कर्मचारियों से लेबर एक्ट के विरुद्ध नियुक्ति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं और पीएफ एवं ईएसआईसी से संबंधित कोई भी फॉर्म या प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी एवं अन्य कर्मचारियों की ओर से उपस्थित हो कर इसका विरोध किया गया, तो संस्था के प्रतिनिधियों ने स्थानीय थाना और पुलिस कार्रवाई की धमकी देते हुए उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। संस्था की ओर से झारखंड सरकार एवं श्रम कानूनों का उल्लंघन करते हुए कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की धमकी देते हुए जबरन दस्तावेज सत्यापन के लिए दबाव बनाया गया। संघ की ओर से 22 जुलाई को रांची में सम्मान फाउंडेशन कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद 28 जुलाई से पूरे राज्य में संपूर्ण हड़ताल की घोषणा की गई है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में 100 से अधिक एम्बुलेंस चालक हैं। इधर कंपनी के एचआर मैनेजर संजय कुमार ने शाम चार बजे बताया कि फॉर्म भरने के समय जो भी दस्तावेज लगाए गए थे उसका वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

## गुरुकुल विद्यालय में ग्रीन डे सेलिब्रेशन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीगर।** पाटन मोड़ बटसारा में स्थित गुरुकुल विद्यालय में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राइमरी के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पेड़-पौधों का रूप धारण करके धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

मौके पर गुरुकुल विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्यावरण से जोड़ना अत्यंत ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय परिवार को सराहते हुए हुए कहा कि बच्चों को पर्यावरण से जोड़कर शिक्षा देना ही हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने बच्चों से कहा कि आप पर्यावरण के प्रति जागृत रहे पर्यावरण से हमें जीवन दायीनी ऑक्सीजन प्राप्त होता है। विद्यालय की शिक्षिका अभिलाषा मिश्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे पर्यावरण के प्रति सचेत रहते हैं और उनका लगाव पर्यावरण से बढ़ता है, जो हमारे धरती के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के एक्टिविटी से बच्चों में पर्यावरण के प्रति अच्छी सकारात्मक बातें भरेंगी और उन्हें पर्यावरण के प्रति गहरा लगाव पैदा करेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव, शिक्षक रूपेश सिंह, पवन कुमार मेहता, सतीश कुमार तिग्गा, रजनी सिंह, नेहा शुक्ला, सीमा श्रीवास्तव, संध्या मिश्रा, ललिता कुमारी और अदिति कुमारी ने भाग लिया। इसके अलावा विद्यालय के अन्य कर्मचारी विपिन सिंह, रानी देवी और सुहाग देवी भी उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में अपना योगदान दिया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक का देहांत, शोक की लहर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्त शिक्षक राम व्यास सिंह (78 वर्ष) का निधन 18 जुलाई को रांची अस्पताल में हो गया था। वे 2009 में प्राथमिक विद्यालय वीर धवर (हैदर नगर) से सेवानिवृत्त हुए थे। वे हैदर नगर के पंच पोखरी गांव के मूल निवासी थे। उनके निधन पर बीएन कालेज के मैदान में नगर निगम के उप महापौर मंगल सिंह उर्फ राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें राम व्यास बाबू के गुणों की विस्तार से चर्चा हुई। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटे, दो बेटी, तथा एक भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। शोकसभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में मंगल सिंह उर्फ राकेश कुमार सिंह, हरिवंश प्रभात, विश्वनाथ सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, दिनेश दूबे, श्याम नारायण सिंह, सोमनाथ तिवारी, रबीन्द्र सिंह, जयनारायण सिंह, बद्री नारायण तिवारी,कमला तिवारी, ललन प्रसाद सिंह, कुंडल सिंह, शिव प्रसाद सिंह, सीपी सिंह आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिना वकील के कोई भी बंदी नहीं रहे यह सुनिश्चित हो : डालसा सचिव

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झालसा के निदेर्शानुसार व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डालसा के सचिव राकेश रंजन ने कैदियों को संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्रदत लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कारा में निरुद्ध व्यक्ति बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त वकील प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि कैदियों को अपने मुकदमे की अधतन जानकारी होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से लीगल एड डिफेंस काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता प्रतिदिन जेल में आते हैं व बन्दियों को मुकदमे की जानकारी देते हैं। उन्होंने कहा कि बंदी भी हमारे समाज से आते हैं वे भी जेल से निकलने के बाद समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना वकील के नही रहे यह सुनिश्चित करें। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहा कि हम लोगों की तरह कैदी भी नागरिक हैं। भूल बस अथवा गलत करने से वह जेल में आ गए हैं । लेकिन एक न एक दिन वे भी जेल से निकलेंगे और आम नागरिक की तरह जीवन व्यतीत करेंगे। उन्होंने कहा कि डालसा के द्वारा आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता मुहैया कराया जा रहा है।

मौके पर काराधीक्षक भगीरथ करजी, प्रभारी कारापाल आशीष कुमार ने भी बंदियों को जेल में प्रदत सुबिधा के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि जिन बन्दियों को कोई दिक्कत हो उनतक अपनी समस्या रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल में दो पुरुष पीएलबी व एक महिला पीएलबी है। आपलोग इनलोगों का भी मदद अपने केस के सम्बंध में ले सकते है। मौके पर एलएडीसी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज नीतू सिंह, जेल पीएलभी नीरज सिंह के अलावे सौकड़ों बन्दी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का वितरण



**मेदिनीनगर।** निरंतर चल रहे समृद्धि की रोटी अभियान के तहत शनि मंदिर परिसर और दिव्यांगों राहगीरों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। संस्था की सदस्य संध्या शेखर उनके पति संजीव शेखर एवं उनकी पुत्री साक्षी प्रिया की ओर से खिचड़ी का प्रबंध था, जो प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। शिल्पी गोस्वामी ने भी हमेशा की तरह अपनी ओर से खिचड़ी वितरण किया। आशा शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य सदस्यों का योगदान प्रशंसनीय रहा।

### नाबालिग को घर में बंद कर पीटा

**मेदिनीनगर।** सदर थाना अंतर्गत, कौड़ियां पंचायत के तेलियाबांध गांव निवासी, ताहिर हुसैन अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र मोनू अंसारी कों पड़ोस के रहने वाले अली मोहम्मद अंसारी, शाकिदा बीबी ने घर में बंद कर के पीटा। पिटाई से नाबालिग का दाहिना हाथ टूट गया है और शरीर पर गंभीर चोटें आई है। नाबालिग मोनू के घरवालों ने बताया कि दोपहर को अपने आंगन में खेल रहा था, तभी वह घटना घटी। उसे आनन फानन में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, और उसका इलाज कराया गया। उधर सदर थाने में इसकी शिकायत की गई है फिर भी आरोपी को पकड़ने के बजाय, पुलिस द्वारा मोनू के परिजनों को बार बार थाना बुलाया जा रहा है।

### एकता पथ गायत्री नगर में युवती से छेड़खानी की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शनिवार सुबह लगभग 8 बजे शहर थाना को सूचना मिली कि एकता पथ स्थित गायत्री नगर सुदना के पीछे एक युवक ने एक युवती के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म का प्रयास किया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों को अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित छापेमारी करते हुए अभियुक्त अभिषेक कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता ओम प्रकाश प्रसाद, वर्तमान पता- बाईपास रोड (सिंचाई विभाग), थाना शहर, तथा स्थायी पता- ग्राम रहनबीघा, थाना उंटारी रोड, जिला पलामू को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में पु०अ०नि० संगीता कुमारी झा, स०अ०नि० अजय कुमार गुप्ता (प्रभारी टीआईपी-III), टाइगर आरक्षी चंद्रप्रकाश शुक्ला (बॉडी संख्या-145), आरक्षी सतेन्द्र यादव (बॉडी संख्या-1961), पंचम तिवारी (बॉडी संख्या-72) और नंदलाल पटेल (बॉडी संख्या-2012) शामिल थे। इस मामले में शहर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

### गश्ती के दौरान संदिग्ध युवक से देसी कट्टा और जिंदा गोली बरामद, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** लगभग 11:45 बजे शहर थाना पुलिस गश्ती के दौरान कोयल नदी किनारे से शिवाला रोड की ओर जा रही थी, तभी एक युवक संदिग्ध स्थिति में घूमता हुआ नजर आया। पुलिस वाहन देखते ही वह भागने लगा। संदेह होने पर गश्ती दल ने उसका पीछा किया और पास के एक नवनिर्मित मकान के पास से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गुलामे मुस्तफा उर्फ गुड्डु, पिता मोहम्मद नईमुद्दीन, निवासी मुस्लिम नगर, कसाई मोहल्ला, थाना शहर, जिला पलामू बताया। उसकी तलाशी लेने पर पैंट की कमर में खोंसा हुआ एक देशी कट्टा और जेब से एक जिंदा गोली बरामद की गई, जिस पर केएफ 8 एमएम अंकित था। जब पुलिस ने उससे शस्त्र के वैध कागजात मांगे तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही भविष्य में प्रस्तुत करने की बात कही। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गई।

## ट्रैक्टर चोरी मामले में दो गिरफ्तार मझियावां से वाहन बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी शंकर महरा के ट्रैक्टर चोरी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। वादी शंकर महरा के आवेदन पर थाना में 13 जून 2025 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें उनके ट्रैक्टर (पंजीयन संख्या JH03AM-6778) की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की बात कही गई थी। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि उक्त ट्रैक्टर दीपक कुमार, पिता बद्रीनाथ महतो, ग्राम मझियावां, थाना चैनपुर के घर में छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए नावाबाजार थाना की टीम ने मझियावां पहुंचकर दीपक कुमार के घर पर विधिवत छापेमारी की और वहीं से चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान दीपक कुमार ने स्वीकार किया कि ट्रैक्टर उसे अशोक दुबे, पिता स्व. परशुराम दुबे, ग्राम ब्रहमोरिया, थाना नावाबाजार द्वारा बेचा गया था। जांच में यह भी सामने आया कि अशोक दुबे, वादी शंकर महरा का परिचित था और ट्रैक्टर की देखरेख करता था। उसी ने विश्वासघात करते हुए वाहन चोरी कर दीपक को बेच दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों दीपक कुमार और अशोक दुबे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरामद ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। छापेमारी में नावाबाजार थाना के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन पलामू के तत्वावधान में समीक्षात्मक बैठक अग्रवाल डिस्ट्रीब्यूटर मेदिनीनगर में की गई। बैठक में जिले भर के सभी थोक दवा विक्रेताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता रमेश शुक्ला ने किया जबकि संचालन संघ के जिला सचिव अमिताभ मिश्रा ने किया। बैठक में लगातार हो रहे आंदोलन पर विस्तृत चर्चा करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने सम्मानित साथियों को बताया कि अपनी एकजुटता बनाए रखने से बाजार में उत्पन्न हो रहे संकट से आसानी पूर्वक उबरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में सम्वेदनशील हो कर नशा मुक्त व्यापार करने की जरूरत है। ताकि आज की युवा पीढ़ी कल का एक सभ्य नागरिक बन सके। फेडरेशन के जिला सचिव अमिताभ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आंदोलन जन जन का है। इसका अर्थ यह है कि भय और दोहन दोनों से अपने व्यवसाइयों को मुक्ति दिलाना। उन्होंने कहा कि साथियों को सम्मान पूर्वक व्यपार करने, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ साथ प्रलोभन मुक्त व्यापार करने की जरूरत है। संघ के मुख्य संरक्षक मृतुन्जय शर्मा ने अपने साथियों से कहा कि फेडरेशन दवा व्यपारियों को सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह से सक्षम है। बैठक में संरक्षक सतीश तिवारी, किशोर जैन, सुरेंद्र अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कुलवंत नामधारी, मनोज सिन्हा, रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश प्रसाद, गौरी शंकर मिश्रा,अक्षय अग्रवाल, मून जी, सूरज अग्रवाल, पुरषोत्तम अग्रवाल, विक्की अग्रवाल के साथ साथ अनेकों दवा व्यव्सायी मौजूद रहे।

### राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी कि ओर से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू के सौजन्य से नई मुहल्ला मेदनीनगर आनन्द मार्ग स्कूल के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पलामू के चैनपुर प्रखंड के ग्रामीण प्रशिक्षक गोल्डी कुमारी को कराटे में मुम्बई में ब्लैक बेल्ट से नवाजा गया था। मोर्चा के महिला जिला अध्यक्ष सलोमी टोपनो ने शाल ओढा कर स्वागत किया। वहीं एकेडमी के महिला नेत्री मंजू चन्द्रा न मेमोन्टो देकर स्वागत किया। सतीश कुमार ने राजा मेदिनीराय स्पोर्ट्स एवार्ड का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सतीश कुमार ने कहा कि राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी के ओर से लगातार पलामू के बच्चे खेल में बेहतर कर पलामू का शान बढ़ायेंगे।

## स्वामी प्रज्ञानंद हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी स्थित जोरकट में स्वामी प्रज्ञानंद मगध सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मिुख्य अतिथि तौर पर डीआइजी नौशाद आलम उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन० त्रिपाठी ने उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर गंगाराम हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों में डॉ. गीता मेदरीता, डॉ. कवीता त्यागी, डॉ सुमीत मुंजाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से तलवंती देवी, रंजन दुबे, केडी सिंह,परमदेव सिंह कुशवाहा, अरविन्द पासवान, रूद्र शुक्ला, मुकेश सिंह, विवेका त्रिपाठी, सूर्यदेव पासवान, जावेद खान, मुन्ना खां, धन्नजय पाठक, रामप्रवेश सिंह, अंकित सोनी, ध्रुव पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हनुमान नगर में जल जमाव से लोग परेशान

- नालियों के निर्माण व फॉगिंग करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बीते दिनों लगातार हुई बारिश के कारण बारालोटा के हनुमान नगर इलाके में बरसात का पानी कई जगहों पर जमा हो गया है। इस दौरान हुए जल जमाव के कारण लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी हो रही है। जहां पिछले एक सप्ताह से जीवन अस्त-व्यस्त है वहीं बच्चों का स्कूल जाना भी प्रभावित हो रहा है। लगातार कई दिनों से जमा पानी की वजह से कई प्रकार की बीमारियां होने की भी आशंका जताई जा रही है। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले लोगों ने बताया कि मोहल्ले में लगातार घर तो बनते जा रहे हैं परंतु कई लोगों ने निर्माण सामग्री जहां-जहां छोड़ दिया है जिससे जमाव हो रहा है। साथ ही प्रतिदिन नए मकान तो बन रहे हैं लेकिन वहां रास्ते और नाली के लिए छोड़ी गई जमीन पर भी चारदीवारी बना दी जा रही है। इसके साथ ही नाली का निर्माण नहीं होने से पानी जहां-तहां जमा हो चुका है। लोगों का यह आरोप है कि इस मोहल्ले में निगम द्वारा फागिंग नहीं की जाती है जिस कारण बीमारियों का भी खतरा बढ़ रहा है।

बताते चलें कि बीते 16 तारीख को पूरे शहर में बाढ़ की स्थिति बन गई थी। जिसमें हनुमान नगर के दर्जनों घरों में बरसात का पानी घुस गया था। उसके बाद हनुमान नगर निवासियों ने पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर दिया था। उसके बाद कुछ दिनों तक बारिश नहीं होने से जल जमाव में कमी तो आई परंतु अब भी घुटने से अधिक पानी में चलकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है। लोगों ने निगम से जमे पानी की निकासी और विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु फागिंग आदि की व्यवस्था करने मांग की है।

### पीड़ा में नीलांबर-पीतांबर विवि के आउटसोर्सिंग कर्मचारी, बोले-

# प्रशासन व ब्लैकलिस्टेड कंपनी की मिलीभगत से हैं परेशान

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की वेदना अब आक्रोश बन चुकी है। विश्वविद्यालय की स्थापना वीर शहीदों के नाम पर उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने के लिए की गई थी, लेकिन आज विश्वविद्यालय के कांट्रैक्ट कर्मियों ने टेंडर व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

आउटसोर्सिंग कर्मचारी अंकित उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि एएसके सिक्योरिटी सर्विस कंपनी का टेंडर दिसंबर 2023 में समाप्त हो चुका था, इसके बावजूद कंपनी और विश्वविद्यालय की मिलीभगत से जनवरी 2024 से सितंबर 2024 तक करीब 9 महीने तक हम सभी कर्मियों से काम लिया गया। इसके बाद 23 सितंबर 2024 को अचानक सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना के निष्कासित कर दिया गया।

आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के कुलसचिव की भूमिका संदिग्ध रही है, जिनकी कथित मिलीभगत से ब्लैकलिस्टेड कंपनी को ही जून 2024 में नए टेंडर में शामिल कर लिया गया। राजभवन से 7 मई 2024 को टेंडर प्रक्रिया का आदेश आने के बावजूद पारदर्शिता की कोई कोशिश नहीं की गई। कर्मियों ने बताया कि इस दौरान नए कुलपति ने सभी कर्मियों के 5 महीने के बकाया वेतन का भुगतान 15 दिनों में करने का वादा किया था, लेकिन अब दो महीने बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। इससे सभी प्रभावित कर्मियों में भारी निराशा और असंतोष है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से वे उम्मीद में बैठे हैं कि उन्हें उनका मेहनताना मिलेगा और काम पर फिर से बुलाया जाएगा, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है।

पीड़ित कर्मियों ने महामहिम राज्यपाल से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। बयान जारी करने वालों में अंकित उपाध्याय, आलोक कुमार, शुभम तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, पंकज कुमार, अमित कुमार और चंदन सिंह शामिल हैं।

# उपेंद्र कुमार बने नगर उंटारी थाना के नए प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना में उपेंद्र कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था को बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उनके पदभार संभालने की खबर से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल हैं। स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उपेंद्र कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उनके कुशल नेतृत्व और अनुशासनप्रिय की कार्यशाली को देखते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। बता दे कि उपेंद्र कुमार धुरकी थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं जहां उनके कार्यों की सराहना की गई हैं। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि पब्लिक पुलिसिंग के तहत कार्य करते हुए समाज को स्वच्छ और अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करें। यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या होती है, तो वह सीधे थाना से संपर्क कर सकते हैं। हर शिकायत पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि जनहित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा, और आमजन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने विधायक नरेश सिंह को सौंपा मांग पत्र, कहा-

# मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रदेश कमिटी के निर्देश पर रविवार को कांडी, बरडीहा, मझिआंव, उटारी रोड, नावा बाजार, पांडू व विश्रामपुर प्रखंड के सैकड़ों सहायक अध्यापकों ने क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह से मुलाकात कर 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रदेश महासचिव प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों ने विधायक के मोरबे गांव स्थित आवास पर मुलाकात कर सहायक अध्यापक के मांगों के प्रति विधानसभा में आवाज उठाने की मांग की। सहायक अध्यापकों ने विधायक से आग्रह किया कि विगत 25 वर्षो से प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने के बावजूद सरकार उनके साथ भेदभाव



कर रही है। अन्य विभाग में कर्मियों को उनका वाजिब हक दिया जा रहा है किंतु झारखंड में नवनिहालों के भविष्य बनाने वाले सहायक अध्यापक अपनी मांगों के लेकर हर बार आंदोलन करने को मजबूर होते हैं। कहा कि वर्तमान समय में राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को समान काम के बदले समान वेतन, रघुवर दास जी के कार्यकाल में शिक्षकों पर हुए मुकदमे वापस लेने, मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ देने, 28 अगस्त 2024 को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के साथ हुए सभी समझौते को लागू करने, सेवा निवृत्ति की उम्र 60 से 62 वर्ष करने एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रदेश के करीब 1700 सहायक अध्यापकों को फर्जी बताकर की गई बर्खास्तगी को निरस्त की जाए। सहायक अध्यापकों ने कहा कि यदि सरकार उपरोक्त मांगों को अविलंब नहीं मानती है तो शिक्षक बाध्य होकर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। विधायक से मिलने वालों में प्रदेश महासचिव सिंटू सिंह के साथ साथ पलामू जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, कांडी प्रखंड अध्यक्ष रामरंजन, बरडीहा प्रखंड अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष रिंकू तिवारी, उटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान, राजेश दुबे, अरुण पांडेय, सतीश पांडेय, धर्मेंद्र विश्वकर्मा व राजकुमार साह सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन



**गढ़वा।** रविवार को जायंट्स ग्रुप एवं यशोदा अस्पताल दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ज्ञान निकेतन स्कूल में किया गया. गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज एवं मझियाओं के लगभग 40 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी.जिस मेंट 9 मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिस्ट जांचों की सलाह दी गयी. वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अत्यधिक अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बावजूद वर्षों तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्खों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं। हृदय के रोगों में ऐसा विलंब अत्यधिक घातक सिद्ध हो सकता है क्योंकि हृदय के विकारों का दुष्परिणाम शरीर के अन्य सभी अंगों पर पड़ता है एवं विलंब के कारण उपचार और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। डॉ विकास के साथ-साथ जायंट्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने भी रोगियों से अपने रोग एवं उसके सही उपचार के बारे में जागरूक एवं तत्पर रहने की अपील की। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है. अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, जायंट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, मनोज केशरी सन रेडियो, सुनील अग्रवाल, चंदन चंद्रवंशी, अजय केशरी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### धुरकी थाना के नए थाना प्रभारी बने जनार्दन रावत



**धुरकी।** थाना में जनार्दन रावत ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था को बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उनके पदभार संभालने की खबर से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल हैं। स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने जनार्दन रावत को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या होती है, तो वह सीधे थाना से संपर्क कर सकते हैं। हर शिकायत पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि जनहित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा, और आमजन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### डीएवी शिक्षक सूरज सिंह के पिता का निधन

**भवनाथपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के शिक्षक एवं सेल से सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरज सिंह के 79 वर्षीय पिता विश्वनाथ सिंह का निधन रविवार की सुबह बनारस के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन से पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। बताया जाता है कि विश्वनाथ सिंह अपने सेल आवासीय क्वार्टर में बाथरूम से निकलने के दौरान गिर गए थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बनारस रेफर कर दिया गया था। इलाज के क्रम में रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से डीएवी स्कूल परिवार समेत पूरे क्षेत्र में दुख का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार सिंह, ओ.पी. सिंह, शौकत अली, ब्रजेंद्र सिंह, संजय राय भट्ट, प्रवीण पांडे, अनिल द्विवेदी एवं गणेश त्रिवेदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विद्यालय में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विश्वनाथ सिंह का अंतिम संस्कार बनारस में ही किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र सूरज कुमार सिंह ने मुखाग्नि दी।

### देश में घटती किसानों की संख्या चिंता का विषय : केडी सिंह

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा प्रखंड कमेटी चंदवा की एक बैठक रविवार को स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता माखन प्रसाद चौरसिया ने किया। बैठक में सर्वप्रथम 18 जुलाई को गोमिया के पूर्व विधायक ओमी लाल आजाद के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता किसान सभा के पूर्व महासचिव केडी सिंह ने कहां की 1985 से 90 तक गिरिडीह से विधायक रहे साथी ओमी लाल आजाद झारखंड में किसान आंदोलन के मजबूत स्तंभ रहे हैं जन संघर्षों के क्रम में उन्हें 70 बार जेल जाना पड़ा था। उनके निधन से किसान मजदूर आंदोलन को गहरा धक्का लगा है। उन्होंने आगे कहा कि किसान आंदोलन ने देश ही नहीं दुनिया में एक इतिहास रचने का काम किया है किसान आंदोलन में 720 किसान शहीद हुए जिसका नतीजा रहा कि केंद्र सरकार को भूमि अधिग्रहण अध्यादेश वापस लेना पड़ा जो किसान आंदोलन की बड़ी जीत है।

### थाना दिवस पर 20 मामलों का निष्पादन

**रमना।** थाना भवन के स्वागत कक्ष में में थाना दिवस के अवसर पर अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पाण्डेय के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत साधारण जमीनी विवाद के 20 मामले को सुलझाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में जमीन विवाद से जुड़े ही अधिकांश मामले आते हैं, जिसमें एक ही परिवार या एक ही जमीन के दो-दो खरीददार का विवादित मामला में कब्जा को लेकर झगड़ा झंझट कर लोग आते हैं। क्षेत्र कि उक्त समस्या को देखते हुए अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं विवाद से संबंधित लोगों को बुलाकर उनकी आपसी रजामंदी से जमीनी विवाद के 20 मामले को सुलझाया गया।

# सड़क टूटने से आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव स्थित दोहरी आहर पर महुआ के पेड़ के समीप पीसीसी टूट गया है, जिस कारण लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने रविवार को एकत्रित होकर टूटी सड़क की जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने विधायक नरेश प्रसाद सिंह से मीडिया के माध्यम से सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि यह पीसीसी पथ काफी पुरानी है। जहां-तहां घुटने भर गड्ढा हो चुका है। यह सड़क लमारी खुर्द स्थित संख्वा मोड़ व सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के मुख्य द्वार को जोड़ती है। हजारों गांवों के लोग इस सड़क से आवागमन करते हैं। आहर में डूबे पानी के कारण रिसाव हो कर पीसीसी सड़क टूट गई है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार गुप्ता, जित्येन्द्र गुप्ता, उदित कुमार बैठा, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सुजीत कुमार गुप्ता, अंकित कुमार, हेमंत कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दखल कराने गए दंडाधिकारी वापस लौटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** न्यायालय के आदेशानुसार रविवार को पुलिस बल के साथ द्वितीय पक्ष को घर पर दखल कब्जा कराने पहुंचे दंडाधिकारी को साक्ष्य के अभाव में बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस दौरान घर पर कब्जा दिलाने की बात आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। लोगों ने कोर्ट के आदेश पर नियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी से क्रेता द्वारा दूसरे जगह की चौहदी और जमीन के बदले फर्जीवाड़ा तरीके से घर कब्जाने की बात कही तथा दोनों पक्षों से कागजात जांच करने का आग्रह किया। इस पर दंडाधिकारी ने जमीन बिक्रीनामा का चौहदी स्थल की जांच की जहां कागजात में उक्त जमीन का चौहदी का मिलान हुआ इसके बाद दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ वापस लौट गए।



**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार भवनाथपुर सूर्य मंदिर के समीप रहने वाले विजय गुप्ता पिता रामखेलावन साह ने ढ़ेकुलिया रोड स्थित अपनी जमीन को पंडरिया निवासी राजकुमार पांडेय से शादी सात डिसमिल जमीन बिक्री किया था, इसके बाद से ही मामला न्यायालय में लंबित होने के बाद कोर्ट ने राजकुमार पांडेय के पक्ष में फैसला दिया जहां २० जुलाई को कोर्ट के निर्देश पर दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ दखल कब्जा दिलाने पहुंचे थे। इस मामले में प्रथम पक्ष के सरिता देवी पति विजय गुप्ता ने बताई कि अपनी पुत्री के शादी के लिए मेरे पति विजय गुप्ता ने राजकुमार पांडेय से ढ़ेकुलिया रोड में साढ़े सात डिसमिल जमीन बेची थी, लेकिन राजकुमार पांडेय पैसा के बल पर कोर्ट को गुमराह करते हुए मेरे घर के जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर मुझे बेघर करने पर तुला हुआ है। उन्होंने इस फर्जीवाड़े को न्यायालय में रखने की बात कही। जबकि दूसरे पक्ष के राजकुमार पांडेय ने कहा कि कोर्ट द्वारा मुझे विजय गुप्ता के घर का मालिकाना हक प्राप्त हुआ है, इसके लिए कोर्ट के निर्देश पर नियुक्त दंडाधिकारी द्वारा मुझे आज दखल कब्जा दिलाना था, लेकिन वें सिर्फ कागजात की जांच कर वापस लौट गए।

# बीएसएफ के जवान, पारा टीचर आंगनबाड़ी सेविका खा रहे सरकारी राशन

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में विभागीय उदासीनता के कारण अयोग्य लाभुक राशन का लाभ उठा रहे हैं। जिसका जांच करने वाला शायद कोई अधिकारी नहीं है। यदि प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकान के राशन कार्डधारियों की गहनता से जांच किया जाए तो सैकड़ों ऐसे लाभुक मिल सकते हैं जो अयोग्य हैं और राशन का नियमित रूप से उठाव डीलर से कर रहे हैं। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार डंडई प्रखंड क्षेत्र के रारो गांव निवासी प्राण यादव जो की एक सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं। जिसका राशन कार्ड संख्या 202801077841 है और वह नियमित रूप से राशन का उठाव कर रहे हैं। वहीं महेंद्र प्रसाद यादव भी सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं जिनका राशन कार्ड संख्या 202006017485 है। राशन का उठाव कर रहे हैं। वहीं उनके पुत्र उज्जवल कुमार यादव पुलिस विभाग में बीएसएफ जवान है। उसका नाम भी राशन कार्ड में अंकित है। उक्त दोनों पिता पुत्र राशन का उठाव डीलर नारायण राम के यहां से कर रहें हैं। बताया गया कि सरकारी स्कूल के ही परमानंद राम और संजय कुमार का भी राशन कार्ड है और वह भी राशन का उठाव करते हैं। साथ ही जानकारी मिली कि सुरेंद्र कुमार पुलिस विभाग में ही होमगार्ड है और सुनैना देवी और संजू देवी संजू देवी आंगनवाड़ी सेविका है। जिनका भी राशन कार्ड है और नियमित रूप से राशन का उठाव डीलर से कर रहे हैं। मामले में प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने कहा कि यदि बीएसएफ के जवान, पारा टीचर्स और आंगनबाड़ी सेविका या अन्य सरकारी कर्मी राशन का लाभ ले रहे हैं तो उन्हें चिन्हित कर राशन कार्ड से उनका नाम विलोपन करते हुए अभी तक उठाई गई राशन का रिकवरी कराया जाएगा।

# नदी में नहाने गये 8 साल के बच्चे की डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के तलशबरिया गांव स्थित बाकी नदी में नहाने गए अनिल पासवान के 8 वर्षीय पुत्र लक्की कुमार की डूबने से मौत हो गई। घटना की बाद परिजनों ने उसे रेफरल अस्पताल लाया, जहां पर चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस दौरान सूचना मिलने पर आई पुलिस ने शव के अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर एवं ननिहाल में मातम छा गया और परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्की अपनी मां काजल देवी के साथ अपने नाना तलसबरिया गांव निवासी विश्वनाथ पासवान के घर पर आया था और आज अपने दो भाइयों के साथ अपने घर पलामू जिला के पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ी गांव वापस जाने वाला था। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। इस संबंध में मृतक के बड़े भाई 15 वर्षीय सन्नी कुमार पासवान ने बताया कि वह रविवार सुबह अपने छोटे भाई 12 वर्षीय काशी पासवान एवं लकी के साथ बांकी नदी में नहाने गया था और नहाकर वापस आ रहा था, इसी बीच वापसी में मेरे दोनों भाई छिप गए और पुनः नहाने चले गए। जब उन्हें खोजते हुए वह पुनः नदी में गया तो देखा कि लक्की डूब रहा था और कासी उसे बचाने की कोशिश कर रहा था। मैं भी दौड़कर उसे बचाने गया लेकिन वह डूब गया। इसके बाद शोर सुनकर मामा एवं गांव वाले आये और रेफरल अस्पताल आ गए।

### विधायक से सड़क बनवाने की मांग

**कांडी ।** युवा मुखिया ने जनता के साथ क्षेत्रीय विधायक से मिलकर खराब पड़े सड़क को बनवाने की मांग की। कांडी प्रखंड के सरकोनी पंचायत युवा मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने पंचायत की जनता के साथ मझियाओ-बिश्रामपुर विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह से की मुलाकात कर मोखापी मोड से पतीला मझिगांवा मोड तक बनने वाली सड़क को जल्द पूर्ण कराने की मांग की। युवा मुखिया ने बताया कि वर्षों पहले नंदनी कॉन्ट्रक्शन के द्वारा इस रोड का टेंडर लिया गया था लेकिन अब तक इस रोड में रोड बनाने के नाम पर एक कंकड़ तक नहीं डाला गया है। रोड का स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि राहगीर का गाड़ी मोटर तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। विधायक नरेश प्रसाद ने आश्वासन देते हुए कहा की आपलोग दो महीना और इंतजार कीजिए। मौके पर बिरजू राम, अवधेश राम, छोटू दुबे, लाला दुबे, प्रमोद राम, छोटू पासवान, गौतम पासवान, लक्ष्मण पासवान, रोहित ठाकुर सहित कई ग्रामिण जनता उपस्थित थे।

### पूर्व प्रमुख शारदा देवी सपरिवार बाबा धाम के लिए रवाना

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के हुरका गांव निवासी पूर्व प्रमुख शारदा देवी रविवार को सपरिवार बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व उन्होंने गांव के देवी धाम में पूजा अर्चना किया। पूर्व प्रमुख शारदा देवी ने बताया कि उनका परिवार पिछले 36 वर्षों से हर वर्ष सावन माह में बाबा भोलेनाथ की नगरी देवघर में जाकर भोलेशंकर पर जल चढ़ाते हैं। सोमवार को सुल्तानगंज गंगा नदी में स्नान के पश्चात कांवर में जल भरकर देवघर के लिए पैदल चलेंगे, गुरुवार की सुबह भगवान भोलेनाथ पर जल, बेलपत्र चढ़ाकर पुर्व प्रमुख घर परिवार सहित प्रखंड क्षेत्र की खुशहाली का कामना करेंगी। कांवर जत्था में प्रमोद शुक्ला, विनोद बिहारी शुक्ला, बृज बिहारी शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, गीता देवी, सुजीत देवी राजा शुक्ला, सत्यम शुक्ला रोशन शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जायंट्स सहेली ग्रुप गढ़वा ने किया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा जीएन इंटरनेशनल स्कूल नाहर रोड गढ़वा में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जायंट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पुर्व अध्यक्ष माला केशरी, गायत्री गुप्ता, लता गुप्ता, अनसुईया केशरी, रितु जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सहेली उपाध्यक्ष वन्दना सोनी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से




वक्ताओं द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया कि सभी लोग इस बरसात के मौसम में एक दो पौधा अवश्य लगाएं। गढ़वा एवं आसपास ड्राई जोन में आता है। यहां वर्षापात काफी कम होती है दिन ब दिन पानी का स्तर काफी नीचे चला जा रहा है। नदी तालाब में असमय पानी सुख जाता है। हाल यह होता है कि मनुष्य से भी बदतर स्थिति पशु पक्षियों की होती है। पानी के अभाव में सबका जीवन दुश्वार हो जाता है। इसका एक ही उपाय है वन क्षेत्र को बढ़ाया जाय। सरकार तो अपने स्तर पर वृक्षारोपण करती है, पर प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि खुद से भी खुद से भी वृक्षारोपण करें तभी पर्यावरण में सुधार भी होगा एवं बरसात भी अच्छी होगी। इस अवसर पर सहेली की अध्यक्ष सुनीता केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष रंजना जायसवाल, चांदनी केशरी, वर्षा अग्रवाल, मंजू गुप्ता , गुड़िया केशरी, जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी पूर्व फेडरेशन पदाधिकारी डॉ आशीष गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बिजली का टूटा तार बाल-बाल बचे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** रविवार को रमना मुख्य बाजार स्थित मुख्य सड़क में 440 वोल्ट बिजली तार अचानक से टूट कर गिर गया। बिजली तार गिरने पर कुछ देर के लिए लोगों में अफरा-तफरी मच गया। लोगो में यह चर्चा हैं कि लोगों कि मुख्य सड़क और बाजार के दिन होने के साथ ही साथ यह मार्ग अती व्यस्त हैं, बहुत बड़ी हादसा होने से राहगीर और दुकानदार बालबाल बच गये, अन्यथा बहुत बड़ी त्रासदी हो सकती थी। जानकारी अनुसार गत महा पूर्व ही एनसीसी कंपनी द्वारा सभी तारों का नवीकरण किया गया है, साल भर भी नहीं हुआ है और तार टूट कर गिर जा रहा है। इससे साफ पता चलता है कि तार के नवीकरण में गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया है, जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बना सकता है। 20- 30 वर्ष पहले लगा तार आज भी अपने आप नहीं टूटता और चार माह पहले लगा तार टूट कर मुख्य सड़क पर गिर जा रहा है। यदि लोग इसके चपेट में आते तो एक बड़ी घटना घट सकती थी।

**समस्या** | सड़क निर्माण में लापरवाही से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# दो साल बाद भी नहीं बना राजी-खोखा सड़क

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में बन रही दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की धीमी गति और संवेदक की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी की सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे और कीचड़ जमा हो गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। सोनतटीय खोखा निवासी अंजनी कुमार सिंह उर्फ गुडन सिंह, कौशल कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, निरंजन सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राजी से सुंडी एवं खुरधन पहाड़ी से खोखा मुख्य पथ तक लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से सड़क



का निर्माण कार्य चल रहा है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को खरौंधी मुख्यालय से जोड़ने का उद्देश्य था, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण अधूरा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक की मनमानी और लापरवाही के कारण कार्य में अत्यधिक देरी हो रही है। बारिश के कारण सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है। कीचड़ युक्त गड्ढों के कारण खोखा, पिपरा, चंदना, सुंडी, लोहबंधा तथा चौरा जैसे गांवों का संपर्क खरौंधी मुख्यालय से लगभग कट चुका है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क का शिलान्यास लोगों की मांग पर 4 नवंबर 2023 को तत्कालीन भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही एवं सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। सड़क का निर्माण कार्य 20 फरवरी 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिए अजीत कुमार सिंह को संवेदक नियुक्त किया गया था। संवेदक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि बिल भुगतान की समस्या के कारण निर्माण कार्य में बाधा आई थी। इसके बाद बारिश शुरू हो गई, जिससे कार्य रुका रहा। बारिश खत्म होते ही गड्ढों में मोरम डलवाकर सड़क को चालू कराया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे मामले में हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं, ताकि आवागमन बहाल हो सके।

### राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति परीक्षा में तीन सफल

**कांडी।** प्रखंड छेत्र अंतर्गत एनएमएमएस राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति परीक्षा 2024-25 में राजकीय बुनियादी विद्यालय सेमौरा के छात्र उत्तीर्ण हुए। जानकारी देते हुए बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोतम कुमार द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति परीक्षा 2024-25 में हमारे बुनियादी विद्यालय से 4 विद्यार्थी भाग लिए थे जिसमें से तीन विद्यार्थी खुशबू कुमारी, स्नेहा कुमारी, एवं विवेक कुमार ने एनएमएमएस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। छात्र छात्राओं की यह सफलता पूरे विद्यालय को गौरवान्वित करने वाला पल है।

# शहर में घुसा हाथी, दहशत में रहे लोग, कई घरों को क्षति पहुंचाया

- **लातेहार जिला मुख्यालय में घुसा मदमस्त हाथी, जमकर की तोड़फोड़, रेलवे ट्रैक का भी किया भ्रमण**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** रविवार की सुबह झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी लातेहार जिला मुख्यालय पहुंच गया। हाथी के शहरी क्षेत्र में घुसने से वन विभाग भी सकते में आ गया। जंगली हाथी ने कई लोगों के घरों और बाउंड्री को नुकसान पहुंचाया। हाथी को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते हाथी को भगाने में वन विभाग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, झुंड से अलग हुआ एक जंगली हाथी पिछले दो-तीन दिनों से लातेहार जिले के अलग-अलग प्रखंडों में आतंक मचाए हुए हैं। शनिवार रात को लातेहार सदर प्रखंड के बेसरा गांव के आसपास था और लगभग दो ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी के आतंक के कारण रात भर ग्रामीण परेशान रहे। मुखिया संजय उरांव के द्वारा वन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई और खुद भी ग्रामीणों की मदद से हाथी को गांव से दूर भगाने का प्रयास किए। मुखिया और वन विभाग की टीम के प्रयास से जंगली हाथी गांव से तो भाग गया लेकिन रविवार को हाथी लातेहार जिला मुख्यालय में पहुंच गया। इस दौरान हाथी ने एक ग्रामीण के घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गया और अनाज को चट कर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह से ही हाथी जिला मुख्यालय में आतंक मचा रखा है। शहर के धर्मपुर में एक व्यक्ति का बाउंड्री तोड़ने के बाद जब लोगों ने हल्ला मचाया तो हाथी औरंगा नदी की ओर भागा. लेकन थोड़ी ही देर बाद हाथी वापस शहर की ओर मुड़ गया और स्टेशन रोड की ओर चला गया। शहरी क्षेत्र में जंगली हाथी के प्रवेश करने से पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया है।

वहां से नया पुलिस लाइन के पीछे से रेलवे स्टेशन रोड में डालडा फैक्ट्री के पास पहुंचा। यहां प्रदीप यादव के घर का गेट तोड़ कर घर के अंदर प्रवेश कर गया। इसके बाद घर के पीछे बाउंड्री तोड़ कर सतेंद्र यादव और प्रतिमा देवी के घर में घुस गया अचानक घर में हाथी देख कर घर की महिला बेहाश हो गयी। घर के सभी सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाई लेकिन हाथी ने उसे क्षति नहीं पहुंचाया और घर से निकल गया। घर के बाहर की खिड़की तोड़कर घर के अंदर रखे चावल की बोरी को अपने सूढ़ से निकाल लिया और उसे चट कर गया। इसके बाद हाथी डुरूआ बस्ती की ओर चला गया।

इसके बाद हाथी डुरूआ बाजार स्थित सोमेश्वर शिव मंदिर होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंच गया। हाथी यहां रेलवे ट्रैक मे कई घंटों तक रहा। स्थानीय लोग उसे खदेड़ते हुए सरयू रोड ले गये। इसके बाद हाथी जंगल में चला गया।

### वन विभाग सक्रिय लेकिन भीड़ बन रही परेशानी

वन विभाग के द्वारा हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन लोगों के द्वारा शोर मचाए जाने के कारण हाथी शहर में ही इधर-उधर भाग रहा है। इस संबंध में रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि विभाग के द्वारा हाथी को सुरक्षित जंगल में खदेड़ने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय लोगों की भीड़ के कारण हाथी को भगाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर आपके गांव शहर में आता हैं तो हाथी के साथ छेड़छाड़ ना करें। यदि हाथी उग्र हो गया तो फिर खतरनाक हो सकता है. जर ने लोगों से हाथी को भागने का रास्ता देने की भी अपील की।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत



- **चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसकरिया मोड़ के समीप हुआ हादसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित सिसकरिया मोड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नाजिर खां पिता स्व. रजाक खां (हेरहंज, लातेहार) के रूप में की गई है। वाहन ने बुरी तरह से उक्त व्यक्ति को कुचल दिया था जिसके बाद उसका क्षत विक्षत शव एनएच पर पड़ा था। रविवार की अहले सुबह स्थानीय लोगों द्वारा एनएच पर शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही हुटाप मुखिया सुखनरायन सिंह, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मो काजू घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेजने में सहयोग किया।

### मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का उद्घाटन अपर समाहर्ता रामा रविदास ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया है। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लातेहार द्वारा निदेर्शानुसार शिविर में विधिक सेवा सरकारी योजनाओं जानकारी, समाज कल्याण से जुड़ी सेवाएं एवं जागरूकता अभियान जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। आमजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जानकारी दी गई। इस पर मौके प्रखंड पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज सभी जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्य, बीस सूत्री कार्यक्रम पदाधिकारी समेत आम नागरिक मौजूद थे।

### एनएलसी एनटीपीसी कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध, कहा-
## कंपनी विस्थापन करना बंद करे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत रविवार को ग्राम गेरेंजा के टोला हराफू में ग्रामीण शंकर उरांव के अध्यक्षता में एनएलसी और एनटीपीसी कंपनी के विरोध में भू-रैयत ग्रामीण जनता की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कंपनी को पूर्ण रूप से विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे। विस्थापन करने पर कंपनी का कड़ा विरोध जताया गया। ग्रामीणों ने कहा अब नारा बदल गया है, ना जान देंगे ना जमीन देंगे। बैठक में धाधू, पुरनापानी, भैंसादोन, हेमपुर, चितरपुर, सेमरसोत, गेरेंजा, नावाडीह, बिसनपुर आदि गांव के ग्रामीण मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण रामलाल उरांव, नंदकुमार यादव, शंकर उरांव, नागेश्वर उरांव, संजय यादव, दाले उरांव, पवन उरांव, शिवनारायण गंझू, उदय यादव, ग्राम प्रधान गेरेंजा संतोष गझू, नावाडीह ग्राम प्रधान बनारस उरांव, भैंसादोन ग्राम प्रधान बिहारी यादव, कार्तिक उरांव, अनिल उरांव और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ अंचल सह प्रखंड कार्यालय के सभागार मे रविवार को नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में जिला न्यायाधीश एवं डालसा अध्यक्ष के निदेर्शानुसार मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान मजिस्ट्रेट (जेजेबी) उत्कर्ष जैंन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विभिन्न कानून की जागरूकता एवं सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण बाते शिविर मे उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया। प्रधान मजिस्ट्रेट ने अपने संबोधन में कहा कि कानून सभी के लिए है। न्याय सभी के लिए है, जिन लोगों के मन में कानून को लेकर संकोच डर बना रहता है। उसी डर को हटाना इस शिविर का उद्देश्य है। बहुत बार लोगों को लगता है, कोर्ट कचहरी का मामला बहुत बड़ा और बहुत समय लगता है, साथ ही बहुत पैसा भी लगता है। गरीबों को न्याय नहीं मिलता। यह बनावटी बाते है, कोई जरुरतमंद व्यक्ति, जिसको कानून की जानकारी नहीं है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आ सकता है। जहां आपको मुफ्त में सरकारी अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। सभी तरह के कानून की जानकारी दिया जाएगा और आपके आवेदन को कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाई जाएगी। इसके लिए आपको कोई पैसा नहीं लगेगा। हमारे हर ब्लॉक में पीएलभी है। उन्हें अपना आवेदन दे सकते है। हमारा टॉल फ्री नंबर (15100 ) है। हमारा संविधान का भी यही उद्देश्य है कि न्याय हर दरवाजे तक पहुंचे।

## कंचन नगरी से कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** श्रावण माह शुरू होते ही श्रद्धालुओं का जत्था जलाभिषेक के लिए बाबा धाम रवाना हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को नवयुवक कांवरिया संघ कंचन नगरी बाबा धाम के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व कांवरियों का जत्था ने प्रसिद्ध मां उग्रतारा मंदिर में जाकर विधि-विधान से पूजा करने के पश्चात सभी शिवभक्तों ने बोल बम का जयकारा लगाया। शिव भक्तों ने बताया कि सुल्तानगंज से जल लेकर सभी श्रद्धालु बाबाधाम के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालुओं में अंकित,सोनू, राहुल, राजेश, मुकेश, अविनाश, बूटी ठाकुर, संजय, बबीता देवी, ममता देवी शामिल है।

## नक्सली अभियान और तेज किया जायेगा : नौशाद आलम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पलामू डीआइजी नौशाद आलम ने लातेहार में एक महत्पूर्ण बैठक की। बैठक में राजेश सिंह, कमांडेंट, 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, संजीव कुमार मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) लातेहार एवं सशस्त्र सीमा बल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा लातेहार जिले की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने एवं उपद्रवी, नक्सली तत्वों द्वारा की जा रही आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में बालूमाथ क्षेत्र के चढ़तापहाड़ में हाल ही में घटित आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रों में प्रचालनात्मक गतिविधियों को और अधिक तीव्र गति से संचालित किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए। पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय द्वारा नक्सली एवं अन्य उपद्रवी तत्वों से समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित होने और हिंसात्मक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही यह स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं पुनः संज्ञान में आती हैं, तो सुरक्षाबलों के द्वारा विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। महुआदाई, गारू, चंदवा, मनिका भटवाड़ी इलाके को आसूचना के लिहाज तथा नक्सल विरोधी गतिविधियों को और तेज करने के लिए निर्देशित किया गया।

### प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा शिविर का आयोजन
## अपनी बात रखने के कानून की जानकारी जरूरी : न्यायाधीश

**नवीन मेल संवाददाता**




**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के तत्वधान मे कानून संबंधित जागरुकता को लेकर विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माननीय अपर जिला मुख्य डंडाधिकारी की गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार दुबे, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रजल्लित कर के किया। मंच का सफल संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रमुख व उप प्रमुख ने आयोजित कार्यक्रम के उदेश्य व महत्व के बारे में लोगों को महत्वपूर्ण बाते बतायें। वहीं उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि माननीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश विक्रम आनंद ने उपस्थित लोगों को विधिक संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों को सही जगह पर अपनी बात रखने के कानून की जानकारी जरूरी हैं। कानून अधिकार व कर्तव्य दोनों का समिश्रण है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपनी जिज्ञासा के अनुरुप कई कानुन अधिकार संबधी प्रश्न भी पुछे। जिसका विधिक संगत जानकारी दी गयी। लोगों को निशुल्क कानुन संबन्धि जानकारी के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर आठ एस एच जी आजीविका सखी मंडल को अठारह लाख का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मौके अंचल नजरत कपिलदेव सिंह,पंचायती राज प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार पांडेय, आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, मनरेगा आपरेटर नमन कुमार, सुजीत यादव, रवि यादव, आलोक दुबे मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, सभी प्रखंड, अंचल कर्मी सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व आम जनमानस उपस्थित थे।

## पर्यावरण को बचाना हम माताओं का भी दायित्व है : ऋतृ रानी

**लातेहार।** मातृ भारती के तत्वाधान में रविवार को जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभागार में ऋतु उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृति के धरोहर मातृ अस्तित्व को जगाना, सांस्कृति मुल्यों और शिक्षा का संचार करने पर केन्द्रीत करना, पर्यावरण संरक्षण, एकीकरण, पारिवारिक एकता, महिलाओं में आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, स्वाभिमाान इत्यादि के बारे में जानकारी देना था। साथ ही अपने बच्चों में अपनी संस्कृति और अच्छे संस्कार कैसे डालें इस पर केंद्रित रहा। मौके पर मातृ भारती के लातेहार जिलाध्यक्ष ऋतु रानी पांडेय ने कहा कि जिस तरह आज हमारे देश की संस्कृति पर बाहरी शक्तियों के द्वारा चोट करने का प्रयास किया जा रहा, उससे हम सभी माताओं को सचेत रहना होगा। इसके लिए हम सभी माताओं को एकजुट होकर अपनी संस्कृति को बचाने और अपने बच्चों को कैसे अच्छा संस्कार मिल सके इन बिन्दुओं पर कार्य करना होगा। साथ ही माताओं का आत्मसम्मान बनाए रखने पर गौर करने की भी जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह हम सभी अपने हरा भरा धरती को कचरे से पाटने का प्रयास कर रहे है, यह आने वाले दिनों में पर्यावरण के लिए काफी घातक सिद्ध होगा। इसमें खासकर पॉलिथिन का प्रयोग करना है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में हम सभी पॉलिथिन के ढेर पर खड़े नजर आएंगे और हमारा पर्यावरण पूरी तरह दुषित हो जाएगा, जिससे मानव अस्तित्व पर खतरा मंडराना तय है। इससे बचने के लिए हम माताओं को आगे आना होगा और पॉलिथिन के प्रयोग को बंद करना होगा।

**कार्यक्रम** | शिविर में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाए गए थे

## अंतिम व्यक्ति तक सरकार व न्यायालय की योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य : पीडीजे

- **जरूरतमंदों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया**
- **दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई**

**नवीन मेल संवाददाता**




लातेहार। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस शिविर का उदेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार एवं विधिक सेवा प्राधिकार के योजनाओं को पहुंचाना। जिला के हर व्यक्ति को उचित लाभ मिले, वह अपने मौलिक अधिकार का उपभोग सही तरीके से करे इसके लिए न्यायालय हमेशा आपके साथ है। इसी उद्देश्य से झालसा द्वारा जिला के सभी थाना और प्रखंडों में और नौ पंचायतों में कानूनी सहायता केन्द्र खोले गये है। इसमें प्रधिकार द्वारा पारा लीगल वोलंटियरस की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी तरह की कानूनी सहायता के लिए आप सिविल कोर्ट में आ सकते हैं,आपका हर संभव मदद किया जायेगा। सिंह ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन करने सहित अन्य नियमों के पालन करने की अपील की।

हेरहंज प्रखंड में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, चंदवा प्रखंड में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष तृतीय संजय दत्त द्विवेदी, बालुमाथ एवं बारियातु प्रखंड में सीजेएम विक्रम आन्नद, मनिका प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव श्री शिवम चौरसिया, बरवाडीह प्रखंड में एसडीजेएम प्रणव कुमार एवं गारू तथा महुआडांड प्रखंड में प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्?ट्रेट उत्कर्ष जैन ने शिविर का नेतृत्व किया।

### जनकल्याण शिविर में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

जनकल्याण शिविर के दौरान बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया। साथ ही, मासिक लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया और महत्व की जानकारी दी गई। श्री सिंह ने आम नागरिकों को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, पीड़ित मुआवजा योजना, कोर्ट फीस माफी एवं नालसा स्कीम जैसे विधिक सहायता से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में लाभुकों को आवास योजना, पेंशन योजना तथा दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल जैसी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवम चौरसिया, मुख्यालय डीएसपी जीव कुमार मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन
## ग्रामीणों को घरेलू हिंसा व अंधविश्वास से बचने की है जरूरत : सुनील दत्त द्विवेदी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को विधिक जागरूकता के तहत विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिला एडिशनल सेशन जज तृतीय सुनील दत्त द्विवेदी ने की। शिविर में बीडीओ चंदन कुमार,सीओ जयशंकर पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेशन जज के अलावे अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत बीडीओ चंदन प्रसाद व सीओ जयशंकर पाठक ने प्रखंड व अंचल कार्यालय से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि जिला एडिशनल सेशन जज लातेहार सुनील दत्त द्विवेदी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कोर्ट के द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी का अभाव रहने से ग्रामीण इसका लाभ नही ले पाते है। इसलिए समय समय पर ऐसे कानूनी शिविर का आयोजन सभी प्रखंडो में किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि कानून में भ्रूण हत्या से लेकर हत्या तक के लिए कानून की व्यवस्था है। उन्होंने चाइल्ड ट्रैफिकिंग से सावधान रहने की बात कही। साइबर क्राइम,फ्रॉड कॉल से बचने की सलाह भी दी। बच्चीयों व महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा व अत्याचार पर कानूनी मदद लेने की अपील की। इस दौरान उन्होंने झाड़ फूंक, डायन प्रथा, अंधविश्वास से बचने की बात कही। इसके उपरांत 18 लाख रुपये की परिसम्पत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कर्मी लव कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई महेश सिंह, राजस्व कर्मचारी मुनेश्वर गंझू, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार, पीएलवी सविता दास, हिमांशु कुमार, रणधीर कुमार के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व प्रखंड सह अंचलकर्मी मौजूद थे।

### जर्जर पथ के कारण ग्रामीणों को आवागमन में हो रही है परेशानी

# ग्रामीणों ने सांसद से जर्जर सड़क निर्माण को लेकर लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता





● स्कूली छात्र छात्राओं को विद्यालय तथा बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल आने जाने में काफी कठिनाई होती है

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा नंदवा टोली पथ की स्थिति काफी जर्जर है। जिससे गांव के लोगों को आवागमन में समस्याएं हो रही है। चंदवा नंदवाटोली गांव सरकारी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। जिसे यह गांव सरकारी सुविधाओं के लिये बाट जोह रहा है। चंदवा नंदवाटोली में पथ की समस्या बना हुआ है। वही सांसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला क्षेत्र भ्रमण के दौरान चंदवा नंदवा टोली गांव का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हो कर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया गया। गौरतलब हो कि चंदवा नंदवा टोली गांव जाने के लिए पथ तो है परंतु कच्ची पथ होने के कारण बरसात के दिनों में यातायात की समस्या बनी हुई है। चंदवा नंदवा टोली एक ऐसा गांव है। जहां लम्बे समय से बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जो ग्रामीणों के लिए चुनौती बना हुआ है। प्रखंड मुख्यालय से गांव की दूरी भले ही बहुत जायदा नही है। लेकिन सड़क की कमी के कारण चंदवा नंदवाटोली जाने के लिये कई घंटों का सफर करना पड़ता है।

खास कर बरसात के मौसम में कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। गर्मी में उबड़ खाबड़ रास्ता में ग्रामीण और अन्य राहगीरों को आवागमन करना पड़ता है। जर्जर सफक होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने में और बिमार तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने आने में काफी दिक्कत होती है। वही आर्मी के सेवा निवृत जवान ग्रामीण तितरु उरांव ने बताया कि बरसात में बाजार, अस्पताल या प्रखंड व जिला कार्यालय जाने के लिए पैदल ही कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाएं और छोटे बच्चों के लिए यह समस्या और भी गंभीर है। अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने कहा की हमारे बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कत होती है। बाजार से सामान लाने ले जने में भी समय और मेहनत बर्बाद होता है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क के अभाव में स्थानीय उत्पादों को बाजार तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। जिससे आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ता है। इन सभी बातों को सुन सांसद प्रतिनिधि द्वारा लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को सभी चीजों से अवगत कराते हुए कहा कि बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए अस्थाई बांस से पुलिया का निर्माण किया गया है। जिससे लोग यातायात भी करते है। जैसे तैसे दो पहिया वाहन या साइकिल से मुश्किल से गांव तक पहुंचते है।

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताया गया कि इस पाथ की लंबाई लगभग 2.5 किलोमीटर है। इसमे दो छोटे पुलिया की आवश्यकता है। वही सांसद सुखदेव भगत ने ग्रामीणों की बात प्रतिनिधि के माध्यम से अवगत होते ही समस्या का निदान कराने का भरोसा दिलाया है। सांसद द्वारा त्वरित कारवाई सुनिश्चित करने की बात पर ग्रामीणों ने उनके इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी वर्षों पुरानी मांग अब हकीकत में बदलेगी।

## मुखिया संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त से की मुलाकात, योजनाओं में पारदर्शिता की रखी मांग

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के सभी पंचायतों के सभी 66 पंचायत के मुखिया जिला मुखिया संघ के बैनर तले उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात कर कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वार्ता के दौरान पंचायत के विकास संबंधी कई मुद्दों पर बातचीत हुई। पंचायत में विकास कार्य को लेकर उपायुक्त की ओर से दिशा निर्देश भी दिए गए। जिला मुखिया संघ के द्वारा सौंपी गई ज्ञापन पर त्वरित पहल करते हुए पंचायत को संबंधित विभाग का आईडी, पासवर्ड उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया। मुखिया संघ ने मांग किया कि मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं में पंचायत मुखिया और सचिव को आईडी, पासवर्ड दिया जाए। कहा कि अभी तक प्रखंड कर्मी और कंप्यूटर ऑपरेटर मनमाने ढंग से योजनाओं की एंट्री और एमआईएस भुगतान कर रहे हैं। न तो अभिलेख होते हैं, न ही भौतिक सत्यापन। इससे मुखियाओं को योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। ईमेल और मोबाइल नंबर भी प्रखंड पदाधिकारियों के होते हैं। मुखियाओं ने मांग की कि मनरेगा की तरह 15वें वित्त की एमबी निर्गत करने का अधिकार भी मुखिया और सचिव को मिले। विलंब से एमबी निर्गत होने पर अभिलेख संधारण में दिक्कत होती है। साथ ही, मनरेगा और 15वें वित्त से जुड़ा ईमेल और मोबाइल नंबर मुखिया और सचिव का हो। आईडी, पासवर्ड पंचायत को दिया जाए। एफटीओ का पूरा अधिकार भी पंचायत को मिले। सभी पंचायतों के लिए नया सिक्योर पासवर्ड जारी कर मुखियाओं को सौंपा जाए। मुखियाओं ने यह भी कहा कि जिले के किसी भी विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन पंचायत मुखिया को सौंपा जाए। योजना शुरू करने से पहले संवेदक हार्ड कॉपी सहित पूरी जानकारी पंचायत सचिवालय को दे। सभी पंचायत सचिवालयों में पदस्थापित कर्मियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाए। पंचायत अधीनस्थ शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य उपकेंद्र के सीएचओ, एएनएम, जेएसएलपीएस कर्मी, कृषक मित्र, श्रमिक मित्र, मत्स्य मित्र आदि का मानदेय या वेतन भुगतान मुखिया के सत्यापन के बाद ही हो। पंचायत स्तरीय योजनाओं में बालू की जरूरत होने पर मुखिया के लिखित सत्यापन से बालू गिराने की अनुमति दी जाए। खासकर उन पंचायतों में जहां कैटेगरी-2 बालू घाट नहीं हैं। मुखियाओं ने यह भी कहा कि किसी भी पंचायत कर्मी का तबादला बिना कारण और बिना जानकारी के प्रखंड कार्यालय द्वारा न किया जाए। मुखिया संघ, लोहरदगा ने उपायुक्त से मांग की कि इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र निर्णय लेकर पंचायती राज विभाग को अनुपालन का आदेश दिया जाए। प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार उरांव, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव परमेश्वर महली सहित मुखियागणों में ममता कुमारी, कैली उरांव, धनेश्वरी उरांव, सुमंति तिग्गा, बसंत उरांव, राजू उरांव, राजकिशन उरांव, कामिल टोपनो, धनेश्वरी उरांव, सुमन उरांव, सुनील उरांव सहित अन्य मुखियागण शामिल थे।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** बिहार में इसी वर्ष संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर रणनीति तय करने के उद्देश्य से लोहरदगा नगर स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे भाजपा नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की, जिसमें मंडल के प्रमुख पदाधिकारी, बूथ प्रभारी, वार्ड संयोजक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएं और हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़वाने में सहायता करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि जनता को नाम जुड़वाने, संशोधन या विलोपन की प्रक्रिया के बारे में सही और स्पष्ट जानकारी मिले। बैठक को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का अवसर है। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें, हर घर तक पहुंचें और समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाकर यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर यह भी तय किया गया कि आने वाले दिनों में भाजपा नगर मंडल द्वारा वार्ड स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम, और संपर्क अभियान चलाए जाएंगे, जिससे आम जनता तक निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया सरल भाषा में पहुंचाई जा सके। इस बैठक में प्रदेश कर समिति सदस्य,ओम सिंह, राकेश प्रसाद, उमेश कसकर, लक्ष्मी नारायण भगत, अनिल उरांव, अजय पंकज, विमल कांत सिंह, निधिकांत प्रसाद, समेला भगत, सत्यम कुमार, अशोक कसकर, सरस्वती देवी, संगीता कुमारी, संगीता देवी, विजय खत्री, मनीष कुमार साहू, प्रद्युमन पाठक, नीरज कुमार साहू, विवेक कुमार साहू, राजेश महतो, विजय चंद्रशेखर, रामलाल उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, शंकर प्रजापति, अमरेश भारती सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे पूरे निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के साथ इस अभियान में सहभागी बनेंगे और लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देंगे।

## ददई दुबे का निधन बड़ी क्षति : धीरज प्रसाद




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री ददई दूबे के निधन के बाद शनिवार को पूर्व रास सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू ने बोकारो पहुंच कर पूर्व मंत्री ददई दूबे को श्रद्धांजलि दी। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि ददई दूबे कांग्रेस के साथ-साथ मजदूर यूनियन इंटक के बड़े और सर्वमान्य नेता थे। उनके निधन से कांग्रेस और इंटक को बड़ी क्षति हुई है। वे हमेशा आम लोगों और मजदूरों के लिए संघर्ष करते रहे। वह मजदूरों को उनका अधिकार दिलाने, आम आदमी की समस्या के निराकरण को लेकर समर्पित रहते थे। उनके निधन से पार्टी को जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। ददई दूबे का स्थान कोई नहीं ले सकता है। वे हमेशा पार्टी और आम लोगों के बारे में सोचते थे। मजदूरों को लेकर वह उनके अधिकार को लेकर अक्सर चर्चा करते थे। कहते थे कि उनका जीवन आम जनता और मजदूरों के लिए है। मौके पर पूर्व रास सदस्य धीरज प्रसाद साहू, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी डा. अजय शाहदेव, सच्चिदानंद चौधरी, मृत्युंजय शर्मा, मनोज पांडेय, उदय कुमार सिंह, जवाहर महथा आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा के लिए लगी हुई ब्रैकेटिंग की चोरी : सूरज अग्रवाल

**लोहरदगा।** आजसू केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि जिला अंतर्गत पेशरार प्रखंड जाने वाले पथ के घाटियों में लगे हुए लोहा का ब्रैकेटिंग कई किलोमीटर तक चोरी हो चुकी है। जिस जगह पर आबादी बसती है उस जगह पर चोरी नहीं की गई परंतु जंगलों एवं घाटियों में लगे लोहा का ब्रैकेटिंग चोरी कर चोरों ने गायब कर दिया है जिससे आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना का अंदेशा है। चोर चोरी कर ले गए और जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन मुख दर्शक बनकर बैठी हुई है। जबकि जांच करने पर पता चलेगा कि कोई ना कोई कबाड्डी दुकान में लोहा का प्लेट बिका होगा। पुलिस प्रशासन को छापा मारकर सभी चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य किया जाए ताकि लोगों के जान माल से खिलवाड़ ना हो। पेशरार जाने वाले सड़क पर कई घुमावदार सड़क है और उसके विपरीत ओर सैकड़ो मीटर बड़ी-बड़ी खाई है। सेफ्टी प्लेट हटा देने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ चुकी है। पेशरार जाने वाले सभी वाहन चालक से निवेदन है कि शराब का सेवन कर गाड़ी ना चलाएं अन्यथा सावधानी हटी दुर्घटना घटी और पैर हाथ टूटी।

## सांसद के पहल पर सिंभुटोली में लगा 25 केबी का ट्रांसफार्मर



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** ग्रामीणों को हो रही बिजली समस्या को देखते हुए सांसद सुखदेव भगत के पहल पर प्रखंड के गुड़ी पंचायत के सिंभुटोली में लगाए गए 25 केबी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन रविवार को कैरो प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, लोहरदगा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि मनोज सोन तिर्की,कैरो मण्डल अध्यक्ष महताब आलम के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि सांसद महोदय क्षेत्र की समस्या के प्रति संवेदनशील हैं जहाँ भी उन्हें पता चलता है कि कोई समस्या है उसे दूर करने का प्रयास करते हैं यदि वे स्वयं मौजूद नही रहते हैं तो अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से समस्याओं को दूर कराने का प्रयास करते हैं।उद्घाटन के बाद ग्रामीणों से बातचीत के दौरान ग्रमीणों ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया जिसपर कहा गया कि सांसद महोदय को अवगत कराते हुए पेयजल की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।मौके पर कांग्रेस किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज उराँव, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र लोहरा, शकंर उराँव, अशोक उराँव, सोहराई उराँव,अक्षय , भूषण लोहरा, भीम लोहरा, परमेश्वर लोहरा,लाल मोहन लोहरा आदि उपस्थित थे।

### 30 दिवसीय नि:शुल्क मोबाइल मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा द्वारा 30 दिवसीय निःशुल्क सेलफोन मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना तथा उन्हें एक कुशल, सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से मोबाइल मरम्मत का प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक मरम्मत की सुविधाएं पहुँच सकें और प्रतिभागी अपना स्वरोजगार बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान आरसेटी निदेशक सुरेश भगत ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण गुरुकुल मॉडल पर आधारित है, जिसमें तकनीकी कौशल के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास पर भी जोर दिया जाता है।

## पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पहल पर डायलिसिस मशीन को किया दुरुस्त

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर में पिछले एक सप्ताह से मरीजों का डायलिसिस प्रभावित था। डायलिसिस सेंटर में कुल चार डायलिसिस मशीने हैं।मशीनों में कार्बन की समस्या आ गई थीं। जिसको लेकर डायलिसिस केंद्र संचालित करने वाले एजेंसी को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जल्द मशीनों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। इन सब के बीच समस्या की जानकारी होने पर पूर्व राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से समस्या को लेकर चर्चा की। साथ ही समस्याओं को त्वरित रूप से हल करने को लेकर पहल करने का अनुरोध किए थे। पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला के मरीजों के लिए डायलिसिस सेंटर काफी महत्वपूर्ण है। यहां पर प्रतिदिन आठ से दस मरीज का डायलिसिस होता था। जिससे उन्हें काफी राहत मिल रही थी। काफी कम खर्चे में मरीज को डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो रही थी। डायलिसिस मशीनों के खराब होने से मरीजों को डायलिसिस के लिए रांची जाना पड़ रहा था। उन पर काफी आर्थिक बोझ पड़ रहा था। साथ ही उन्हें शारीरिक परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। धीरज प्रसाद साहू से कहा कि समस्या के त्वरित निराकरण को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने तुरंत पहल कर मशीनों की मरम्मत कराई गई।जिसमें तीन मशीन पूरी तरह से काम कर रही हैं वही एक मशीन को जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने नई मशीन लगाने को लेकर पहल की जा रही हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना, मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने धीरज प्रसाद साहू की प्रशंसा करते हुए कहा कि धीरज प्रसाद साहू समय-समय पर लोहरदगा में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उनके साथ चर्चा करते रहते हैं। यह एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि की पहचान है।

## केंद्र पुराना एनएच-43 में ही सड़क चौड़ीकरण करने का कार्य कराए : सांसद सुखदेव भगत

● सांसद ने मानसून सत्र में इस मामला को संसद में उठाने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया

नवीन मेल संवादाता

**लोहरदगा।** जमीन बचाओ संघर्ष समिति गुमला का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से उनकी आवास में मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा ।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि भारत माला योजना के तहत केंद्र सरकार पुराना एनएच-43 को भरदा खंड चरअम्मा गुमला से छत्तीसगढ़ बॉडर कठकांया तक डाइवर्ट करना चाह रही है । रांची से गुमला हवाई अड्डा बंभनी तक चार लेन सड़क बन चुका है।इसे रायडीह होते हुए छत्तीसगढ़ को जोड़ने का सर्वे भी हो चुका है परंतु इसको छोड़कर नया सर्वे गुमला बाईपास के पीछे लौटकर भरदा चरअंबा गांव से डाइवर्ट किया जा रहा है। उक्त डाइवर्टभट्ट से 19 मौजा के हजारों कृषि जमीन किसानों का चला जाएगा। इसके लिए किसान विरोध पर उतरे हैं ।112 किसान ने जमीन नहीं देने का शपथ पत्र भी दाखिल किया है।प्रतिनिधिमंडल में पुराना एनएच 43 से ही सड़क चौड़ीकरण करने की मांग सांसद से किया। सांसद ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि पुराना एनएच 43 सड़क जो छत्तीसगढ़ जाती है उसे ही केन्द्र सरकार को चौड़ीकरण करना चाहिए। अलग से सड़क निर्माण करने से हजारों एकड़ खेती भूमि किसानों का चला जाएगा जिसके कारण किसानों को अपने जीविकापार्जन करने में बहुत परेशानियों को सामना करना पड़ेगा। सांसद ने कहा कि कि 21 जुलाई से संसद का मौसम सत्र प्रारंभ हो रहा है ये मामला को वे संसद में उठाएंगे तथा संबंधित विभाग के मंत्री से मिलकर उसका निदान करने का प्रयास करने का आश्वासन सांसद ने प्रतिनिधिमंडल को दिया। मौके पर लोथे उरांव ,राजेश मिंज,चापा भगत ,अल्बर्ट कुजूर , गुजरी देवी इत्यादि उपस्थित थे।

### सांसद संसद सत्र में भाग लेने दिल्ली रवाना

लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत 21 जुलाई से प्रारंभ होने वाले संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए आज दिल्ली रवाना हुए। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। श्री साहू ने बताया कि सांसद सुखदेव भगत संसद सत्र में देश ,राज्य एवं स्थानीय स्तर के अनेक मुद्दों को उठाएंगे। इसके साथ 29 जुलाई 11 अगस्त एवं 19 अगस्त को दिल्ली में आयोजित लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक (वन नेशन वन इलेक्शन) पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति जेपीसी की बैठक में भाग लेकर अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे।

### 4 दिवसीय फ्रेंडशिप क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन, थाना प्रभारी ने कहा-

# होनहार खिलाड़ियों की कमी नहीं बस इन्हें निखारने की जरूरत है

नवीन मेल संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड में फ्रेंडशिप क्लब किस्को के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किस्को मिडिल स्कूल खेल मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज एवं अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया ।उद्घाटन मैच एबीसीडी बनाम ग्रीन पार्क मांडर के बीच खेली गई। जिसमें एबीसीडी की टीम 1–0 से विजय हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज ने कहा कि खेल युवाओं के लिए एक बेहतर प्लेटफॉर्म है अपने भविष्य के निर्माण के लिए खेल से युवा बेहतर कल का निर्माण करती है शारीरिक निर्माण के साथ मानसिक रूप से मजबूती मिलती है शिक्षा और खेल दो ऐसे कार्य है जो बेहतर भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन सह फाइनल 23 जुलाई बुधवार को समय 3 बजे किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में राज्य के अलग–अलग जिलों से कुल 32 टीम भाग ले रही है , जिसमें विजेता टीमों को फ्रेंडशिप क्लब के द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष असलम अंसारी, मुख्य संरक्षक रामपाल उरांव, मतीउल्लाह परवेज, जग्गू उरांव, उल्फत अंसारी, अख्तर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पांच दिनों के बाद लापता अजय साहू उर्फ गोलू पहुंचे अपने घर

**लोहरदगा।** 14 जुलाई (सोमवार) को पहाड़ी मंदिर रांची के पास से लापता हुए अजय साहू उर्फ गोलू आज अपने घर सही सलामत पहुंच गए हैं। महाकाल क्लब के आजीवन संरक्षक बलराम साहू एवं महाकाल क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा लोहरदगा एवं रांची जिला के सभी थाना,रेलवे थाना को सूचित किया गया था, एवं पिछले 5 दिनों से लोहरदगा और रांची जिला के विभिन्न स्थानों पर तलाश किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप रविवार प्रातः 9:00 बजे उन्हें अरगोड़ा स्टेशन में पाया गया। परिजनों को सूचित करते हुए उन्हें सकुशल उनके परिवार को सौंप दिया गया है। बता दूं कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डन निवासी अजय साहू उर्फ गोलू 13 जुलाई दिन रविवार को कांवड़ यात्रा में पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना हुए थे।

## दफादार चौकीदार पंचायत ने संस्थापक राम अवधेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत, लोहरदगा जिला इकाई द्वारा संगठन के संस्थापक एवं पूर्व सांसद दिवंगत राम अवधेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण के रूप में कुडू बहुउद्देशीय भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने की। इस दौरान दिवंगत राम अवधेश सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने स्वर्गीय राम अवधेश सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 23 मार्च 1967 को बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की स्थापना की थी और चौकीदारों के हित में आजीवन संघर्ष करते रहे। झारखंड के अलग होने के बाद इसी संगठन को झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के नाम से पुनर्गठित किया गया। जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने कहा कि राम अवधेश सिंह ने चौकीदारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलवाने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से झारखंड सरकार भी चौकीदारों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त करने को विवश हुई। 1990 से लगातार यह प्रक्रिया जारी रही, लेकिन हाल के वर्षों में हाईकोर्ट के हवाले से बहाली पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा को छोड़ कर अन्य जिलों में सरकार ने नियमों को दरकिनार कर नियुक्तियाँ की हैं, जो अनुचित है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने चेतावनी दी कि यदि चौकीदारों के हितों की अनदेखी जारी रही, तो संगठन राज्यव्यापी आंदोलन करेगा। इस अवसर पर राज्य के संयुक्त सचिव निजावत अंसारी, जिला सचिव मिथिलेश यादव, राजू कुमार राम, सफेदा खातून, पूनम उरांव, रवीर देवी, सेरा उरांव, दुर्गा महली, सुजीत उरांव, मालती देवी, हाजी हकीमुल, क्लेसर महतो, बरसा उरांव, कमल उरांव, देवेन्द्र उरांव, कर्मा उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

# 10 दीदियों से शुरू हुई पहल बनी 3.5 करोड़ की ग्रामीण ब्रांड

## रागी मिशन ने बदली हजारों किसानों व महिलाओं की तकदीर, बना आत्मनिर्भरता का राष्ट्रीय प्रतीक

**रणधीर निधि**

**गुमला।** झारखंड का गुमला जिला आज ग्रामीण नवाचार, महिला सशक्तिकरण और पारंपरिक कृषि उत्पादों के व्यवसायीकरण का राष्ट्रीय उदाहरण बन चुका है। महज दस दीदियों से वर्ष 2022 में शुरू हुआ जोहार रागी मिशन आज 35 हजार से अधिक किसानों और 514 महिला शेयरधारकों की जीविका का आधार और देशभर में ग्रामोदय से भारत उदय की सशक्त मिसाल बन गया है। इस मिशन का वार्षिक कारोबार 3.5 करोड़ रुपये को पार कर चुका है और यह सफलता केवल ग्रामीण महिलाओं के हाथों से संचालित एक आंदोलन के रूप में राष्ट्रीय मंचों पर पहचान बना रही है।

इस रागी मिशन की नींव तत्कालीन उपायुक्त सुशांत गौरव ने रखी थी, जिनकी प्रशासनिक दूरदृष्टि, नवाचार की समझ और ग्रामीणों के साथ गहरी संवेदनशीलता ने गुमला में पारंपरिक फसल मड़ुआ (रागी) को एक आधुनिक ब्रांड का रूप दे दिया। उनके नेतृत्व में मात्र 10 महिलाएं और 5000 किसान इस पहल से जुड़े और धीरे-धीरे यह प्रयास लगातार फैलता गया। बाद में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस पहल को और विस्तार देते हुए इसके बाजार ढांचे, प्रोसेसिंग यूनिट, पैकेजिंग और ऑनलाइन ब्रांडिंग को सुदृढ़ किया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी

- **एक दूरदर्शी प्रशासनिक सोच की शुरुआत, जो बनी एक जनांदोलन**
- **514 महिला शेयरधारक, 35 हजार किसान, 3.5 करोड़ का टर्नओवर**
- **दीदियों की सफलता बनी राज्यभर में प्रेरणा**
- **पोषण और पुनर्वास में रागी मिशन की भूमिका**
- **स्वास्थ्य और स्वाद का संगम, पूरी तरह रसायनमुक्त उत्पाद**

(जेएसएलपीएस) गुमला की टीम ने इसकी व्यावसायिक रणनीति, मार्केटिंग और आपूर्ति श्रृंखला को संबल प्रदान किया।

इस मिशन में अब तक 514 महिला शेयरधारक सक्रिय रूप से शामिल हैं और 35 हजार से अधिक किसान रागी की जैविक खेती से जुड़ चुके हैं। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में जोहार रागी ब्रांड ने 3.5 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है और इसकी उत्पाद श्रृंखला तथा बाजार पहुंच निरंतर विस्तृत हो रही है।

जोहार रागी मिशन के सीईओ राहुल कुमार साहू बताते हैं कि सभी उत्पाद सौ फीसदी रागी से बने हैं जो न केवल स्वादिष्ट और पोषणयुक्त हैं बल्कि पूर्णतः रसायनमुक्त भी हैं। वर्तमान उत्पादों में शामिल हैं —रागी लड्डू, कुकीज, ठेकुआ, निमकी, मिक्चर, भुजिया, चिप्स, मसाला बुंदी और आटा। वहीं जल्द ही बाजार में उतरने वाले कुकीज के नए फ्लेवर हैं —चोकोफिल, मोरिंगा, बनाना, मैंगो, ऑरेंज, अलसी, जीरा और वेनिला। इसके अलावा चिप्स और मिक्चर के नए वेरायटी जैसे टोमैटो, चिल्ली, पेरिपेरी और खट्टा-मीठा लॉन्च की तैयारी में हैं। साथ ही रागी चुड़ा और नूडल्स पर भी कार्य प्रगति पर है।

रागी मिशन अब स्वास्थ्य एवं पोषण मिशनों का भी हिस्सा बन चुका है। हिंडाल्को सीएसआर योजना के तहत घाघरा व विशुनपुर प्रखंडों में टीबी रोगियों को रागी लड्डू का नियमित सेवन कराया गया, जिससे 213 मरीज पूर्णतः स्वस्थ हुए। इस सफलता को देखते हुए इस योजना को अब पूरे जिले में लागू करने की दिशा में कार्य हो रहा है।

गुमला की महिलाएं अब झारखंड के अन्य जिलों में प्रशिक्षणदाता के रूप में जा रही हैं। आरबीआई झारखंड ने इस मिशन को पूरे राज्य में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत किया है। यह पहल अब महिला उद्यमिता का नया अध्याय लिख रही है, जहां ग्रामीण दीदियों ने अपने परिश्रम और समर्पण से पूरे राज्य की महिलाओं को प्रेरणा दी है।

यह सफलता कहानी है संकल्प की, संघर्ष की, और उस नई क्रांति की जो ग्रामीण भारत के भविष्य को पुनर्परिभाषित कर रही है।






### ग्लोबल मंचों पर गूंजा गुमला का नाम

बीआईटी मेसरा में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फूड केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी एंड प्रोसेस इंजीनियरिंग फॉर वेलनेस एंड हेल्थ में मिशन से जुड़ी कुंवारी बरवा ने भाग लिया और गुमला की सफलता को वैश्विक शोधकर्ताओं के सामने प्रस्तुत किया, जिसने देश-विदेश के विशेषज्ञों को प्रभावित किया।

### मिलेट कैफे बना ब्रांडिंग का आकर्षण

गुमला के जशपुर रोड स्टेडियम के समीप स्थित "मिलेट कैफे" इस मिशन का एक प्रमुख आउटलेट है। यहां पर रागी से बने लड्डू, कुकीज, मिक्चर सहित तमाम पैकेज्ड आईटम बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यही नहीं रागी आधारित समोसा, इडली, पीठा, पकौड़ी, आलू चॉप भी यहाँ परोसे जाते हैं। इन व्यंजनों की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और स्थानीय ग्राहक इनका स्वाद लेने के लिए विशेष रूप से पहुंचते हैं।



### रागी मिशन को मिला राष्ट्रीय सम्मान, विशिष्ट पहचान

गुमला की महिलाओं के श्रम, दीर्घदर्शी प्रशासनिक सोच और पारंपरिक कृषि नवाचार को मिलाकर जो रूप सामने आया है, वह अब राष्ट्रीय पहचान बन चुका है। यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित भी हो चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि एक छोटे जिले से उठी लहर देशभर में बदलाव की धारा बन सकती है।

### शहरी बाजार में तेज़ी से विस्तार

जोहार रागी मिशन के उत्पाद अब एमेजॉन, फ्लिपकार्ट और रागिमिशन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपलब्ध हैं। साथ ही रिलायंस स्मार्ट बाजार, रांची में हर बुधवार को इन उत्पादों की विशेष बिक्री होती है।

### ग्रामोदय से भारत उदय की प्रेरक मिसाल

गुमला का जोहार रागी मिशन केवल एक कृषि आधारित परियोजना नहीं, बल्कि यह प्रमाण है कि जब गांव की महिलाएं नेतृत्व करें, प्रशासनिक सोच व समर्थन उन्हें मिले व पारंपरिक संसाधनों को नवाचार से जोड़ा जाए तो कोई भी पिछड़ा क्षेत्र देश की आर्थिक वसामाजिक रीढ़ बन सकता है।

### ग्रामोदय से भारत उदय की प्रेरक मिसाल

गुमला का जोहार रागी मिशन केवल एक कृषि आधारित परियोजना नहीं, बल्कि यह प्रमाण है कि जब गांव की महिलाएं नेतृत्व करें, प्रशासनिक सोच और समर्थन उन्हें मिले और पारंपरिक संसाधनों को नवाचार से जोड़ा जाए तो कोई भी पिछड़ा क्षेत्र देश की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ बन सकता है।

---

### जशपुर रोड से हटाए गए सब्जी दुकानदारों की चेतावनी

# न नौकरी मिली, न दुकान की जगह और आत्मदाह ही है अंतिम रास्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जशपुर रोड से अतिक्रमण हटाने के नाम पर सब्जी दुकानों को उजाड़े जाने के बाद अब हालात गंभीर हो चले हैं। सड़क किनारे से हटाए गए सब्जी विक्रेताओं ने 21 जुलाई को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। दुकानदारों ने कहा है कि 19 जुलाई तक का समय प्रशासन को दिया गया था, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। अब आत्मदाह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

दुकानदारों की मांग है कि या तो उन्हें 20 से 25 हजार रुपये की नौकरी दी जाए, या फिर जशपुर रोड पर 10-10 फीट की दूरी पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। इसी मांग को लेकर देवकी देवी, गायत्री, गुलाफो देवी, उपेंद्र महतो, पूनम देवी बी, आभा रानी, मीना देवी, सीता देवी, किशोर

- **जेसीबी से खुदाई कराकर रोका रोज़गार**
- **शेड में नहीं मिलती बिक्री, सड़क पर बैठने को मजबूर**

साहू, माया कुजूर, संगीता देवी, संध्या देवी, केशो देवी समेत कई सब्जी विक्रेताओं ने डीसी, एसडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

विक्रेताओं का आरोप है कि जहां पहले वे सब्जी बेचते थे, प्रशासन ने वहां जानबूझकर जेसीबी से खुदाई करवा दी, जिससे दुकान लगाना असंभव हो गया। इसी के बाद से वे भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। कई दुकानदारों ने नगर परिषद से 10 से 50 हजार रुपये तक का ऋण लिया है, जिसे वे अब चुका नहीं पा रहे हैं। प्रशासन द्वारा हनुमान मंदिर टंगरा के शेड में बिक्री की व्यवस्था की गई थी, लेकिन दुकानदारों का कहना है कि वहां ग्राहक नहीं पहुंचते और बिक्री न के बराबर होती है। मजबूरी में वे फिर से सड़क किनारे दुकान लगाने को मजबूर हुए हैं।

विक्रेताओं ने कहा कि अगर प्रशासन आत्मदाह रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार करता है, तो वह भी स्वीकार है, लेकिन अब उनकी सुनवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को गरीबों की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है, और अब उनके पास आत्मदाह के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

ज्ञात हो कि कुछ सप्ताह पहले जिला प्रशासन ने जशपुर रोड को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए सड़क किनारे बैठे सब्जी विक्रेताओं को हटा दिया था। इस कार्रवाई के बाद प्रशासन और दुकानदारों के बीच तीखी झड़प हुई थी, और दुकानदारों ने सड़क जाम कर विरोध जताया था।

---

### पागल कुत्ते का आतंक

# गिद्दखोता गांव में अब तक चार लोग घायल, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रायडीह (गुमला)।** सुरसांग थाना अंतर्गत पूर्वी क्षेत्र के गिद्दखोता गांव में एक पागल कुत्ते ने दहशत फैला दी है। यह कुत्ता अब तक बैल-बकरी के साथ-साथ इंसानों को भी निशाना बना चुका है। गांव के अलग-अलग टोलों के चार लोगों को काटकर वह घायल कर चुका है, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले गांव के ही दयानंद पांडे को इस कुत्ते ने काटा। इसके बाद पानी लाने जा रही एक बच्ची पूजा कुमारी पर हमला कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने पूजा को इलाज के लिए रायडीह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पागल कुत्ते को पकड़ने और क्षेत्र में आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की मांग की है, ताकि और किसी अनहोनी से बचा जा सके। ग्रामीणों की अपील: "तुरंत कार्रवाई हो, नहीं तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।"

# कुएं से मिला लापता युवक का शव

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव में शनिवार देर शाम एक कुएं से 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। युवक पिछले दो दिनों से लापता था। मृतक की पहचान बेंदोरा निवासी फेलिनदर लोहरा, पिता चैतुल लोहरा के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, फेलिनदर लोहरा दो दिन पहले घर से निकला था और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन जब वह नहीं मिला तो उन्होंने चैनपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को गांव के कुछ लोग नावा बगीचा स्थित कुएं में नहाने गए थे, तभी उन्होंने कुएं में एक शव तैरते हुए देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी।

---

### आज अंजुमन इस्लामिया व ट्रस्ट डीड की संयुक्त बैठक

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला और अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट डीड की संयुक्त बैठक 21 जुलाई (सोमवार) को शाम 7:30 बजे अंजुमन इस्लामिया कमिटी हॉल, थाना रोड गुमला में आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन मगरिब की नमाज के बाद किया गया है। इस बाबत अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आज़मी और सचिव मकसूद आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य कौम की बेहतरी और ट्रस्ट डीड से जुड़ी खामियों को दूर करने की दिशा में ठोस निर्णय लेना है। बैठक का आयोजन 18 जुलाई 2025 को सौंपे गए प्रतिज्ञा पत्र के आधार पर किया गया है, जिसे ट्रस्ट डीड के उप सचिव मो. अफरोज कुरैशी और कार्यकारिणी सदस्यों मो. करीम, मो. समीम वारसी, शकील अहमद, मो. इमतियाज, रेयाज खान और कलीम अहमद ने मिलकर प्रस्तुत किया था। इस पत्र में ट्रस्ट डीड की कई व्यवस्थागत कमियों को इंगित करते हुए एक आम सभा बुलाने की अपील की गई थी, जिससे इन खामियों को संवाद के माध्यम से हल किया जा सके।

---

### बंधु तिर्की ने बनहोरा गांव में किया धान रोपनी

# खुद हल चलाकर किसानों को दिया सम्मान का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष व गुमला जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की ने रविवार को बनहोरा गांव पहुंचकर किसानों के साथ धान रोपनी में भाग लिया। वे खुद खेत में उतरे, हल चलाया और मिट्टी से रिश्ता निभाया। इस अवसर पर उन्होंने मशहूर कवि डॉ. अनुज लुगुन का जनगीत "रोपा रोपे गेले रे डिंडा दंगोड़ी, गुन्‍नु उपारे जिलिपी लगाये..." भी गाया, जिससे खेत में मौजूद ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ।

बंधु तिर्की ने कहा कि धान रोपनी केवल कृषि कार्य नहीं, बल्कि किसानों का आत्मगौरव और एक तरह का उत्सव है। उन्होंने सभी किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस साल खेत लहलहाएं और मेहनत का पूरा फल मिले। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर खेत में काम कर एकजुटता और सहयोग का संदेश भी दिया।

इस मौके पर गुमला जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि बंधु तिर्की वास्तव में ज़मीन से जुड़े नेता हैं। वे हर काम को पूरी लगन और सच्चाई के साथ करते हैं। इसलिए जनता उन्हें "झारखंड का मसीहा" कहकर सम्मानित करती है।

---

# ई-कोर्ट दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के अधिवक्ताओं और अधिवक्ताओं के कलर्कस को नए कानून और कानूनी प्रक्रियाओं के नवाचार से अवगत कराने के लिए रविवार को बार भवन के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट गुमला के सौजन्य से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यशाला में न्यायालय और उच्च न्यायालयों में मुकदमों की ई फाइलिंग और ई- कोर्ट के माध्यम से कोर्ट के निर्णय व आदेशों के साथ तारीखों की जानकारी सुगमता पूर्वक प्राप्त करने के संबंध में जिला



एवं सत्र न्यायाधीश श्री मिश्र के द्वारा दी गई। अधिवक्ताओं और अधिवक्ता कलर्कस को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए तकनीकी रूप से दक्ष होना कितना लाभदायक है उससे भी अवगत कराया गया। मौके पर प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश धुव्रचंद्र मिश्र ने अधिवक्ताओं को मोटर वाहन दुर्घटना दावा और दीवानी मुकदमों से संबंधित वादों के संचालान के लिए कुछ सरल तरीके अपनाने के गुर बताएं जिससे अधिक से अधिक पीडितों सस्ता और त्वरित न्याय की आस लगाए लोगों का भला हो सके। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं और अधिवक्ता क्लर्को की सुविधा के लिए सच्ची प्रतिलिपि प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किए जाने की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीएलएसए के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता रजिस्ट्रार प्रतीक राज चीफ एएडीसी देवेंद्र नाथ ओहदार ने भी महत्वपूर्ण कानूनी बिंदुओं पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। जबकि न्यायालय के सहायक नितिन कुमार और धीरज कुमार ने कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल के माध्यम से रीट आवेदन सहित अन्य कागजातों को स्कैन करने और फाइल करने के तरीकों की तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर हेमंत कुमार राय आरके वर्मा सहित तापस कुमार लाल अमर कुमार शशि रंजन अखौरी बलदेव शर्मा बंशीधर मिश्रा विनोद शुक्ला कौशिक राम जितेंद्र सिंह संतोष सिंह सृष्टि रॉय आर्यन खान अवनीत पांडेय सहित अनेक अधिवक्ता और अधिवक्ता कलर्क उपस्थित थे।

---

### चैनपुर में फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज़

# थाना प्रभारी ने दिया खेल भावना व जागरूकता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लूथरन मैदान में रविवार को एक भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज़ हुआ। यह उद्घाटन मैच टोंगो और जयपुर के बीच खेला गया, जिसका आयोजन युवा संघ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार और एएसआई नंदकिशोर कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। रेफरी द्वारा खिलाड़ियों का परिचय कराने के बाद, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने स्वयं गेंद को किक मारकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया।



थाना प्रभारी ने दिया खेल भावना और महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश इस मौके पर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हार-जीत तो खेल का हिस्सा है और यह बनी रहती है। खिलाड़ियों के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण जागरूकता संदेश भी दिए नशे से दूर रहें उन्होंने सभी से नशापान से दूर रहने की अपील की।यातायात नियमों का पालन करें वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर दिया।आत्महत्या कोई समाधान नहीं युवा वर्ग में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है, और सभी को एक अच्छे ढंग से जीवन जीना चाहिए ताकि उनके साथ-साथ परिवार को भी इसका खामियाजा न भुगतना पड़े।साइबर धोखाधड़ी से बचें उन्होंने लोगों को सरकार की फसल बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, लेकिन साथ ही आगाह किया कि वे फोन पर आने वाले "आपके नाम से गाड़ी आई है" या "पैसा डबल हो जाएगा" जैसे भ्रामक संदेशों से सावधान रहें व ऐसे धोखे में न पड़ें। थाना प्रभारी ने इन महत्वपूर्ण बातों को लेकर सभी को जागरूक किया, जिससे प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह खेल व सामाजिक जागरूकता का एक बेहतरीन संगम बन गया।

---

### परेशानी | लगातार चैनपुर में भारी बारिश का कहर

# विधवा बेसहार महिला का कच्चा घर गिरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के चैनपुर मुख्यालय स्थित प्रेमनगर खोपाटोली निवासी मीणा देवी के जीवन में बारिश आफत बनकर टूटी। भारी बारिश के कारण उनका कच्चा मिट्टी का मकान अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। हादसे के समय मीणा देवी घर में खाना बना रही थीं। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, हालांकि इस दौरान उनके पैर में हल्की चोट भी आई।

मीणा देवी ने बताया कि वह विधवा हैं, बेसहारा हैं और घर में अकेली रहती हैं। अब बारिश के इस मौसम में रहने और खाने




की भारी दिक्कत हो गई है। उनके अनुसार ना उन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है और ना ही राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का। पक्के मकान का सपना अब टूटता नजर आ रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर की जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा मौके पर पहुंचीं और पीड़िता को 50 किलो चावल व आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मदद से भावुक मीणा देवी की आंखों से आंसू छलक पड़े। मेरी लकड़ा ने भरोसा दिलाया कि वे हर संभव सहायता करेंगी और प्रशासन से भी मदद दिलाने का प्रयास करेंगी।

मीणा देवी, पीड़िता ने कहा की "घर गिरने के बाद अब सिर छुपाने की जगह नहीं है, खाना बनाना और सोना मुश्किल हो गया है। पक्के मकान का सपना अधूरा है।"मेरी लकड़ा, जिला परिषद सदस्य, चैनपुर ने कहा की हमारी पूरी कोशिश है कि मीणा देवी को यथाशीघ्र आवास योजना का लाभ दिलाया जाए और हर संभव मदद पहुंचाई जाए।

---

# सांसद को कांग्रेस का मीडिया व सोशल मीडिया ऑब्जर्वर नियुक्त, संगठन को मिलेगी नई धार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए लोहरदगा से सांसद डॉ. सुखदेव भगत को राज्य का मीडिया और सोशल मीडिया ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने यह जिम्मेदारी उन्हें पार्टी के झारखंड प्रभारी के. राजू के निर्देश पर सौंपी है, जिसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में दी गई।

नई भूमिका में डॉ. सुखदेव भगत अब झारखंड में कांग्रेस की मीडिया और सोशल मीडिया इकाइयों को नई दिशा देंगे। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे पार्टी की उपस्थिति को डिजिटल और परंपरागत मीडिया में सशक्त बनाएं और जनता के बीच





पार्टी की सकारात्मक छवि को मजबूती से प्रस्तुत करें।

सांसद भगत को नई जिम्मेदारी मिलने पर गुमला जिला कांग्रेस में उत्साह का माहौल है। पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, जिला सचिव तरुण गोप, महासचिव फिरोज आलम, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, सैय्यद खालिद, अकील रहमान, रमेश कुमार चीनी, आशिक अंसारी, आजाद अंसारी, मो. शादाब, मो. मीरा सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। आरिफ हुसैन अख्तर ने कहा कि, सांसद सुखदेव भगत एक कुशल नेतृत्वकर्ता हैं, जिनमें संगठनात्मक क्षमता और अनुभव दोनों है। उनके मार्गदर्शन में पार्टी का मीडिया और सोशल मीडिया विभाग निश्चित रूप से और अधिक सक्रिय, परिपक्व और जनसंपर्क में प्रभावशाली होगा।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

कभी मत सोचिए कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि 'तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं'। **- स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# आतंकी पाकिस्तान पर एक और वार

अमेरिकी विदेश मंत्रालय का द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करना आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति मिलने जैसा है; यह आतंकवाद को संरक्षण देने के पाकिस्तान के पुराने रुख को वैश्विक मंच पर बेनकाब भी करता है, जो भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब कुछ ही महीने पहले पहलगाम हमले के संदर्भ में सुरक्षा परिषद के बयान की भाषा को चीन ने पाकिस्तान के साथ मिलकर थोड़ा नरम कर दिया था। भारत ने लगातार यह बात उठाई है कि टीआरएफ व अन्य आतंकी संगठनों को पाकिस्तान से समर्थन मिलता रहा है। ऐसे में, विदेश मंत्री जयशंकर ने उचित ही इस कदम की सराहना करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के सहयोग का एक ठोस प्रमाण बताया है। अमेरिका द्वारा टीआरएफ को फॉरेन टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ) और स्पेशली डेजिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट (एसडीजीटी) के रूप में नामित करने से इस संगठन की वित्तीय गतिविधियों पर अंकुश लगने के साथ ही इसके सदस्यों की संपत्ति की जब्ती, यात्रा प्रतिबंध व अन्य कानूनी कार्रवाइयों का रास्ता भी खुलेगा। इसके अलावा, यह कदम भारत को एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को फिर से ग्रे सूची में शामिल कराने में मदद दे सकता है। एफएटीएफ, जो धन शोधन और आतंकवाद की फंडिंग को रोकने के लिए वैश्विक मानक स्थापित करता है, ने पहले भी 2008-09, 2012-15 और 2018-22 के दौरान पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखा था। दरअसल, भारत का तर्क है कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफलता दिखाई है, जिसकी पुष्टि पहलगाम जैसे आतंकी हमलों से होती है। हालांकि, जिस तरह से चीन ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों मसलन, जैश के सरगना मौलाना मसूद अजहर के भाई अब्दुल रऊफ असगर, जो 2001 में भारतीय संसद पर हमले का मास्टरमाइंड था और साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल होने का मार्ग अवरुद्ध किया, उससे पता चलता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी जटिल है। अब भारत को इसका उपयोग करते हुए एफएटीएफ में अपने तर्क को मजबूती से रखना होगा और इसके लिए मेक्सिको, अर्जेंटीना, कनाडा और डेनमार्क जैसे देशों का कूटनीतिक समर्थन जुटाना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जब तक आतंक के सरपरस्तों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुली छूट मिलती रहेगी, तब तक आतंकवाद के खिलाफ जंग अधूरी रहेगी। अमेरिकी विदेश मंत्री मर्को रुबियो ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का प्रमाण है। रुबियो ने कहा कि टीआरएफ को विशेष रूप से चिन्हित वैश्विक आतंकी के रूप में भी नामित किया गया है। टीआरएफ और इससे जुड़े सभी नाम अब एलईटी की आतंकी सूची में शामिल कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने एलईटी की आतंकी संगठन के रूप में पहले से मौजूद पहचान को भी बरकरार रखा है।पाकिस्तान इसे नकारता रहा है इसलिए कार्रवाई चलती रहनी चाहिए।

*भारत ने लगातार यह बात उठाई है कि टीआरएफ व अन्य आतंकी संगठनों को पाकिस्तान से समर्थन मिलता रहा है।*

# भारत में उपभोग के मामले में घटती असमानता के आंकड़े को सराहना क्यों मिलनी चाहिए ?

हाल में भारत के उपभोग-आधारित गिनी गुणांक में आई गिरावट ने एक जबरदस्त चर्चा को जन्म दिया है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी गुणांक 2011-12 में 28.8 से घटकर 2022-23 में 25.5 हो गया है। गिनी गुणांक में यह गिरावट तब और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब इसकी तुलना विशेष रूप से विश्व असमानता डेटाबेस (डब्ल्यूआईडी) के आय-आधारित अनुमानों के साथ की जाती है। असमानता संबंधी इस डेटाबेस ने 2023 में भारत के गिनी को स्पष्ट रूप से 62 के चिंताजनक स्तर पर रखा था। इस स्पष्ट असंगति को समझने के लिए अंतर्निहित आयामों, डेटा स्त्रोतों और वैचारिक ढांचे का गहन विश्लेषण जरूरी है। इसके बाद बात एक ऐसे तार्किक आलोचनात्मक विमर्श की आती है - जो पद्धतिगत असंगतियों को ठोस आर्थिक हकीकतों से अलग करके देखता है तथा असमानता को दूर करने के मौलिक रूप से भिन्न उपायों को एक साथ मिलाने के खतरों पर प्रकाश डालता है। इस भिन्नता के मूल में एक महत्वपूर्ण वैचारिक अंतर है: उपभोग संबंधी असमानता और आय संबंधी असमानता के बीच का अंतर। विशाल अनौपचारिक श्रमशक्ति, व्यापक पैमाने पर वस्तुओं का लेनदेन करने और तेजी से विस्तारित होती कल्याणकारी संरचना वाले भारत जैसे देश में आय अक्सर अस्थिर होती है और उसके बारे में कम रिपोर्ट की जाती है या उसका व्यापक रूप से उल्लेख कठिन होता है। इसके उलट, उपभोग समय के साथ अधिक सुचारू होता जाता है और यह वास्तविक जीवन स्तर को ज्यादा सही तरीके से प्रतिबिंबित करता है। विश्व बैंक का गरीबी एवं असमानता मंच (पीआईपी) राष्ट्रीय संदर्भ के आधार पर प्रयोज्य आय या उपभोग संबंधी व्यय का उपयोग करते हुए इस तर्क को अपनाता है। यहां यह जानना उचित होगा कि विश्व बैंक ने अपने "विश्व बैंक का असमानता संबंधी नया सूचक" शीर्षक वाले शोध-पत्र में उपभोग आधारित गिनी को आय आधारित गिनी और आय आधारित गिनी को उपभोग आधारित गिनी में बदलने का तरीका सुझाया है। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि 84 देश-वर्षों में, जहां उपभोग आधारित तथा आय आधारित दोनों गुणांकों के आंकड़े उपलब्ध थे, आय व उपभोग आधारित गिनी गुणांकों का औसत अनुपात 1.13 है। इस औसत अनुपात को भारत के 25.5 के उपभोग-आधारित गिनी गुणांक पर सीधे लागू करने पर लगभग 28.8 की आय आधारित गिनी हासिल होती है।परिणामस्वरुप, आय-समतुल्य मान्यताओं के तहत भारत अभी भी 12वें स्थान पर है। यह सरल अनुमान पीआईपी डाटाबेस के भीतर कल्याण के विभिन्न प्रकारों की तुलना करने का एक तरीका सुझाता है। इससे एक प्रासंगिक सवाल उठता है कि इस उपाय को व्यापक रूप से स्वीकार क्यों नहीं किया गया है? इसका जवाब शायद चुनिंदा रूप से बाहरी अनुमानों पर निर्भरता की प्रवृत्ति में निहित है। जब विभिन्न देशों के बीच तुलना के लिए दिए गए सरल अनुमान का उपयोग किया जाता है, तो आय के संदर्भ में मापे जाने पर भी भारत की असमानता संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में काफी कम दिखाई देती है। उपभोग आधारित कल्याण का दृष्टिकोण अपनाने वाले 48 देशों की सूची में, भारत तीसरे स्थान पर है। पीआईपी डाटाबेस में भारत का 25.5 का उपभोग आधारित गिनी गुणांक भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय है।उदाहरण के लिए, चीन का उपभोग आधारित गिनी उसी डेटाबेस के अनुसार और कल्याण की उसी अवधारणा का उपयोग करते हुए 35.7 है। लगभग 10 अंकों का यह अंतर बेहद उल्लेखनीय है। प्रश्न है कि बड़े पैमाने वाली समाज कल्याण योजनाओं का प्रभाव स्पष्ट रूप से आलोचना से दायरे से गायब क्यों है? भारत जैसे देश में सब्सिडीयुक्त भोजन, एलपीजी, आवास, ग्रामीण रोजगार, स्वास्थ्य बीमा और प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण जैसे बड़े पैमाने वाले समाज कल्याण कार्यक्रमों ने गरीबों के जीवन स्तर को काफी हद तक बेहतर बनाया है।जिससे उपभोग निश्चित रूप से आय की तुलना में अधिक होगा और अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित होगा। पीएलएफएस डेटा के अनुसार, नियमित वेतनभोगी कर्मचारी की औसत मासिक कमाई लगभग 21000 रुपये और स्व-नियोजित व्यक्ति की औसत मासिक कमाई लगभग 14000 रुपये है।अनियमित मजदूर की प्रतिदिन की औसत कमाई 433 रुपये है। गरीबी में भी नाटकीय गिरावट आई है तथा चरम गरीबी की दर 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गई है। कुल 3.65 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन की निम्न-मध्यम-आय रेखा पर, गरीबी 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई है।डब्ल्यूआईडी के अनुमानों को बिना सोचे-समझे स्वीकार करने से पहले, क्या हमें यह नहीं जानना चाहिए कि ये अनुमान आखिर क्या माप रहे हैं?डब्ल्यूआईडी डेटाबेस की बात करें तो, उनकी आय संबंधी मानक अवधारणा है: "कर-पूर्व, प्रतिस्थापन-पश्चात राष्ट्रीय आय"-यानी करों और हस्तांतरणों से पहले, पेंशन और बेरोजगारी लाभ जैसे सामाजिक बीमा घटकों को छोड़कर।इसका मतलब है कि वे अधिकांश गैर-अंशदायी कल्याणकारी हस्तांतरणों-जैसे कि भारत का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), खाद्य सब्सिडी, एलपीजी से जुड़ी योजनाएं, आयुष्मान भारत, ग्रामीण आवास आदि - को छोड़ देते हैं।भारत की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली अंशदायी बीमा की तुलना में गैर-अंशदायी हस्तांतरणों पर कहीं अधिक निर्भर करती है। इन्हें डब्ल्यूआईडी की आय संबंधी अवधारणा में शामिल नहीं किया जाता, भले ही ये वास्तविक आय और क्रय शक्ति को भौतिक रूप से क्यों न बढ़ाते हों। आयकर रिटर्न (आईटीआर) संबंधी आंकड़ों का उपयोग करके अनुमान लगाया गया गिनी गुणांक यह दर्शाता है कि व्यक्तिगत आय में असमानता आकलन वर्ष 2015 (वित्तीय वर्ष 2014) से लेकर आकलन वर्ष 2023 (वित्तीय वर्ष 2022) के दौरान 0.472 से घटकर 0.402 हो गई है।आकलन वर्ष 2024 का घंटी के आकार का वक्र और भी कुछ कहता है।यह तर्क देना कि केवल चुनिंदा रूप से बढ़ाए गए आय संबंधी अनुमानों के आधार पर भारत में असमानता गहराई से पैठी हुई है, बिल्कुल वैसा ही दावा करने जैसा है कि चूंकि राजस्थान में पानी का अभाव है, इसलिए समूचे देश में पानी का संकट है। अभाव की तरह, असमानता में एकरूपता नहीं होती है-यह आयामों, क्षेत्रों और मापन उपकरणों के आधार पर अलग-अलग होती है। लेकिन ऐसी असमानता से व्यापक प्रगति अमान्य नहीं हो जाती। संकीर्ण एवं आंशिक दृष्टिकोण के पक्ष में इन पहलुओ की उपेक्षा करने वाला कोई भी मूल्यांकन उसी प्रगति को खारिज करने का जोखिम मोल लेता है, जिसकी वह आलोचना करना चाहता है।पिछले एक दशक की भारत की कहानी शीर्ष पर होने वाले विचलन से कम बल्कि निचले स्तर पर होने वाले अभिसरण-यानी लोगों द्वारा वास्तव में उपयोग किए जाने वाले संसाधनों के मामले में शांत, व्यापक और मापनीय बदलाव से कहीं अधिक जुड़ी है। **(ये उनके निजी विचार हैं)**




**आज की बात**



**सौम्य कांति घोष**
सदस्य, 16वां वित्त आयोग, भारत



**फाल्गुनी सिन्हा**
मुख्य आर्थिक सलाहकार, एसबीआई समूह

# अपराध के नजदीक साइबर प्रेम

इस डिजिटल युग में इंटरनेट ने प्रेम संबंधों को भी सोशल मीडिया, डेटिंग ऐप्स और ऑनलाइन चैट के माध्यम से बने रिश्ते, जो कभी प्यार और विश्वास के वादों से भरे होते थे, जो अब अक्सर धोखाधड़ी, उत्पीड़न और यहां तक कि हत्या के खूनी अंत में बदल रहे हैं। ऑनलाइन डेटिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुए रिश्ते कई बार खतरनाक मोड़ ले लेते हैं। श्रद्धा वालकर और हिमानी नरवाल जैसे मामलों में, ऑनलाइन शुरू हुए रिश्ते लिव-इन रिलेशनशिप और हत्या में बदल गए। इसी तरह, केरल, चंडीगढ़, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में 2019 से 2023 के बीच हुई घटनाओं में, महिलाओं को ऑनलाइन मिले व्यक्तियों द्वारा हत्या, धोखाधड़ी, बलात्कार और ब्लैकमेलिंग का शिकार होना पड़ा। ये घटनाएं सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज के लिए एक चेतावनी हैं। साइबर लव, ऑनलाइन माध्यमों जैसे सोशल मीडिया, डेटिंग ऐप्स और ईमेल के जरिए रोमांटिक रिश्ते बनाने की प्रक्रिया है। यह रिश्ते अक्सर शुरुआत में बहुत ही आकर्षक और रोमांचक लगते हैं, क्योंकि लोग अपनी ऑनलाइन पहचान को अपनी इच्छानुसार बना सकते हैं। यह नए रिश्ते बनाने के अवसर तो प्रदान करता है, लेकिन इसके साथ ही कानूनी चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं, जैसे कि ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, साइबर स्टॉकिंग और अश्लील सामग्री का प्रसार। साइबर लव सिर्फ ऑनलाइन डेटिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ऑनलाइन गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी प्लेटफॉर्म भी शामिल हो गए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके 'डीपफ़ेक' वीडियो और ऑडियो बनाए जा रहे हैं, जिनसे ऑनलाइन रिश्तों में धोखा और भी आसान हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके 'डीपफ़ेक' वीडियो और ऑडियो बनाना बहुत आसान हो गया है। इसका मतलब है कि कोई भी आपकी आवाज या चेहरे का उपयोग करके नकली वीडियो या ऑडियो बना सकता है। कुछ साइबर अपराधी 'लव बॉम्बिंग' नामक तकनीक का उपयोग करते हैं, जिसमें वे आपको बहुत जल्दी प्यार और ध्यान से भर देते हैं। यह आपको कमजोर बना सकता है और आपको उनके नियंत्रण में ला सकता है। केटफिशिंग, जिसमें ऑनलाइन नकली पहचान बनाकर दूसरों को धोखा दिया जाता है, एक गंभीर समस्या है जो पीड़ितों को भावनात्मक और आर्थिक रूप से तबाह कर सकती है। किसी की निजी जानकारी या तस्वीरों को उसकी अनुमति के बिना ऑनलाइन साझा करना गोपनीयता का उल्लंघन है। जब कोई व्यक्ति ऑनलाइन किसी दूसरे व्यक्ति का पीछा करता है, उसे परेशान करता है, या उसे धमकी देता है, तो यह साइबर स्टॉकिंग या उत्पीड़न माना जाता है। यह ईमेल, सोशल मीडिया या अन्य ऑनलाइन माध्यमों से किया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**राकेश दुबे**

# शब्दकोश की कबूतरबाजी में फंसे फलसफे का इतिहास हमसे भी पुराना

किसी भी शब्दकोश में शामिल तमाम शब्दों में से किसी एक शब्द का चयन कर लें। आप यह जान कर हैरान रह जाएंगे कि इन में से सभी के सभी शब्द आपके लिए सौभाग्य के प्रतीक बनकर सामने हैं। सौभाग्य से जोड़कर इसे देखने के अपने मायने हैं क्योंकि इन तमाम शब्दों में से हमें सहसंबंध, संवेदना, सहानुभूति, आशीर्वाद, उलाहना,मोक्ष,मौत और उल्लंघन आदि तमाम मानवीय सरोकारों को शब्द देने की असीमित व अद्भुत क्षमता का अहसास होने लगता है। संदर्भवश शब्दों की इस क्षमता की कभी गवाही लेनी हो तो विडंबना यह भी नजर आने लगेगा कि इसके लिए आपको उसी शब्द के पास जाना होगा जिसके लिए आप किसी औचित्य की तलाश में हैं। शब्दों की दृष्टि से देखें तो यह अपने आप में एक अद्भुत सामर्थ्य का पर्याय बनकर हमारे सामने नजर आता रहता है क्योंकि पूरी धरती के तमाम लौकिक अलौकिक विधाओं में से किसी अन्य के पास यह सामर्थ्य नहीं होता कि वह अपनी गवाही खुद दे सके। बानगी यह कि किसी भी शब्द की संरचना कुछेक अक्षरों के संयोग से स्वरूप में आता है। शब्दों की यह एक निहायत लौकिक सद्‌गति है परन्तु क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि किसी एक शब्द को बनने और उसको गढ़ने में मानव सभ्यता को कितनी जद्दोजहद करनी पड़ी है? उदाहरण खुद के जन्म का ले सकते हैं जब जन्म लेते ही आपका पाला माँ शब्द से पड़ जाता है। इस एक शब्द की रचना का प्रारब्ध देखिए कि आपके अवतरण के सदियों पहले से ही विपरित लिंगों के समागम, भ्रुण प्रत्यारोपण और तत्संबंधी तमाम प्रक्रियाओं का संचालन निर्बाध गति से चलता आ रहा है। आप इस प्रक्रिया के समापन का गवाह भी नहीं हैं क्योंकि आपसे पहले अनंत काल से सभी नवजात शिशुओं का पाला माँ शब्द से पड़ता रहा है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि माँ के तौर पर सिर्फ एक शब्द को गढ़ने में अबतक हमारी कितनी पीढ़ियां समाप्त हो चुकी हैं? ऐसे ही,कुछ दशकों पहले टेलीविजन जैसे किसी शब्द से हमारा कोई लेना देना नहीं था। हैरत होती है कि इस छोटे से भौतिक शब्द को अपनी भाषा में शामिल करने के लिए हमारी पूरी सभ्यता को लाखों करोड़ों वर्षों का इंतजार करना पड़ा। आज हमारे संदूक में असंख्य शब्द अटे पड़े हैं और आप यह कल्पना भी नहीं कर सकते हैं कि इन तमाम शब्दों में से एक एक के लिए हमारे पूर्वजों को क्या कुछ करना पड़ा है? बताते चलें कि शब्दों के इस मजेदार यात्रा की बातों में अपने ईष्ट, अपने ईश्वर, अपने आराध्य और अपने भगवान को मनाने, रिझाने,खुश करने, समर्पण दिखाने, मोक्ष पाने आदि के लिए आपके सामने शब्दों का कोई भी विकल्प नहीं होता। ऐसे में शब्दों को लेकर हमारी यह विकल्पहीनता इसलिए भी सामने होती है कि इन्हीं शब्दों से तो हमारे लिए वे मंत्र बनते रहते हैं जिनके लिए हम सदियों से संघर्ष करते आए हैं। यहाँ सवाल यह भी है कि हम किसी भी उपासना पद्धति या भौतिक उपलब्धि के प्रसंग को ले लें, कभी भी और कहीं भी हमारे सामने बगैर मंत्रों के अपने ईष्ट की साधना का कोई अवधारणा नजर नहीं आ पाता। ऐसे कई सवाल हैं जबकि किसी एक शब्द के आगे हमारी पूरी सभ्यता नतमस्तक नजर आने लगती है। ऐसा तब है जबकि हजारों लाखों वर्षों की तपस्या के बावजूद हमारे पास उपलब्ध कोई भी शब्द पूर्ण नहीं है। मीठा बोलकर हम गुड़, चीनी,शहद, बोली या मधुशाला की मधुरता का सटिक व्याख्या करने में सर्वथा नाकाम बने रहते हैं। इसकी इस नाकामी के बाद भी कारीगरी देखिए कि शब्दों या मंत्रों के न होने मात्र से हमारा आराध्य या ईश्वर भी हमारा अपना नहीं बन पाता है। सवाल यह भी कि क्या आप यह कल्पना कर सकते हैं कि दैनिक जीवन में हम इसके बगैर एक पल भी जीवित रह सकते हैं? अब शब्द की जादूगरी देखिए और साथ में सुबूत भी देखिए कि जब शब्दों की इस यात्रा में हम एक पल की बातें कर रहे हैं तब दो अक्षरों के मेल से बना "पल" ही हमें आखिरी विकल्प दे रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**केदार नाथ दास**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रश्न खुदी से, मांगते, उत्तर खुद से आप।
आत्मबोध की यह कथा, क्यों लगती अभिशाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# इग्नू की भारतीय ज्ञान परंपरा पर अनुसंधानात्मक कार्यक्रम

भारत की प्राचीन ज्ञान व शिक्षा की समृद्धशाली इतिहास है जिसमें उपनिषदों, वेदों, शास्त्रों और लोक साहित्य में निहित ज्ञान शामिल है। व्यापक पहल पर यह परंपरा सामाजिक, नैतिक व सांस्कृतिक पहलुओं को भी समेटे हुए हैं। यह संतों तथा अन्य माध्यमों से जनमानस तक पहुँची है। परंतु इस अथाह ज्ञान भंडार को संचित करने तथा जनमानस तक पहुँचाने के साथ अनुसंधान की जरूरत भी है उनके आयामों पर गहन चिंतन तथा विश्लेषण किया जाए। इस दृष्टि से इग्नू ने इस महती परंपरा के संचयन के लिए बीड़ा उठाया है और कई ऐसे कार्यक्रमों की शुरूआत की है जो इस वृहद ज्ञान परंपरा के अलग-अलग विधाओं पर गहन व अनुसंधानत्मक ज्ञान प्रदान करती है। इन कार्यक्रमों में वैदिक अध्ययन, भागवद्‌गीता अध्ययन, ज्योतिष विज्ञान हिंदू अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल है। इन स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, दर्शन, विज्ञान और कला में गहराई से ज्ञान प्राप्त करने में सहायता करना है। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के आधुनिक शिक्षा में एकीकृत (Integrate) करते हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा में स्नातकोत्तर कार्यक्रम इतिहास, भारतीय विज्ञान, गणित और चिकित्सा के योगदान और ज्ञान प्रणाली से आधुनिक समय में कैसे उपयोग किया जाता है इसके बारे में जानकारी प्रदान करता है। वहीं ज्योतिष विषय में ज्योतिष के सिद्धांत और प्रथाओं का अध्ययन पर आधारित है। एम.ए. संस्कृत व्याकरण, दर्शन, वेद और भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालता है। वैदिक अध्ययन कार्यक्रम वेदों और वैदिक साहित्य का अध्ययन करने पर केन्द्रित है। क्षेत्रीय केंद्र रांची के क्षेत्रीय निदेशक डॉ शुभाकांत मोहंती का कहना है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी से अवगत कराना इग्नू की मुहिम स्वरूप है जिसके द्वारा अपनी विरासत के प्रति आत्म गरिमा विकसित हों जा कभी पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में कहीं कहीं धूमिल हो रही है। वहीं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर के प्रभारी क्षेत्रीय निर्देशक श्री अरविंद मनोज कुमार सिंह ने समाजशास्त्री एमिल दुर्खिम की उद्धृत अवधारणा "सामूहिक चेतना" (collective consciousness) का जिक्र करते हुवे कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के गहन अध्ययन से लोगों में साझा इतिहास और परंपरा के प्रति जागरूकता आने से सामूहिक चेतना की भावना प्रबल होगी और विभिन्न ज्ञान धाराओं के समायोजन और समावेशी तत्व की जानकारी से एक दूसरे समुदायों के प्रति एकांगी दृष्टि की जगह परस्पर सापेक्षिक दृष्टिकोण भी जागृत होगी। झारखंड राज्य में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र रांची तथा देवघर के अंतर्गत इन सभी कार्यक्रमों के लिए नामांकन जारी है जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तार से जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू के वेबसाइट www.ignou.ac.in में लॉग कर सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**अरविंद मनोज कुमार सिंह**
क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र देवघर



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## बिहार: नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी

● विस्फोटक और हथियार बरामद

एजेंसी



**पटना।** बिहार में पुलिस और एसटीएफ को नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता मिली है। गया और औरंगाबाद जिलों में अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गया के छक्करबन्धा जंगल में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए हथियार और सामान बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार छक्करबन्धा जंगल में नदी के पास हुई इस कार्रवाई में एक देसी पिस्तौल, एके-47 की 41 गोलियां, इंसास राइफल के कारतूस, नक्सली पर्चे, रसीद और कुछ आपत्तिजनक सामान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि ये सामान नक्सलियों ने वहां छिपाकर रखे थे। इसी तरह, औरंगाबाद जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पहाड़ के इलाके से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए तीन किलो बारूद, 50 मीटर तार और अन्य सामान बरामद किए। बताया गया कि यह छापेमारी बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने की थी। पुलिस ने अब इस मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आगे की जांच कर रही है।

### भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली।** वैध दस्तावेजों के बिना देश में रहने के आरोप में पांच संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासियों को शनिवार को महाराष्ट्र में पुणे के बुधवारपेठ इलाके से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। फरासखाना पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इलाके में बिना दस्तावेज के रह रहे कुछ बांग्लादेशी प्रवासियों के बारे में सूचना मिलने के बाद छापेमारी की गई और पांच महिलाओं को हिरासत में लिया। अधिकारी ने कहा कि महिलाओं ने उचित दस्तावेजों के बिना भारत में रहने की बात स्वीकार की।

### नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया, बेहतर इलाज के लिए एम्स दिल्ली रेफर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को 15 वर्षीय लड़की को तीन अज्ञात बदमाशों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी लड़की को बेहतर इलाज के लिए रविवार को एम्स भुवनेश्वर से एम्स दिल्ली भेजा गया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने बताया कि लड़की की हालत अब स्थिर है और उसे विशेष विमान से दिल्ली भेजा गया है। उन्होंने कहा, "एम्स दिल्ली को इसकी सूचना दे दी गई है।"यह वारदात शनिवार सुबह करीब 8 बजे पुरी के बालंगा थाना क्षेत्र के बयाबर गांव में हुई। लड़की अपनी सहेली को किताब लौटाने जा रही थी, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उसे रोका। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने उसे पास की भार्गवी नदी के किनारे ले जाकर मुंह पर रुमाल रखा और ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाई और लड़की को पिपली के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम्स भुवनेश्वर रेफर किया गया।

### ओडिशा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत, सात घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटनाएं कोरापुट और नयागढ़ जिले में हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कोरापुट जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 26 पर सुनाबेड़ा के पास शनिवार को रात करीब साढ़े 11 बजे दो कारों की सीधी टक्कर में चार लोग मारे गए और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि एक कार कोरापुट से दमनजोड़ी और दूसरी कार सेमिलिगुड़ा से सुनाबेड़ा जा रही थी। उन्होंने बताया कि दोनों कार के चालकों सहित एक कार में सवार दो अन्य लोगों की इस दुर्घटना में मौत हो गई और एक अन्य घायल व्यक्ति का कोरापुट के एसएलएन मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा।

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ।

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

## मराठी बोलो...!!!

# मुंबई लोकल में सीट की बहस बनी मराठी और हिंदी की लड़ाई

एजेंसी। मुंबई



महिलाओं में हुई तीखी बहस

महाराष्ट्र में मराठी बनाम हिंदी भाषा को लेकर चल रहा विवाद अब मुंबई की लोकल ट्रेनों तक पहुंच गया है। हाल ही में, मुंबई लोकल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें महिलाओं के बीच सीट को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते भाषा के विवाद में बदल गई। वीडियो में एक महिला को ये कहते हुए सुना जा सकता है, 'अगर मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलो, वरना बाहर निकल जाओ!' यह घटना शुक्रवार शाम को सेंट्रल लाइन की एक भीडभाड वाली महिला बोगी में हुई। सीटों के बंटवारे को लेकर एक छोटी सी झडप शुरू हुई, लेकिन जल्द ही इसने भाषा को लेकर गरमागरम बहस का रूप ले लिया। जैसे ही एक महिला ने मराठी बोलने की बात कही, दूसरी महिलाएं भी इस बहस में शामिल हो गईं, जिससे यह विवाद और बढ गया। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है कि यह सेंट्रल रेलवे की एक लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में हुई। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष ने अधिकारियों के पास कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। यह ताजा तकरार महाराष्ट्र में चल रही भाषा संबंधी बहस का एक और उदाहरण है। हाल के दिनों में, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं को मराठी न बोलने वालों को निशाना बनाने और उन पर हमले करने के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पडा है। इसी हफ्ते की शुरुआत में, एक अलग घटना में, मुंबई के विक्रोली में मनसे कार्यकर्ताओं ने एक दुकानदार पर हमला किया था।

**चंदन मिश्रा हत्याकांड**

## पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी तौसीफ, साजिश में शामिल पांच गिरफ्तार

एजेंसी। पटना




बिहार पुलिस को चंदन मिश्रा हत्याकांड में एक बडी सफलता मिली है। पटना के एक अस्पताल में पैरोल पर बाहर आए चंदन मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार पुलिस ने कोलकाता पुलिस और कोलकाता STF के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर यह गिरफ्तारी की। तौसीफ के साथ निशु खान और दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद तौसीफ का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आया था। सूत्रों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद तौसीफ कथित तौर पर पश्चिम बंगाल भाग गया था और कोलकाता के आनंदपुर इलाके में छिपा हुआ था, जहां से कोलकाता स्पेशल टास्क फोर्स ने उसे धर दबोचा। यह भी बताया जा रहा है कि उसके लकवाग्रस्त भाई के पैर में भी गोली लगी थी। तौसीफ को कोलकाता की एक अदालत में पेश किया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया के तहत ट्रांजिट रिमांड पर पटना लाया जाएगा। इस बीच, तीन और संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया, 'प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि हत्या की पूरी साजिश गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से एक निशु खान के घर पर रची गई थी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 से 26 जुलाई तक यूके और मालदीव की यात्रा पर**

# रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा नया आयाम

● प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह के "मुख्य अतिथि" होंगे

एजेंसी




मालदीव भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन महासागर' में विशेष स्थान रखता है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 23 से 26 जुलाई के बीच यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की यात्रा पर जाएंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी दी है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत के दोनों मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूती देने की दिशा में अहम मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 23 और 24 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर रहेंगे। यह उनका ब्रिटेन का चौथा दौरा होगा। नरेन्द्र मोदी यूके के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के आमंत्रण पर जा रहे हैं।

इस दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई अहम विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। बयान में बताया गया कि इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच 'कम्प्रिहेन्सिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (सीएसपी) की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में 25 से 26 जुलाई को मालदीव जाएंगे। यह दौरा मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु के निमंत्रण पर हो रहा है। डॉ. मुइज्जु के राष्ट्रपति बनने के बाद किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की यह पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान वह राष्ट्रपति मुइज्जु से द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता करेंगे और 'इंडिया-मालदीव जॉइंट विजन फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड मेरीटाइम सिक्योरिटी पार्टनरशिप' की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। यह विजन अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति मुइज्जु की भारत यात्रा के दौरान तय हुआ था।

### भूस्खलन और बाढ़ से तबाही, अबतक 15 लोगों की मौत

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जून से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। राज्य के कई हिस्सों में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अब तक कम से कम 15 लोगों की जान जा चुकी है। निचले सियांग जिले में सड़क संपर्क पूरी तरह से कट गया है। सिजी, याते और गरु गांव के पास कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। पश्चिम सियांग, लेपराडा, शी-योमी और अपर सुबनसिरी जैसे जिलों की जीवनरेखा माने जाने वाली आलो-लिकाबाली सड़क अब भी बाधित है। चीन सीमा से सटे अंजॉ जिले का सड़क संपर्क पहले करीब 20 दिनों तक पूरी तरह से ठप था, जिसे हाल ही में प्रशासन ने बहाल किया। कीई पन्योर जिले में भारी पत्थर गिरने से एक दिन तक राजमार्ग पर यातायात रुका रहा। निचले सुबनसिरी जिला मुख्यालय ज़ीरो पानी में डूब गया, जिससे धान की खेती और संपत्ति को नुकसान पहुंचा।

## एंबुलेंस की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत, एक घायल



एजेंसी। लखनऊ

गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) के मोदीनगर थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस ने स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वाहन सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मोदीनगर थाना क्षेत्र के कदराबड़ा के पास दिल्ली-मेरठ रोड पर एक रेस्टोरेंट के सामने शनिवार रात करीब 11.45 बजे एक तेज रफ्तार निजी एम्बुलेंस ने विपरीत दिशा से आ रहे कांवड़ियों की स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों कांवड़िये घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लाने हरिद्वार जा रहे थे, जबकि मेरठ के एक अस्पताल में मरीज को छोड़ने के बाद एम्बुलेंस विपरीत दिशा से आ रही थी। डीसीपी ने बताया कि घायलों को एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया और एक का गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। तिवारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सचिन और रितिक के रूप में हुई है। उनकी उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने मृतकों के माता-पिता को सूचित कर दिया है और वे गाजियाबाद पहुंच गए। एम्बुलेंस को जब्त कर लिया गया है, वहीं चालक मोनू को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 76 करोड़ की हेराइन और मेथ की गोलियां बरामद

**जिरीबाम (मणिपुर)।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए संयुक्त नदी गश्ती अभियान में करीब 76 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन और मेथ की गोलियां जब्त की गई हैं। अभियान के दौरान एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियान से जुड़े अधिकारियों के अनुसार असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने चौधरीखाल और सावोमफाई के बीच बहने वाली बाराक नदी पर गश्त शुरू की। गश्ती के दौरान एक संदिग्ध नाव को नदी से गुजरते देखा गया। जवानों द्वारा रोके जाने पर नाविक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा कर नाव को रोक लिया गया। तलाशी लेने पर उसमें से 616 साबुनदानी बरामद की गई, जिनमें गई हेरोइन रखी हुई थी। पुलिस ने नाव से होरोईन के साथ-साथ 50 हजार मेथ की गोलियां भी बरामद की है। पुलिस ने अभियान के दौरान एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

### मिर्जापुर में सीआरपीएफ जवान से मारपीट के मामले में तीन कांवड़िये गिरफ्तार



एजेंसी। लखनऊ

मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर टिकट खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान पर हमला करने के आरोप में तीन कांवड़ियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

राजकीय रिलवे पुलिस (जीआरपी) के निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ का जवान ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने जा रहा था और कांवड़िये भी बैजनाथ धाम जाने के लिए उसी ट्रेन का टिकट खरीदना चाहते थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान टिकट खरीदने को लेकर उनके बीच बहस हो गई।

सिंह ने बताया कि मौके पर तैनात जीआरपी जवानों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की तथा थाने से और बल भेजा गया एवं सीआरपीएफ जवान को बचाया गया। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी ने कांवड़ियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। जीआरपी ने बताया कि बाद में कांवड़ियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### बलात्कार के आरोपी छात्र को मिली जमानत

**कोलकाता ।** एक अदालत ने भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता के उस छात्र को अंतरिम जमानत दे दी, जिस पर परिसर में एक महिला के साथ बलात्कार करने का आरोप है।

आरोपी को 11 जुलाई को हरिदेवपुर पुलिस थाने में महिला द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया था और तब से वह पुलिस हिरासत में है। अलीपुर अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी छात्र को 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी।

अदालत ने छात्र को अपना पासपोर्ट जमा करने और बिना अनुमति के राज्य से बाहर नहीं जाने का निर्देश दिया। महिला ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे काउंसलिंग सत्र के लिए हॉस्टल में बुलाया था और वहां उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया।

### एक ही परिवार के चार सदस्य समुद्र तट पर डूबे



महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में आरे-वारे समुद्र तट पर शाम एक ही परिवार के चार सदस्य डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी के अनुसार, यह हादसा शाम छह बजे के करीब हुआ। मृतकों की पहचान ओसवाल नगर, रत्नागिरी के निवासी जुनैद बशीर काजी (36), उनकी पत्नी जैनब (28) और ठाणे जिले के मुंब्रा में रहने वाले उनके रिश्तेदार उज्मा शमशुद्दीन काजी (18) और उमेरा शमशुद्दीन शेख (20) के रुप में की गई है। एक अधिकारी ने कहा, वे सभी पानी में खड़े होने के दौरान एक बड़े ज्वार में बह गए। अन्य पर्यटकों ने उन्हें डूबते हुए देखा, लेकिन समुद्र की लहरों के कारण वे उनकी मदद नहीं कर सके। पुलिस की टीम ने शव बरामद किए।

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने की आत्महत्या

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद जिले के बावला तालुका स्थित बागोदरा गांव में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। बागोदरा बस स्टेशन के पास स्थित एक किराए के मकान में रहने वाले एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने अज्ञात कारणों से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस हृदयविदारक घटना में पति-पत्नी और उनके तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विपुल कांजीभाई वाघेला (32) रिक्शा चालक, सोनल विपुलभाई वाघेला (26) पत्नी, करीना उर्फ सिमरन (11) पुत्री, मयूर (8) पुत्र और प्रिंस (5) पुत्री के रूप में हुई हैं। यह परिवार मूल रूप से धोलका के बरकोठा इलाके के देवी पूजक वास का निवासी था और वर्तमान में बागोदरा बस स्टेशन के समीप किराए के मकान में रह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही बागोदरा पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा तुरंत मौके पर पहुंची। साथ ही अहमदाबाद ग्रामीण के एसपी, धंधुका डिवीजन के एएसपी, एलसीबी पीआई, एसओजी पीआई और एफएसएल टीम सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**कांवड़ यात्रा** | सीसीटीवी निगरानी में उत्तर प्रदेश में हो रही धार्मिक यात्रा

# उपद्रवियों की पहचान के बाद पोस्टर होंगे जारी : योगी

● कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए सरकार, प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं ने व्यापक व्यवस्था की है

एजेंसी। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रा के पवित्र अवसर पर शिवभक्तों का स्वागत कर उनकी श्रद्धा को सम्मान दिया। मेरठ में उन्होंने स्वयं सड़क पर उतरकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की, वहीं कुछ जिलों में हेलिकॉप्टर से पुष्प बरसाकर श्रद्धा को नमन किया। इसी दौरान मेरठ में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने उपद्रवियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा की आड़ में जो भी उपद्रव करेगा और पवित्र यात्रा को बदनाम करने का प्रयास करेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सावन मास में आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्त हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। बाबा औघड़नाथ मंदिर, पुरा महादेव मंदिर, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु अपने भाव व्यक्त करेंगे। यह अत्यंत आनंददायक है कि इस यात्रा में युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल होकर सामाजिक समता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

कुछ तत्व सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हर कांवड़ संघ, हर शिवभक्त का कर्तव्य है कि वे ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब करें और प्रशासन को तत्काल सूचना दें। सीएम योगी ने कहा कि पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए सरकार, प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं ने व्यापक व्यवस्था की है।

श्रद्धालुओं को न तो कोई असुविधा हो और न ही यातायात या सुरक्षा से जुड़ी कोई समस्या, इसके लिए पूरा प्रशासन तैनात है। जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं, स्वागत शिविर बनाए गए हैं, और पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा व विश्राम की पूरी व्यवस्था की गई है।

# ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन का 'मेगा डैम' प्रोजेक्ट शुरू, भारत को कई खतरे

5 हाइड्रोपावर स्टेशन के लिए 14.316 ट्रिलियन रुपए का निवेश

भारत और बांग्लादेश को पर्यावरणीय व जल संकट की आशंका

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत की सीमा के पास दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी ( जिसे तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो कहा जाता है) पर शनिवार 19 जुलाई से एक बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया। यह क्षेत्र भारत के अरुणाचल प्रदेश की सीमा के बेहद पास है। समाचार एजेंसी एएफपी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि इस प्रोजेक्ट की आधारशिला कार्यक्रम में चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग शामिल हुए।इस परियोजना को बीजिंग ने दिसंबर में मंजूरी दी थी, और इसे चीन के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों व तिब्बत क्षेत्र में विकास लक्ष्यों से जोड़ा जा रहा है।अरुणाचल प्रदेश के निकटवर्ती क्षेत्र निंगची में आयोजित समारोह के बाद चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि उत्पादित बिजली को मुख्य रूप से अन्य क्षेत्रों में उपभोग के लिए भेजा जाएगा, साथ ही तिब्बत में स्थानीय बिजली की जरूरतों को भी पूरा किया जाएगा।शिन्हुआ के अनुसार, परियोजना में पांच जल विद्युत स्टेशन शामिल होंगे, जिन पर अनुमानित निवेश 1.2 ट्रिलियन युआन (लगभग 167 बिलियन डॉलर) होगा। पूरा होने पर, इस बांध से यांग्त्ज़ी नदी पर बने थ्री गॉर्जेस बांध से भी ज्यादा बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जिससे निचले इलाकों, भारत व बांग्लादेश, में चिंताएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली के जल प्रवाह व पारिस्थितिकी को प्रभावित कर सकती है।ब्रह्मपुत्र नदी भारत और बांग्लादेश से होकर गुजरती है, इसलिए इस परियोजना को लेकर दोनों देशों ने चिंता जताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ब्रह्मपुत्र की जलधारा, जल गुणवत्ता और पारिस्थितिकी पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में इस परियोजना को लेकर चिंता जताई थी। जनवरी में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि चीन से आग्रह किया गया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में स्थित राज्यों के हितों को ऊपरी इलाकों में हो रही गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे।चीन ने जवाब दिया था कि यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) पर बांध से नदी के निचले हिस्से पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। पर्यावरण समूहों ने भी पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तिब्बती पठार पर ऐसी बड़ी परियोजनाओं के प्रभाव की चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्र में अपरिवर्तनीय परिवर्तन हो सकते हैं। भारत को कम पानी मिलेगा ।यदि कभी डैम से ज़्यादा पानी छोड़ दिया जाए तो भारत व बंगला देश के कई क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ आ जाएगी।



चीन के क जे वाले तिब्बत में यह ब्रह्मपुत्र नदी की फोटो है, जो अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास न्यिंगची शहर में है। यहां नदी यू शेप में है। यहीं चीन बांध बना रहा है। डैम साल भर में 300 अरब यूनिट बिजली बनाएगा।

### 300 अरब यूनिट से अधिक बिजली बनाएगा

- चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक परियोजना में पांच सीढ़ीदार (कैस्केड) हाइड्रोपावर स्टेशन शामिल होंगे।
- ये डैम साल भर में 300 अरब यूनिट (किलोवाट-घंटे) से अधिक बिजली बनाएगा। इस बिजली से 30 करोड़ लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

- **जल प्रवाह पर नियंत्रण :** बांध से चीन को ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित करने की ताकत मिलेगी, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में सूखा या बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। यह भारत की जल सुरक्षा नीति के लिए रणनीतिक खतरा है।
- **पर्यावरणीय नुकसान :** बांध भूकंप-प्रवण क्षेत्र में बन रहा है, जिससे नदी पारिस्थितिकी, जैव विविधता और गाद प्रवाह पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इससे भारत और बांग्लादेश में मछली पालन और खेती प्रभावित हो सकती है।
- **कृषि और आजीविका:** ब्रह्मपुत्र पर निर्भर पूर्वोत्तर भारत के किसानों और मछुआरों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है, क्योंकि जल प्रवाह और गाद की कमी से मिट्टी की उर्वरता कम होगी।
- **राजनीतिक तनाव:** यह परियोजना भारत-चीन संबंधों में तनाव बढ़ा सकती है, खासकर अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास। जल डेटा साझा करने वाले समझौतों की समाप्ति ने स्थिति को और जटिल किया है।
- **क्षेत्रीय प्रभाव:** बांध का असर बांग्लादेश, नेपाल और भूटान जैसे अन्य निचले तटीय देशों पर भी पड़ेगा। दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग की कमी इसे और चुनौतीपूर्ण बनाती है।

तलाक विवाद व बैंक वसूली से पैतृक संपत्ति बचाने की कवायद

## लोग बनाने लगे प्राइवेट फैमिली डिस्क्रेशनरी ट्रस्ट

ब्यूरो



- इस ट्रस्ट से महिलाओं को भी मिलती है सुरक्षा

**नई दिल्ली।** अब भारत में धनी परिवार व लड़की द्वारा शादी करके तलाक ले , संपत्ति में हिस्सा लेने की बढ़ती घटनाओं से परेशान लोग शादी टूटने से होने से पारिवारिक संपत्ति नुकसान से बचने के लिए प्राइवेट फैमिली डिस्क्रेशनरी ट्रस्ट बनाने लगे हैं।इस बारे में आर्थिक अख़बार इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार दिल्ली के एक कपड़ा निर्यातक ने बताया कि उनके बेटे की शादी जल्दी ही टूट गई। उन्होंने कहा, 'ट्रस्ट बनाने की वजह से शादी से पहले ही हमने बेटे के कारोबार व पारिवारिक घर को सुरक्षित कर लिया था।' इसी तरह, मुंबई के एक बड़े जौहरी ने अपनी सारी प्रॉपर्टी एक ट्रस्ट में डाल दी। उन्होंने अपने बेटे को इसका लाभार्थी बना दिया। जब बेटे ने तलाक के लिए अर्जी दी तो पत्नी उन संपत्तियों पर दावा नहीं कर सकी जिन्हें वह कभी अपना समझती थी। इस ट्रस्ट का मतलब है कि यह ट्रस्टी के जरिए लाभार्थियों के हितों की रक्षा करता है। यदि कोई कर्जदार बैंक का पैसा नहीं चुका पाता है, तो ट्रस्ट में रखी संपत्ति को बैंक जब्त नहीं कर सकता, भले ही कर्जदार ट्रस्टी हो या लाभार्थी भी। इसका मतलब है कि ट्रस्ट एक तरह से संपत्ति को बचाने का काम करता है।पहले इस तरह का ट्रस्ट केवल धनी लोग बनाते थे, लेकिन अब मध्यम वर्ग के लोग भी यह करने लगे हैं। क्योंकि ये अपनी कमाई को सुरक्षित रखना चाहते हैं और परिवार को कानूनी लड़ाई से बचाना चाहते हैं, विशेषकर तलाक विवाद व बैंक लोन के मामले में।यह ट्रस्ट महिलाओं को भी सुरक्षा देता है। एक वकील ने बताया कि एक महिला को अक्सर अपने पति द्वारा लगातार पैसे मांगने से बहुत परेशानी होती थी। लेकिन वह अपनी संपत्ति को बचाने में कामयाब रही, क्योंकि वह अपने पिता द्वारा बनाये गये ट्रस्ट में थी। यह ट्रस्ट उसके पिता ने अपनी बेटी व उसके बच्चों के लिए बनाया था।कानूनी जानकारों के अनुसार, यह तरीका उन पारंपरिक परिवारों में भी अपनाया जा रहा है , जो अपने कारोबार को बचाना चाहते हैं। इसके अलावा एनआरआई के माता-पिता भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं जिनकी शादियां अलग-अलग संस्कृति में हुई हैं। कई परिवार बेटों को शादी के बाद होने वाले वित्तीय जोखिमों से बचाने के लिए ट्रस्ट बना रहे हैं। विशेषकर तब, जब शादी उनकी जाति और धर्म से बाहर हो रही हो।ट्रस्ट को इस तरह से बनाया जाता है कि कानूनी तौर पर बेटे के नाम पर कोई संपत्ति नहीं होती है। वह सिर्फ लाभार्थी होता है। इससे तलाक होने पर संपत्ति पर दावा करने का स्कोप कम हो जाता है।विशेषज्ञों का कहना है कि अब ट्रस्ट डीड को तलाक को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पहले इसका उद्देश्य विरासत को संभालना होता था। हाल ही में हुए कुछ हाई-प्रोफाइल तलाक के मामलों में अलग-अलग फैसले आए हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारे पास कोई स्पष्ट कानून नहीं है, जैसे कि प्रीनअप।इससे बहुत से परिवार को लंबे समय तक कानूनी पचड़ों में उलझना पड़ा और संपत्ति का बँटवारा भी हुआ। इन झमेलों से बचने व अपने पुश्तैनी संपत्ति को बचाने के लिए लोग अब प्राइवेट फैमिली डिस्क्रेशनरी ट्रस्ट बनवाने लगे हैं।

संसद का मानसून सत्र

# मानसून सत्र में केंद्र सरकार को घेरने के लिए विपक्ष एकजुट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोमवार 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद का मानसून सत्र में केंद्र सरकार को घेरने के लिए विपक्ष एकजुट हो गया है। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने पहलगाम हमला, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर ट्रंप के दावे पर सरकार के जवाब, बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर बात की, और इसे संसद में उठाएगा , सरकार से जवाब माँगेगा। संसद का यह मानसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल 21 बैठकें होंगी। बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम हमला, बांग्लादेश सीमाओं पर संघर्ष, बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण, ट्रंप के दावों समेत कई मुद्दे उठाएंगे। प्रधानमंत्री का यह कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वे संसद के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करें। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपना नैतिक कर्तव्य निभाएंगे।उन्होंने कहा कि कई अहम मुद्दे हैं जिन पर सरकार को अपनी बात रखनी चाहिए। पहला मुद्दा पहलगाम का है और उस पर उपराज्यपाल द्वारा दिए गए बयान भी गंभीर हैं। काफी समय बीत चुका है और अब सरकार को इस पर स्पष्ट रूप से अपनी स्थिति संसद में रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरा मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति के हालिया बयान से जुड़ा है, जो भारत की गरिमा और हमारी सेना की वीरता पर सवाल उठाने का है। इसका जवाब केवल भारत के प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। तीसरा अहम मुद्दा मतदान के अधिकार व चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा है। आज जब चुनाव आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों से संवाद से बच रहा है, स्पष्टता नहीं दे रहा है, तो आगामी राज्य चुनावों और लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे संसद में आकर सरकार का पक्ष रखें। गोगोई ने कहा कि तीसरी बात ये है कि हमारे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा उठाया है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ हमारी सीमा पर जो दो-मोर्चे की धुरी बन गई है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम रक्षा और विदेश नीति पर बात करें। प्रधानमंत्री मोदी का इस सदन में आना और इन तीनों विषयों पर अपने विचार रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर से संबंधित कई विधेयक ला रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि कुछ महीनों में मणिपुर में शांति लौटेगी। अब लगभग ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन वहां अभी भी अशांति का माहौल बना हुआ है। प्रधानमंत्री छोटे-छोटे देशों की यात्रा तो करते हैं, लेकिन अपने ही देश के एक छोटे राज्य में, जहां अब भी हालात गंभीर हैं, वहां जाने से परहेज कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आगामी संसद सत्र में इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक और गंभीर चर्चा होगी, और प्रधानमंत्री इन पर सदन में अपना पक्ष स्पष्ट करेंगे बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि हमारा प्राथमिक मुद्दा ओडिशा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति होगा। भाजपा सरकार के कारण ओडिशा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और महिलाओं व बच्चियों के खिलाफ जघन्य अपराधों में दिन-प्रतिदिन, चिंताजनक वृद्धि हो रही है। ओडिशा के बालासोर जिले में एक छात्रा के आत्मदाह की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पुरी जिले में एक 15 वर्षीय लड़की को बदमाशों ने आग लगा दी।



**पहलगाम हमला, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर ट्रंप के दावे, बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सरकार को घेरेगा विपक्ष**

20 दिन पहले भुवनेश्वर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त की भाजपा के पांच स्थानीय नेताओं ने पिटाई की थी। इससे साफ है कि भाजपा सरकार किस तरह घोर अराजकता और अराजकता के माहौल में ओडिशा राज्य चला रही है। पुरी रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ और ऐसे ही कई मुद्दों को मानसून सत्र में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम ओडिशा को विशेष श्रेणी का दर्जा देने, पोलावरम और महानदी विवादों के समाधान, कोयला रॉयल्टी संशोधन, ग्रीन टैक्स, तटीय राजमार्ग के निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, नए एम्स अस्पतालों की स्थापना, रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार, डिजिटल, बैंकिंग के साथ-साथ मोबाइल और किसानों के अलावा अन्य कनेक्टिविटी, एमएसपी को दोगुना करने आदि सहित आदिवासी विकास के विभिन्न मुद्दे उठाएंगे। हम सभी मुद्दों पर विपक्ष के साथ हैं। विपक्ष जो भी चर्चा चाहता है, उसके लिए हम उनके साथ हैं।समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि बैठक में मैंने चार बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की बात कही है। पहला पहलगाम आतंकी हमला और उपराज्यपाल के बयान पर चर्चा होनी चाहिए। दूसरा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्होंने युद्ध रोक दिया है। तीसरा भारत की विदेश नीति पूरी तरह से फेल हो गई है। विदेश नीति तब सफल होती है जब हमारे मित्र देशों की संख्या बढ़ती है और दुश्मन देशों की संख्या घटती है। ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि 1965 में पाकिस्तान से युद्ध हुआ था। लेकिन कोई भी मुस्लिम देश हमारे खिलाफ नहीं था। 1971 में युद्ध हुआ था पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए थे। लेकिन कोई भी मुस्लिम देश हमारे खिलाफ नहीं था। अटल जी के समय में जो कारगिल युद्ध हुआ, वो पाकिस्तान के साथ ही हुआ था। कोई भी मुस्लिम देश भारत के खिलाफ नहीं था। लेकिन अब कोई भी हमारे साथ नहीं है। चाहे वो मुस्लिम हो, गैर-मुस्लिम हो या दुनिया का कोई भी देश हो। बस इतना ही है कि अब लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म होने वाला है। बिहार में जिस तरह से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। बिहार में करोड़ों लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि सरकार इन गंभीर मुद्दों पर कोई चर्चा करेगी। ऐसी बैठकें हमेशा सत्र से पहले होती हैं। टीडीपी सांसद लावू श्री कृष्ण देवरायलु ने कहा कि हमने संसद के 21 दिनों के कामकाज में चर्चा के लिए कुछ विषय प्रस्तावित किए हैं। हम देश के कृषक समुदाय के उत्थान के लिए पीएम धन-धान्य कृषि योजना पर चर्चा चाहते हैं। दूसरा विषय जल जीवन मिशन के संबंध में है। भले ही आंध्र प्रदेश को 2019 से 2024 तक 24,000 करोड़ रुपये दिए गए थे, लेकिन केवल 2,000 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं। तीसरा विषय नदियों को जोड़ने का है। केन-बेतवा एक बड़ी सफलता रही है, और काम बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। ऐसा ही गोदावरी और कृष्णा के साथ होना चाहिए। चौथा मुद्दा केंद्र द्वारा शुरू की गई पीएलआई योजना का है। हम चाहते हैं कि इस पीएलआई योजना को केवल एक-दो क्षेत्रों में नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में सफलता के रूप में देखा जाए ताकि रोजगार के मुद्दों से निपटा जा सके। पांचवां विषय देशों के प्रतिनिधिमंडल के बारे में जो देशों का दौरा कर चुके हैं। उस प्रतिनिधिमंडल को बड़ी सफलता मिली है। हम चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम पर हमें जो फीड बैक मिला है, उस पर चर्चा हो। छठा हमने संसद से महिलाओं के साथ होने वाले ऑनलाइन दुर्व्यवहार पर चर्चा करने का अनुरोध किया है।

# ईडी कोई ड्रोन या सुपर कॉप नहीं जो मनमर्जी से कार्रवाई करे : मद्रास हाईकोर्ट

### कोर्ट ने कहा- ईडी को हर बात में कूदने का अधिकार नहीं है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि ईडी न तो कोई ड्रोन है जो मनमर्जी से हमला करे और न ही सुपर कॉप जो हर मामले में खुद ही जांच शुरू कर दे जो उसके संज्ञान में आए। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी चेन्नई स्थित आरकेएम पावरजेन की याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें कंपनी ने ईडी द्वारा 901 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट जब्त किए जाने को चुनौती दी थी।हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति एमएस रमेश व न्यायमूर्ति वी लक्ष्मीनारायण ने यह टिप्पणी की। वे चेन्नई स्थित आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें कंपनी ने ईडी की तरफ से 901 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट जब्त करने के आदेश को चुनौती दी थी।मामले में कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि ईडी कोई घूमता हुआ बम नहीं है जो जहां चाहे वहां फट जाए। उसे हर बात में कूदने का अधिकार नहीं है। बेंच ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) की धारा 66(2) के मुताबिक, अगर जांच के दौरान ईडी को किसी अन्य कानून के उल्लंघन की जानकारी मिलती है, तो वह खुद उस अपराध की जांच नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि ईडी उस एजेंसी को जानकारी देनी होती है, जो उस अपराध की जांच के लिए अधिकृत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ईडी को किसी भी मामले की जांच तभी करनी चाहिए जब प्रारंभिक अपराध मौजूद हो और उसके कारण अपराध की आय उत्पन्न हुई हो। बिना इसके ईडी सीधे जांच नहीं कर सकती।मालूम हो कि यह मामला छत्तीसगढ़ में कोयला खदान आवंटन को लेकर 2014 में दर्ज सीबीआई की एक एफआईआर से जुड़ा है।

हालांकि 2017 में सीबीआई ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी, जिसमें कहा गया कि कोई गड़बड़ी नहीं मिली। लेकिन सीबीआई कोर्ट इस रिपोर्ट से सहमत नहीं हुई और कुछ बिंदुओं पर आगे जांच का आदेश दिया।बाद में 2023 में सीबीआई ने एक सप्लीमेंट्री रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें कुछ आरोप तय किए गए। इसके बाद ईडी ने कंपनी के निदेशकों और अन्य संबंधित संस्थानों के ठिकानों पर छापेमारी की और 31 जनवरी, 2025 को 901 करोड़ रुपये की एफडी को फ्रीज कर दिया। इस आदेश को कंपनी ने कोर्ट में चुनौती दी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।






# सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को पाइपलाइन से एक समान दर पर रसोई गैस देने का निर्देश

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे। मालूम हो कि सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन जांच में पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक प्राइसिंग लागू कर रही हैं। इसके मतलब है कि एक तय सीमा के बाद अगर गैस की खपत बढ़ती है, तो प्रति यूनिट रेट भी बढ़ा दिया जाता है।हालांकि मामले में रेगुलेटर का कहना है कि यह तरीका गलत है, क्योंकि इससे कुछ कॉमर्शियल उपभोक्ता (जैसे होटल) खुद को घरेलू उपभोक्ता बताकर सस्ती गैस का फायदा उठा सकते हैं।




**चाहे उपभोक्ता कितना भी गैस इस्तेमाल करे रेट एक समान रहेगा**

इसके लिए असली घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा इस्तेमाल करने पर अनावश्यक रूप से ज्यादा बिल देना पड़ रहा है, जबकि कंपनियों को गैस एक ही रेट पर मिल रही है। पीएनजीआरबी ने कहा कि हर घरेलू उपभोक्ता को गैस एक ही रेट पर दी जाए, चाहे वह कितनी भी गैस क्यों न इस्तेमाल करे। साथ ही सीजीडी कंपनियां खपत के पैटर्न की जांच करें और जिन उपभोक्ताओं की खपत असामान्य रूप से ज्यादा है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। इससे गड़बड़ी व सब्सिडी के गलत इस्तेमाल को रोका जा सकेगा। जैसे पीएनजी में घरेलू और कमर्शियल गैस के रेट अलग हैं, वैसे ही एलपीजी सिलेंडर में भी ऐसा होता है। आम लोग 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर सब्सिडी पर खरीदते हैं। होटल व रेस्टोरेंट जैसे कॉमर्शियल स्थानों के लिए 19 किलो का बाजार रेट वाला सिलेंडर होता है। लेकिन अक्सर इनका गलत इस्तेमाल भी होता है।

# ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश में हैं झामुमो-कांग्रेस : आजसू

● ट्रिपल टेस्ट सर्वे में व्यापक गड़बड़ी का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी ने झारखंड में नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण देने के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया में व्यापक गड़बड़ी का आरोप लगाया है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर और संजय मेहता ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश रच रहे हैं। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि डोर टू डोर सर्वे नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से पहले राज्य सरकार इस टेस्ट की प्रक्रिया की पूरी जानकारी जनता को उपलब्ध कराए, क्योंकि इसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव दिख रहा है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है, जिसमें डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से पिछड़े वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का आकलन किया जाना है।

प्रभाकर ने कहा कि विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों से यह जानकारी सामने आ रही है कि धरातल पर सर्वे हुआ ही नहीं है और राज्य सरकार बंद कमरे में रिपोर्ट तैयार करवा रही है। ताकि, पिछड़ों का हक मारा जा सके।

युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि सरकार बताए कि ट्रिपल टेस्ट में संग्रह किए गए डाटा को सरकार कैसे सत्यापित करेगी। संस्थाओं का चयन किस आधार पर किया गया है और कैसे किया गया है। ट्रिपल टेस्ट का सैंपल कैसे संग्रह किया जा रहा है, कौन कर रहा है, यह बताया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के ट्रिपल टेस्ट में पारदर्शिता नहीं दिखती। पहले तो राज्य सरकार पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना ही नगर निकाय चुनाव करवाना चाहती थी, लेकिन जब आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सुप्रीम कोर्ट से आदेश लेकर आ गए तो ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया शुरू की गई।

मौके पर मीडिया संयोजक परवाज खान और युवा आजसू संयोजक बबलू महतो भी उपस्थित थे।

# राजधानी में कुछ अपराधियों ने दहशत फैलाने के इरादे से की फायरिंग

नवीन मेल संवाददाता


● पुलिस कर रही मामले की जांच

**रांची।** नशे में धूत युवकों ने शनिवार देर रात सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में पहले एक युवक की बेरहमी से पिटाई की गई, उसके बाद दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग भी की गई। मारपीट की घटना का वायरल वीडियो भी सामने आया है जिसमें तीन-चार राउंड फायरिंग करते युवक दिख रहा है। वहीं सभी युवक एक जैसा सफेद रंग का शर्ट पहने हुए है। यह घटना सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में पीड़ित युवक की पत्नी ने सुखदेव नगर थाने में आवेदन दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोली चलाने वालों के नाम अजय यादव उर्फ लालू यादव और संजय यादव बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले को लेकर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच से साथ कार्रवाई की जाएगी।

# बोल बम के नारों के बीच मंत्री इरफान कांवरियों संग पैदल निकले



● मंत्री ने कांवरियों के जत्थे को मिहिजाम से सुल्तानगंज के लिए किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सावन माह में कांवर यात्रा पर हजारों कांवरियों के जत्थे को मिहिजाम से सुल्तानगंज के लिए रवाना किया। सड़कों पर "बोल बम" के नारों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था के बीच जब मंत्री खुद कांवरियों के साथ पैदल रैली में शामिल हुए, तो जनसमूह ने उनका भव्य स्वागत किया। हजारों लोगों ने एक स्वर में कहा "ऐसा मंत्री आज तक नहीं देखा। यह हमारे अभिभावक हैं, हर धर्म में साथ खड़े रहने वाला ऐसा नेता पहली बार देखा है। मौके पर डॉ. अंसारी ने कहा कि मैं किसी एक मजहब का नहीं, झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता का सेवक हूं। धर्म से ऊपर उठकर, इंसानियत और सेवा मेरी असली पहचान है। बाबा से यही प्रार्थना है कि सबके जीवन में सुख, शांति और निरोगता बनी रहे। जनता ने भी कहा की चाहे सोहराय हो, सरहुल हो, रमजान हो या दुर्गा पूजा, ईद हो या सावन की कांवर यात्रा मंत्री हर पर्व में हमारे साथ खड़े रहते हैं। वो केवल मंत्री नहीं, हम सबके परिवार का हिस्सा हैं। मंत्री ने निःशुल्क दवाएं, प्राथमिक चिकित्सा दल जैसी सेवाएं देकर श्रद्धालुओं को हर स्तर पर सहयोग दिया।

## भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला तीखा हमला

# राज्य में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अफसर ही कर रहे : अजय साह

नवीन मेल संवाददाता


● कहा, लातेहार के एक स्कूल में सामने आए यौन अपराध मामले की लीपापोती को हो रहा प्रयास

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को लातेहार जिले के एक मिशनरी स्कूल में सामने आए बड़े स्तर पर यौन अपराध के मामले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। कहा है कि राज्य में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अफसर ही कर रहे है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारी, विशेष रूप से शिक्षा सचिव और जिला प्रशासन, पूरे प्रकरण को दबाने और लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं।

अजय साह ने स्पष्ट किया कि पॉक्सो एक्ट की धारा 19 और 21 के अनुसार, यदि किसी नाबालिग के साथ यौन अपराध की जानकारी किसी को भी होती है, तो उसे लिखित रूप में पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है। साथ ही, पुलिस को यह मामला 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी (चाइल्ड वेलफेयर कमेटी) और पॉक्सो कोर्ट में दर्ज करना होता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 'शंकर किसनराव खाडे बनाम महाराष्ट्र राज्य' मामले का हवाला देते हुए कहा कि यदि यौन हिंसा की जानकारी होने के बावजूद लिखित सूचना नहीं दी जाती है, तो संबंधित व्यक्ति पर पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत आपराधिक मामला बनता है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता साह ने प्रेसवार्ता के दौरान एक ऑडियो क्लिप सुनाते हुए कहा कि छात्राओं ने साफ तौर पर आरोप लगाए हैं कि स्कूल के एक फादर द्वारा पिछले दो वर्षों से यौन अपराध किया जा रहा है, वह भी एक से अधिक छात्राओं के साथ। इसके बावजूद अब तक पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज नहीं किया गया है, जो कानून की खुली अवहेलना है।

प्रदेश प्रवक्ता ने सरकार से पूछा कि पॉक्सो एक्ट की किस धारा के तहत शिक्षा सचिव या अन्य अफसर जांच और निर्णय का अधिकार रखते हैं? क्यों एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पॉक्सो कोर्ट में मामला दर्ज नहीं हुआ?

अजय साह ने मांग की कि इस गंभीर यौन हिंसा के मामले में तत्काल पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। इसके अलावा, झारखंड हाईकोर्ट की 'जुवेनाइल जस्टिस कम पॉक्सो कमिटी' की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच हो। उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी मामले को दबाने में संलिप्त पाए जाएं, उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 21 और अन्य आपराधिक धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

# 2 हजार श्रद्धालुओं के बीच हुआ अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण

## भजन- कीर्तन में भक्तगण खूब झूमे



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 219 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्य कुसुम पोद्दार उनके पुत्र दीपक पोद्दार पुत्री श्रद्धा अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से 101 किलो दूध का केसरिया खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भक्तगण भक्ति रस में डूब गए। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाडिया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सुनील पोद्दार, शिवभगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, अंजनी अग्रवाल, बिष्णु सोनी, उर्मिला पाडिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की राजद की सदस्यता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची जिला राजद के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में रविवार को पार्टी कार्यालय हरमू रोड में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। समाजसेवी संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर आस्था व्यक्त करते हुए और राजद की नीतियों और सिद्धांतों को समाज के निचले तबके तक पहुंचाने के संकल्प के साथ राजद की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने दल में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत पार्टी का पट्टा पहना कर तथा सदस्यता रसीद काट कर किया। राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता सदस्य ग्रहण करने वालों में संतोष कुमार यादव के अलावा मुख्य रूप से मिथुन चौधरी, अमीर राय, वीरेंद्र ठाकुर, तरुण प्रकाश, बैजनाथ मुंडा, हिमांशु कुमार, दीपक कुमार, रवि कुमार यादव, कामेश्वर सिंह, राम इकबाल चौधरी, रवि कुमार बावरी, शुभम करमाली, मुकेश मंडल, शशांक कुमार, अमित लोहार, रोमित लोहार, चंदू टोप्पो, शुभम कुमार के नाम शामिल हैं। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का संचालन महासचिव मुख्तार अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव कमलेश कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार अग्रवाल, कांके प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार, पालेंदु कुमार पाल, सलिल अंसारी, रामभजन सिंह सहित राजद के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बुजुर्ग ने अधेड़ से बलात्कार किया प्रयास दोनों ओर से थाने में मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र से अजीबों गरीब मामला सामने आया जिसमे एक बूढ़े बुजुर्ग पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने के आरोप में स्थानीय लोगों द्वारा पीटा गया, उसके बाद उसे थूक कर चाटने को मजबूर किया गया। रविवार को ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने मामले की जानकारी देते हुए कहा बुजुर्ग ने अपने ऊपर लगे आरोप और मारपीट के खिलाफ बेडो थाना में 5 लोगों पर मामला दर्ज करवाया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई और पांचों लोगों को न्यायालय में पेश किया गया। वहीं दूसरी तरफ बुजुर्ग के मामला दर्ज करवाने के बाद महिला ने भी अपने साथ दुष्कर्म की कोशिश किये जाने के आरोप में बुजुर्ग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। ग्रामीण एसपी ने कहा फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

## छाया अंधेरा


रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की कई स्ट्रीट लाइटें खराब

# पूरे रांची को जगमग करने वाला कुसई कॉलोनी के आसपास का इलाका अंधेरे में

मनोज मिश्रा


स्ट्रीट लाइट लगने के बाद से **कभी जला** ही नहीं और करोड़ों खत्म

**रांची।** स्ट्रीट लाइट में भ्रष्टाचार का मुद्दा हमेशा गरमाया रहता है, नगर निगम के लाख प्रयासों के बावजूद भी संवेदक पूरी जिम्मेवारी के साथ अपना काम नहीं करते हैं किसी भी प्रकार से काम खत्म कर निगम से अपना पैसा निकाल लेते हैं। स्ट्रीट लाइट सड़कों पर लगाए जाते हैं लेकिन वह लाइट कभी जलती ही नहीं है। इस प्रकार की अनेक शिकायतें आती है जिसका एक उदाहरण कुसई कॉलोनी के आसपास का क्षेत्र है। आईए जानते हैं क्या है मामला और किस तरह की समस्या स्ट्रीट लाइट में हो रही है।

कुसई कॉलोनी जहां बिजली विभाग का हेड क्वार्टर है यहां से पूरा रांची जगमग होता है, रोशन होता है। मगर यहां के ही कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जो रात में अंधेरे में डूबे होते हैं पूरे शहर में लाइट होती है लेकिन इस सड़क में अंधेरा कायम रहता है जिससे अपराधी घटनाएं होने की भी संभावनाएं रहती है और लोग असुरक्षित महसूस करते हैं।

डोरंडा विशप वेस्टकॉट स्कूल से कुसई घाघरा होते हुए नामकुम सदाबहार चौक तक विद्युत बोर्ड द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाए हुए लगभग एक साल होने वाला है, पर अभी तक स्ट्रीट लाइट का बल्व जल नही पाया है। इस रास्ते से अकसर वीआईपी लोग जाया करते है पर अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। स्ट्रीट लाइट लगाने के बाद जलने से पहले ही लाइट टूर कर गिर गई है। रात में अंधेरा होने के कारण अकसर दुर्घटना होती रहती है, इस क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इस पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो ऐसे और भी कई जगह भ्रष्टाचार बढ़ेगा क्योंकि संवेदक की सोच होगी की विद्युत आपूर्ति के हेड क्वार्टर के बगल में भ्रष्टाचार फैलाया जा सकता है तो दूसरे जगह कौन देखेगा और अगर चिराग तले अंधेरा होगा तो इसमें चिराग तले रहने वालों का क्या दोष है।

# बेड़ो के खत्री खटंगा मंदिर टोली में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** 'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है' के तहत जेनेरिक फैमिली फाउंडेशन रांची (सामाजिक संस्था) ने रविवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन बेड़ो के खत्री खटंगा मंदिर टोली में किया गया था। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ प्रो संदीप अग्रवाल (रिम्स सर्जरी विभाग) एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा उपस्थित थे। रांची की डॉ किरण राज, स्त्री रोग विशेषज्ञ (भूतपूर्व डॉक्टर सैनिक अस्पताल), डॉ प्रो संदीप अग्रवाल (रिम्स सर्जरी विभाग), डॉ सतीश कुमार जेनरल फिजिशियन एवं चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ सागर सरकार (नेत्र रोग विशेषज्ञ) और डॉ हयात (दंत रोग विशेषज्ञ) ने संयुक्त रूप से 390 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा दी। साथ ही, बदलते मौसम में खान-पान, रहन-सहन की जानकारी भी दी। मरीज बेड़ो, करंजी, महुगांव, मुरतो, खत्री, खटंगा गांव से आए थे। शिविर मे ज्यादा बी.पी., शुगर, चर्म रोग, नेत्र, श्वास रोग, बुखार, सिर व पेट दर्द आदि बीमारियों के मरीज का इलाज किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से फाउंडेशन के सचिव सतेंद्र कुमार, चेयरमैन कंपनी अफेयर उमेश कुमार सहित अभय मांझी, मनीष कुमार वर्मा, अजय कुमार, विनीत कुमार जैन, बासुदेव नारायण सिंह, महेंद्र सिंह एवं क्षेत्र के विमल नाग टंडन, सत्यम टंडन, विशाल टंडन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ भगवान वेंकटेश का कल्याणोत्सव

● श्रीपद्मावती और श्रीभूदेवी के साथ हुआ भगवान का विवाह

नवीन मेल संवाददाता

## भगवान श्रीनिवास का कर्ज लेकर विवाह करना भी भक्तों के लिए कल्याणकारी रहा



श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य ने कहा, जब-जब भगवान का जन्म होता है या भगवान का विवाह होता है, तब-तब सारे ग्रह अनुकूल स्थान पर बैठ जाते हैं। भगवान वेंकटेश ने पद्मावती देवी से विवाह किया, तो उनको कुबेर से कर्ज लेना पड़ा। वह कर्ज का ब्याज आज भी चुका रहे हैं। जो भक्त हुंडी में न्योछावर करते हैं, उनको सौ गुना कृपा प्रदान करते हैं और उसी से कुबेर के कर्ज का ब्याज चुकाते हैं। इस तरह भगवान श्रीनिवास का कर्ज लेकर विवाह करना भी भक्तों के लिए कल्याणकारी रहा।

**रांची।** भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान वेंकटेश का कल्याणोत्सव (शुभ विवाह) आकाश राजा की सुपुत्री माता श्रीपद्मावती और श्रीभूदेवी से रविवार को संपन्न हुआ। कोलकाता से आए कारीगरों ने जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब आदि फूलों से विवाह मंडप का भव्य श्रृंगार किया था। पूरे वातावरण में फूलों की सुगंध जैसे फैल रही है। प्रकृति भी भगवान के विवाह का दर्शन करने के लिए आतुर थे।

रविवार की सुबह 9:00 बजे वधू पक्ष के मुख्य यजमान प्रदीप एवं उमा नारसरिया और अभिषेक एवं प्रीति नारसरिया भगवान के विवाह का मुकलावा लेकर गाजा-बाजा के साथ विवाह स्थल श्रीभगवान दास सत्संग हॉल पहुंचे। मुकलावा लेकर आने वालों में नई दिल्ली से आए किशन एवं मीनू नारसरिया, स्नेहा नारसरिया, महावीर एवं निर्मला नारसरिया विशेष रूप से उपस्थित थीं।

वधू पक्ष का स्वागत वर पक्ष के मुख्य यजमान रामअवतार एवं शारदा नारसरिया और राहुल एवं अदिति नारसरिया ने गर्मजोशी के साथ किया। स्वागत करने वालों में श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य और गोविंद स्वामी विशेष रूप से उपस्थित थे। स्वागत करने वालों में नरेंद्र एवं सुनीता अग्रवाल, नीरज, नितिन, सौरभ अग्रवाल, चंबा (हिमाचल) से आई श्रेष्ठा महाजन, जम्मू से आई शशि गुप्ता, संतोष मुख्य रूप से उपस्थित थे। अनूप अग्रवाल और विनय धरनीधरका सहित वृंदावन से आए वेदपाठी विद्यार्थियों ने भी स्वागत किया। कोलकाता से आए श्री विनोद अग्रवाल भी सपत्निक उपस्थित थे। कांचीपुरम से आए वरदराज भगवान मंदिर के मुख्य अर्चक श्रीश्रीवत्स भट्टर और श्रीकन्नन भट्टर के ने वैवाहिक मंगलाचार किया। इसके बाद वर पक्ष की तरफ से वृंदावन से आए श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और गोविंद स्वामी द्वारा संकल्प दिया गया। वर पक्ष के मुख्य यजमान रामअवतार एवं शारदा नारसरिया और वधू पक्ष के मुख्य यजमान प्रदीप एवं उमा नारसरिया एवं अभिषेक एवं प्रीति नारसरिया का वैवाहिक संकल्प हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शास्त्रोक्त विधि से भगवान का विवाह संपन्न हुआ। नादेश्वर की मधुर धुन सभी वैवाहिक कार्यक्रमों का साक्षी बनी। सत्संग हॉल में उपस्थित सभी यजमानों को मंत्रों से अभिमंत्रित अक्षत एवं पुष्प वर्षा से कल्याणोत्सव का आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण प्रसाद जालान, रमेश धरनीधरका, अनीश अग्रवाल, उदय राठौर, श्रवण खंडेलवाल, रंजन सिंह आदि की भूमिका रही।

## पृष्ठ एक के शेष

**माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट के लिए...**

उतारने के लिए सोमवार (21 जुलाई 2025) को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार और दोनों संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। झारखंड लंबे समय से कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों की खदानों के लिए प्रसिद्ध रहा है। अब राज्य सरकार की योजना है कि इन खदानों की विरासत और खनन की प्रक्रिया को पर्यटन के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि राज्य में थीम आधारित और सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस माइनिंग टूरिज्म परियोजना के तहत पर्यटकों को कोयला खदानों, खनन से जुड़ी प्रक्रियाओं, उपकरणों और खनन से जुड़ी ऐतिहासिक विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव करने का मौका मिलेगा। इस दौरान पर्यटक खनन क्षेत्रों में जाकर वहां के भूगोल, खनन की तकनीकों और उसके ऐतिहासिक पहलुओं को भी देख और समझ सकेंगे। राज्य सरकार का मानना है कि माइनिंग टूरिज्म की यह पहल राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगी और राज्य के पर्यटन राजस्व में भी इजाफा होगा। इसके साथ ही लोग झारखंड की खनन संस्कृति और विरासत से सीधे जुड़ सकेंगे।

**मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें...**

इस दौरान उन्होंने कहा कि ढाई साल के अंदर दान पेटी से चोरी की यह दूसरी घटना है। पिछली चोरी का पुलिस अबतक खुलासा नहीं कर पाई है। उन्होंने पुलिस से अविलंब चोरी की घटना का उद्भेदन करने और मंदिर परिसर की सुरक्षा की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि अगर जल्द ही पुलिस चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं करती है तो वे जन आंदोलन चलाने को बाध्य होंगे।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले 'पांड्या बंधु'



**मुंबई (आईएएनएस)** । भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनके भाई क्रुणाल पांड्या ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुंबई स्थित राजभवन में मुलाकात की। महाराष्ट्र गवर्नर के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर इस मुलाकात की तस्वीरें शेयर की गई हैं। इन तस्वीरों में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पांड्या बंधुओं को गुलदस्ता भेंट करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने हार्दिक और क्रुणाल पांड्या को स्मृति चिन्ह भी दिया। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा गया, "भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुंबई स्थित राजभवन में मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

## सुलक्षण कुलकर्णी को ओमान पुरुष क्रिकेट टीम का डिप्टी हेड कोच नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। मुंबई के पूर्व विकेटकीपर सुलक्षण कुलकर्णी को ओमान की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का डिप्टी हेड कोच बनाया गया है। ओमान क्रिकेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हमें सुलक्षण कुलकर्णी का ओमान पुरुष राष्ट्रीय टीम के डिप्टी हेड कोच के रूप में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। कुलकर्णी के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय का काफी अनुभव है। जैसे कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है, कुलकर्णी की नियुक्ति हमारे कोचिंग ढांचे में गहराई और सक्षम नेतृत्व लाएगी। उनका काम टीम को 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद करना होगा। उनके कार्यकाल की शुरुआत 8 से 18 अक्टूबर तक ओमान में होने वाले टी20 विश्व कप क्वालिफायर से होगी।



## इंग्लैंड दौरे के बीच भारतीय टीम में शामिल हुए अंशुल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के मौजूदा दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए, जिसके बाद अंशुल को टीम के साथ जोड़ने का फैसला लिया गया। 'स्टार स्पोर्ट्स' ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भारत-ए के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। 24 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 79 विकेट अपने नाम किए हैं। वह पिछले महीने भारत-ए टीम का हिस्सा थे। इस दौरान दो तीन दिवसीय मैच खेले गए। अंशुल ने दोनों मैचों में कुल पांच विकेट अपने नाम किए। वहीं, लिस्ट-ए के 25 मुकाबलों में अंशुल 40 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 30 टी20 मुकाबले भी खेले, जिसमें 34 विकेट चटकाए।



# मुरली श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मी. की सर्वश्रेष्ठ छलांग

### मुरली श्रीशंकर को पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में पहला स्थान



**माइया (पुर्तगाल)(आईएएनएस)**

भारत के लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने मीटिंग माया सिदादे दो देसपोर्टो 2025 में देश का नाम रोशन किया है। यह एक वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर का ब्रॉन्ज-लेवल मुकाबला था, जिसमें श्रीशंकर ने 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया। श्रीशंकर ने प्रतियोगिता की शुरुआत 7.63 मीटर की छलांग से की। इसके बाद उन्होंने दूसरे राउंड में 7.75 मीटर की छलांग लगाई, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 7.69 मीटर की छलांग लगाई, और चौथा प्रयास फाउल रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 6.12 मीटर और आखिरी राउंड में 7.58 मीटर की छलांग लगाई।

पोलैंड के पिओत्र टारकोव्स्की दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के क्रिस मिटरव्स्की ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट के चलते लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की है। मुरली श्रीशंकर को अप्रैल 2024 में घुटने में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा नहीं ले सके। उन्होंने 8.37 मीटर की छलांग के साथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2023 में रजत पदक जीतते हुए ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था।

2023 का सीजन श्रीशंकर के लिए मिला-जुला रहा। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप के अलावा एशियन गेम्स, दोनों में रजत पदक जीते। इसके साथ ही उन्होंने बुडापेस्ट वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया और यूजीन में डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया। चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर ने 12 जुलाई 2025 को पुणे में आयोजित इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट में जबरदस्त वापसी करते हुए लॉन्ग जंप प्रतियोगिता जीती। यह मुकाबला सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ, जहां उन्होंने अपने चौथे प्रयास में 8.05 मीटर की छलांग लगाई।

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

**रजत पदकों से सजी अंतरराष्ट्रीय यात्रा**

- मुरली श्रीशंकर ने एशियन चैंपियनशिप और एशियन गेम्स 2023 में रजत पदक हासिल किया।
- उन्होंने बुडापेस्ट वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप और यूजीन डायमंड लीग फाइनल्स में भी भाग लिया।

**चोट के बाद जबरदस्त वापसी**

- 12 जुलाई 2025 को पुणे में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट में वापसी की।
- 8.05 मीटर की छलांग के साथ लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया।

## लॉर्ड्स में इंग्लैंड विमेंस ने भारत को हराया, वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

### चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा निर्णायक मुकाबला

**लंदन। एजेंसी**

लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड विमेंस टीम ने भारत को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। बारिश की वजह से मैच देर से शुरू हुआ और दोनों टीमों के लिए ओवर घटाकर 29-29 कर दिए ग ए। भारत ने निर्धारित 29 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 143 रन बनाए। वहीं, बारिश की वजह से इंग्लैंड को 24 ओवर में 115 रन का टारगेट दिया गया। इंग्लैंड ने 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना कर टारगेट को हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। भारत का पहला विकेट 6 रन पर ही आउट हो गई। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर एम अर्लॉट ने प्रतीका रावल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 10 गेंदों का सामना कर 3 रन बनाए। उसके बाद स्मृति मंधाना और हरलीन देओल ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को 10वें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन ने तोड़ा। उन्होंने 46 के स्कोर पर देओल को अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर आउट किया। देओल ने 24 गेंदों का सामना कर 16 रन बनाए। इसके बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। हालांकि मंधाना एक छोर पर डटी रही लेकिन दूसरे छोर से एक्लेस्टोन ने हरलीन के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत (7) को भी चलता किया। जेमिमा रोड्रिग्स (3) और रिचा घोष (2) भी जल्दी पवेलियन लौट गयी। जिससे भारतीय टीम का स्कोर एक विकेट पर 46 रन से पांच विकेट पर 72 रन हो गया।



### डब्ल्यूसीएल 2025

## इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच मुकाबला रद्द

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का बहुप्रतीक्षित मुकाबला रद्द हो गया है। यह मैच रविवार को भारतीय समय के अनुसार रात 9 बजे से एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना था, लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने इस मुकाबले में खेलने से साफ इनकार कर दिया। डब्ल्यूसीएल ने इस मुकाबले को लेकर एक बयान जारी करते हुए लिखा, "हम डब्ल्यूसीएल में हमेशा क्रिकेट से प्रेम करते आए हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य खेल प्रेमियों को खुशनुमा और यादगार पल देना रहा है। जब हमें यह पता चला कि इस साल पाकिस्तान की हॉकी टीम भारत आ रही है, और हाल ही में भारत-पाकिस्तान की वॉलीबॉल प्रतियोगिता सहित अन्य खेलों में भी दोनों देशों के बीच मुकाबले हो रहे हैं, तो हमने सोचा कि डब्ल्यूसीएल में भारत और पाकिस्तान का मैच आयोजित करते हुए एक सकारात्मक याद लोगों को दी जा सके, लेकिन हो सकता है कि इसी प्रक्रिया में हम अनजाने में कई लोगों की भावनाएं आहत कर बैठे। बयान में आगे कहा गया, "हमने अनजाने में भारत के उन महान क्रिकेटर्स को असहज कर दिया, जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। इसीलिए, हमने फैसला लिया है कि भारत और पाकिस्तान के मैच को रद्द किया जाए। क्षमा चाहते हैं कि हमारी किसी भी पहल से किसी की भावनाएं आहत हुईं।

## आईसीसी डेवलपमेंट अवॉर्ड 2024 के विजेताओं का ऐलान



**दुबई (आईएएनएस)**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सात श्रेणियों में 2024 आईसीसी डेवलपमेंट्स अवॉर्ड्स के वैश्विक विजेताओं की घोषणा की है। 2002 में शुरू किए गए 'डेवलपमेंट अवॉर्ड्स' का मकसद क्रिकेट के एसोसिएट सदस्यों की नई सोच और कोशिशों को सम्मान देना है। आईसीसी क्रिकेट को दुनियाभर में आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। 2024 के अवॉर्ड्स में कुल सात श्रेणियां हैं। इस बार 'आईसीसी एक्स फेस्टिवल ऑफ द ईयर अवॉर्ड' नामक नई कैटेगरी जोड़ी गई है। भूटान, इंडोनेशिया, नामीबिया, नेपाल, स्कॉटलैंड, तंजानिया, अमेरिका और वानुअतु, सम्मान पाने वाले आठ सदस्य देश हैं।

## टी20 सीरीज : शानदार फॉर्म में बांग्लादेश, पाकिस्तान को रहना होगा सावधान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रविवार से टी20 सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पहला मुकाबला ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच इस टी20 सीरीज के तीनों मुकाबले 20, 22 और 24 जुलाई को ढाका में ही खेले जाने हैं। पाकिस्तान की कमान सलमान आगा के हाथों में है, जबकि लिट्टन दास बांग्लादेश की कप्तानी कर रहे हैं। बांग्लादेश की टीम हाल ही में श्रीलंका का दौरा समाप्त करके स्वदेश आई है, जहां उसने टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की। लिट्टन दास बांग्लादेश के ऐसे पहले कप्तान बन चुके हैं, जिन्होंने विदेशी धरती पर दो बार टी20 सीरीज जीती है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश के टी20 इतिहास को देखें, तो पाकिस्तान का पलड़ा काफी भारी रहा है। दोनों देशों के बीच साल 2007 से अब तक 22 टी20 मैच खेले गए, जिसमें 19 मुकाबले पाकिस्तान ने जीते हैं।

## चंदू बोर्डे : दमदार बल्लेबाज फिरकीबाज, 'रियल लाइफ हीरो' भी साबित हुए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। चंदू बोर्डे 1950 से 1960 के दशक में भारत के दिग्गज क्रिकेटर्स में शुमार रहे। एक बेहतरीन मध्यक्रम का बल्लेबाज, जो लेग स्पिन गेंदबाजी में महारत रखता था। वह एक शानदार फील्डर भी रहे। 21 जुलाई 1934 को पूना में जन्मे चंदू बोर्डे ने साल 1952 में महाराष्ट्र के लिए बॉम्बे के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। इस मुकाबले में उन्होंने अर्धशतक जड़कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अगले सीजन चंदू बोर्डे ने पांच विकेट लेते हुए एक गेंदबाज के तौर पर अपनी छाप छोड़ी। बोर्डे इसके बाद बड़ौदा की ओर से भी खेले। शानदार प्रदर्शन के चलते नवंबर 1958 में चंदू बोर्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला, लेकिन सीरीज के दो मुकाबलों में फ्लॉप रहने के बाद उन्हें तीसरे मैच से ड्रॉप कर दिया गया। हालांकि, चंदू बोर्डे को चौथा टेस्ट खेलने का मौका मिला।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में करीब 76,000 स्टार्टअप्स का नेतृत्व कर रही महिलाएं : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में आज लगभग 76,000 स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाओं की ओर से किया जा रहा है। इसमें से बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 औ टियर 3 शहरों से है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने की राह सशक्त महिलाओं और युवाओं के नेतृत्व में तय होगी। राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने अपने शासन ढांचे को चार स्तंभों पर केंद्रित किया है, जिसमें गरीब, किसान, युवा और महिला शामिल हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, "महिला-केंद्रित शासन ने न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाया है, बल्कि समाज को भी नया रूप दिया है। लक्षित कल्याण के रूप में शुरू हुआ यह कार्य अब संस्थागत नेतृत्व में विकसित हो गया है।

केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं के लिए सुलभ शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'जीविका ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप' लॉन्च किया और "सशक्त महिला, समृद्ध बिहार" नामक प्रकाशन का अनावरण किया, जो बिहार की प्रगति में महिलाओं के योगदान के बारे में जानकारी देता है। डॉ. सिंह ने महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री मोदी सरकार के व्यापक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की, जो चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। पहले चरण में "संस्थानों में पहुंच और समावेशन" ने भारत के शैक्षिक और सैन्य परिदृश्य में महिलाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया है। दूसरे चरण, "वैज्ञानिक और तकनीकी सशक्तिकरण" ने डब्ल्यूआईएसई, जीएटीआई, सीयूआरआईई और महिला वैज्ञानिक कार्यक्रम जैसी लक्षित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाया है। तीसरे चरण, "आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण" ने वित्तीय संसाधनों तक महिलाओं की पहुंच में व्यापक वृद्धि देखी है। महिलाओं के लिए 48 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं, जबकि मुद्रा योजना के 60 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिला उद्यमी हैं।



**महिला-केंद्रित शासन ने न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाया है, बल्कि समाज को भी नया रूप दिया है**

## तिमाही नतीजे, पीएमआई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा शेयर बाजार का रुझान

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, पीएमआई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के साथ अमेरिका और भारत ट्रेड डील पर नई अपडेट से बाजार की दिशा तय होगी। 21-25 जुलाई के कारोबारी हफ्ते में देश की दिग्गज कंपनियां जैसे डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया और सिप्ला जैसी कंपनियां वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी करेंगी, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफएसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजों पर बाजार प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा, अगले हफ्ते भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर आउटपुट और मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज के पीएमआई आंकड़े जारी किए जाएंगे। यह आंकड़े समग्र अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश करते हैं। वैश्विक स्तर पर भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर नई अपडेट, कच्चे तेल की कीमतें, वैश्विक स्तर पर महंगाई और ब्याज दरों के लेकर आने वाले अपडेट का असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। पिछले हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया है और सेंसेक्स 742 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,757 और निफ्टी 181 अंक या 0.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,968 पर बंद हुआ।




## भारत का चाय निर्यात बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 2.58 लाख टन रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । भारत का चाय निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,57,880 टन हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 के 2,50,730 टन के मुकाबले 2.85 प्रतिशत अधिक है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया कि निर्यात बढ़ने की वजह अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग और देश के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों से निर्बाध आपूर्ति होना है। आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर भारत से होने वाले चाय के निर्यात में वित्त वर्ष 2024-25 में 8.15 प्रतिशत का उछाल देखा गया है, जो कि बढ़कर 1,61,200 टन हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में यह 1,49,050 टन था। हालांकि, दक्षिण भारत से चाय का निर्यात सालाना आधार पर 4.92 प्रतिशत कम होकर 96,680 टन हो गया है, जो कि पहले 1,01,680 टन था। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात होने वाली चाय की प्रति किलोग्राम कीमत 290.97 रुपए रही है, जो कि पिछले साल की कीमत 258.30 रुपए से 12.65 प्रतिशत अधिक है। चाय निर्यात की वृद्धि को गति देने में कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों ने अहम भूमिका निभाई।



## भारत का ऑटोमोबाइल निर्यात अप्रैल-जून तिमाही में 22% बढ़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के ऑटोमोबाइल निर्यात में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह मजबूत वृद्धि यात्री वाहनों की रिकॉर्ड शिपमेंट के साथ-साथ दोपहिया, वाणिज्यिक वाहनों और तिपहिया वाहनों के मजबूत प्रदर्शन के कारण संभव हुई है। कुल मिलाकर भारत ने पहली तिमाही में सभी श्रेणियों में 14,57,461 वाहनों का निर्यात किया।

## भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते जुटाए 97.45 मिलियन डॉलर

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय स्टार्टअप्स इस हफ्ते 26 डील्स के जरिए 97.45 मिलियन डॉलर का फंड जुटाने में सफल रहे हैं। इसकी वजह देश के स्टार्टअप्स इकोसिस्टम का मजबूत रहना है। इस हफ्ते चार ने ग्रोथ स्टेज में और 16 ने अर्ली-स्टेज में फंड जुटाया है। वहीं, 6 स्टार्टअप्स की ओर से जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया गया है। इस हफ्ते कुल फंडिंग पिछले हफ्ते की तुलना में मामूली रूप से बढ़ी, जिसमें 17 स्टार्टअप्स ने लगभग 95 मिलियन डॉलर जुटाए थे। हालांकि, इस हफ्ते फंडिंग डील्स की संख्या अधिक रही, जो व्यापक निवेशक भागीदारी का संकेत देती है। डील्स की संख्या के मामले में बेंगलुरु शीर्ष शहर के रूप में उभरा, जहां 11 स्टार्टअप्स को फंडिंग मिली। इसके बाद मुंबई में छह डील्स हुई, जबकि दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और पुणे ने भी फंडिंग गतिविधि में योगदान दिया। इस हफ्ते छह डील्स के साथ एआई सबसे आकर्षक सेक्टर रहा, इसके बाद ई-कॉमर्स और हेल्थटेक में क्रमशः चार और तीन डील्स दर्ज की गई। डीपटेक, फिनटेक और कंज्यूमर टेक जैसे अन्य सेक्टरों में भी निवेशकों की रुचि देखी गई। सीड-स्टेज फंडिंग ने इस हफ्ते आठ सौदों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, प्री-सीरीज ए के छह और प्री-सीड के चार राउंड हुए। सीरीज ए और सीरीज बी डील्स ने स्टार्टअप्स को उनके अगले विकास चरण में आगे बढ़ने में मदद करना जारी रखा है।




## सोना इस हफ्ते 700 से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.12 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 700 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 5,100 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 98,243 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 97,511 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 732 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 89,991 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 89,320 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 73,133 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 73,682 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

